वर्ष- 11 अंक-243
लखनऊ, मंगलवार 23 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# समृद्धि न्यूज़
समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

बीजेपी की सरकार में जन आकांक्षा के अनुरुप हुए विकास कार्य : सीएम योगी 03

कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की और मोदी ने चलाई विकास की सरकार 12

### पीएम नरेन्द्र मोदी ने अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए विपक्षियों पर साधा निशाना

# कांग्रेस की नजर जनता की कमाई पर

### देश को गरीबी, भ्रष्टाचार, परिवारवादी राजनीति से मुक्त कराने का समय आया

समृद्धि न्यूज

**अलीगढ़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अलीगढ़ के नुमाइश मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। मोदी ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के खतरनाक इरादों से लोगों को आगाह कर रहा हूं। कांग्रेस की नजर आपकी कमाई पर है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि उनकी सरकार आई तो वह सबकी सम्पत्ति की जांच कराएंगे। वह आपकी सम्पत्ति लेकर लोगों में बांट देंगे। यह मैं नहीं कह रहा हूं, यह कांग्रेस का घोषणा पत्र कह रहा है। सरकार के नाम पर कांग्रेस आपकी सम्पत्ति छीन लेगी। यह माओवादी सोच है। यह कम्युनिस्टों की सोच है। आपकी मेहनत की कमाई पर कांग्रेस अपना पंजा मारनी चाहती है। माताओं, बहनों का मंगलसूत्र अब सलामत नहीं रहेगा, यह कांग्रेस कहती है। इन परिवारवादी लोगों ने देश के लोगों को लूटकर अपना बड़ा साम्राज्य बना लिया है। किसी गरीब को उसमें से कुछ नहीं दिया है। उल्टे वे गरीबों से छीनना चाहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने राहुल गांधी और अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली बार जब मैं अलीगढ़ आया था, तब मैंने आप सबसे अनुरोध किया था कि सपा और कांग्रेस के परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की फैक्टरी में ताला लगा दीजिए। आपने ऐसा ताला लगाया कि दोनों शहजादों को इसकी चाबी नहीं मिल रही है। अच्छे भारत और विकसित भारत की चाबी भी आपके पास ही है। अब देश को गरीबी, भ्रष्टचार, परिवारवादी राजनीति से पूरी तरह से मुक्त कराने का समय आ गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले बार्डर पर आए दिन गोले दगते थे। आतंकी बम फोड़ते थे। अयोध्या और काशी को नहीं छोड़े। हर बड़े शहर में बम धमाका। अब उस सीरियल बम धमाके पर ब्रेक लग गया है। अब मोदी-योगी का कमाल है कि यह सब बंद हो गया है। पहले अलीगढ़ में भी आए दिन कर्फ्यू लगता था। अब ऐसा नहीं है।

मोदी ने कहा कि दंगे, हत्या, गैंगवार, फिरौती सपा की पहचान थी। इसी से उनकी राजनीति चलती थी। एक समय था कि बेटियां बाहर निकल नहीं सकती थीं। आज योगी सरकार में कोई गुंडा सिर नहीं उठा सकता है।

पहले हज कोटा कम होता था। उसमें भी घूसखोरी चलती थी। ज्यादातर पैसे वाले लोग ही जा पाते थे। हमारी सरकार ने हज का कोटा ही नहीं बढ़ाया बल्कि प्रक्रिया को आसान भी बनाया। पहले अकेली महिलाएं हज करने नहीं जा सकती थीं। हमने उसे भी दुरुस्त किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अलीगढ़ के लाखों लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज की सुविधा मिल रही है। मोदी ने गारंटी दी है कि आपके परिवार के 70 साल से अधिक उम्र के लोगों की चिंता यह बेटा (मोदी) करेगा।

### पहले चरण की यूपी की सभी आठ सीटों पर खिलेगा कमल

अलीगढ़। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल के बाद जनता जनार्दन का जिस प्रकार आशीर्वाद मिल रहा है उससे स्पष्ट है कि पहले चरण की यूपी की सभी आठ सीटों पर भाजपा का कमल खिलने जा रहा है। विपक्ष का खाता नहीं खुलेगा। हम सबके लिए प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर 2024 का लोकसभा चुनाव है। प्रधानमंत्री मोदी ने अलीगढ़ के लिए सबकुछ किया। राजा महेन्द्र प्रताप के नाम पर विश्वविद्यालय दिया है। कॉरिडोर दिया है। पांच सौ सालों के बाद आप सब ने अयोध्या में भगवान राम का सूर्य तिलक होते देखा है। अलीगढ़ की जनता तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प के साथ मतदान करेगी। यह पूरा क्षेत्र ब्रज भूमि का भाग है। वहीं सीएम योगी ने किरावाली में जनसभा के दौरान कहा कि दुनिया यहां के रज-रज में कृष्ण कन्हैया का दर्शन करती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, फतेहपुर सीकरी के सांसद,प्रत्याशी राजकुमार चाहर को फिर से सदन भेजने की अपील की। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि घर-घर जाइए, मतदान का प्रतिशत बढ़ाइए।

### प्रचार में विपक्ष को डरा दिखाकर वोट पाना चाहती है भाजपा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा है। उन्होंने लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रचार के दौरान विपक्ष की जीत से डराने और समुदाय विशेष को टारगेट करने पर भाजपा को आड़े हाथों लिया है। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि भाजपा के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग चुनावी रैली में अनर्गल बातें कहकर कांग्रेस के लिए जो झूठ फैला रहे हैं, उससे भाजपा का अपना झूठ बाहर आ रहा है। एक तरफ वो दावा कर रहे हैं कि 400 सीट पाकर जीतने वाले हैं, दूसरी तरफ वो विपक्ष के जीतने पर क्या होगा कहकर जनता को डरा कर चुनाव में कुछ वोट पाना चाहते हैं। सच तो ये है कि वो अपने मन की बात किसी और के ऊपर डालकर कह रहे हैं। सपा अध्यक्ष ने आगे कहा कि जिन लोगों ने मेहनत से कमाये हुए गरीबों और महिलाओं के बचाए हुए दो पैसे नोटबंदी से निकाल लिये थे वो आज गहनों की बात कर रहे हैं। सच तो ये है कि जिनके पास एक-दो गहने हैं भी, वो मध्यवर्ग भी भाजपा के खिलाफ वोट डाल रहा है। क्योंकि बेरोज़गारी और महंगाई से मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग के लोग भी वैसे ही प्रभावित है।

# एनआईए ने कश्मीर में नौ स्थानों पर की छापेमारी

एजेंसी

### छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण जब्त

**जम्मू।** पाकिस्तान समर्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी शाखा से जुड़े जम्मू-कश्मीर आतंकी साजिश मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को पूरे कश्मीर में नौ स्थानों पर छापेमारी की। नवगठित शाखाओं और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों के सहयोगियों से जुड़े हाइब्रिड आतंकवादियों और ओवर ग्राउंड वर्कर्स के परिसरों पर की गई छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक डेटा और दस्तावेजों वाले कई डिजिटल उपकरण जब्त किए गए। जैसे कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, हिज्ब-उल-मुजाहिदीन, अल-बद्र, अल-कायदा इन संगठनों के समर्थकों और कैडरों के परिसरों की भी बड़े पैमाने पर तलाशी ली गई।

एनआईए की टीमों ने 21 जून 2022 को आतंकवाद विरोधी एजेंसी द्वारा संज्ञान से दर्ज किए गए मामले में अपनी जांच के हिस्से के रूप में आज सुबह इन संपत्तियों पर कार्रवाई की और विस्तृत तलाशी ली। यह एक आतंकी साजिश से संबंधित है, जिसमें प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों और उनकी नई गठित शाखाओं द्वारा चिपचिपे बम, आईईडी और छोटे हथियारों आदि का उपयोग करके जम्मू-कश्मीर में हिंसा फैलाने की योजना शामिल है। पाकिस्तान स्थित आकाओं और उनके द्वारा समर्थित ये संगठन स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर और जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को संगठित करके जम्मू-कश्मीर में शांति और सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने के उद्देश्य से आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए भौतिक और साइबर क्षेत्र दोनों में साजिश रच रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर सुनवाई आज

**रांची।** बड़गाई अंचल की 8.86 एकड़ जमीन घोटाले के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमानत अर्जी पर मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत में सुनवाई होगी। पिछली सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल करने के लिए समय की मांग की गई थी। हेमंत सोरेन ने जमानत की गुहार लगाते हुए 15 अप्रैल को अधिवक्ता के माध्यम से याचिका दाखिल की है। इसी अर्जी पर मंगलवार को सुनवाई होगी। हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद जमानत की गुहार लगाई है। वह बड़गाई अंचल जमीन घोटाले के आरोप में 31 जनवरी से जेल में बंद है।

### केजरीवाल को झटका, डॉक्टर से परामर्श की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चिकित्सकीय जांच करने के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को मेडिकल बोर्ड गठित करने का निर्देश दिया। बोर्ड यह तय करेगा कि केजरीवाल के रक्त में शर्करा की मात्रा को नियंत्रित करने के लिए इंसुलिन की जरूरत है या नहीं। साथ ही बोर्ड उनके स्वास्थ्य संबंधी अन्य पहलुओं पर भी गौर करेगा। सीबीआई और ईडी मामलों की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा की अदालत ने केजरीवाल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस की मदद से अपने चिकित्सक से परामर्श लेने के लिए दाखिल अर्जी को खारिज करते हुए यह आदेश सुनाया।

### श्रमिक एक्सप्रेस में ब्लास्ट आरपीएफ जवान की मौत

**पटना/मुजफ्फरपुर (बिहार)।** राज्य के मुजफ्फरपुर रेलवे स्टेशन पर सोमवार सुबह वलसाड से पहुंची श्रमिक एक्सप्रेस की बोगी में आग लगने के दौरान ब्लास्ट होने से आरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। रेलवे पुलिस के मुताबिक प्लेटफार्म संख्या पांच पर यात्रियों के उतरने के कुछ देर बाद एसी बोगी में आग लग गई और बोगी से धुंआ निकालने लगा। आग बुझाने के लिए आरपीएफ का एक जवान बोगी में चढ़ गया और आग बुझाने लगा। आग बुझाने के दौरान अग्निशमन यंत्र ब्लास्ट कर गया, जिससे जवान को गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से जख्मी जवान को अस्पताल पहुंचाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रतन टाटा कीस मानवतावादी सम्मान से किए गए सम्मानित

**नई दिल्ली।** विश्व प्रसिद्ध भारतीय उद्योगपति और टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को सोमवार को प्रतिष्ठित केआईआईएस (कीस) मानवतावादी सम्मान- 2021 से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह में कीट-कीस-कीम्स के संस्थापक एवं कंधमाल से लोकसभा सांसद प्रो. अच्युत सामंत ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। रतन टाटा को यह सम्मान उनके सामाजिक विकास और कॉर्पोरेट नेतृत्व के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया।

# पांचवे चरण के मतदान के लिए अफसरों ने खींचा नामांकन प्रक्रिया का खाका

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में आने वाली लखनऊ लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरु हो जायेगी। चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सम्भाल रहे लखनऊ के अधिकारियों ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंचकर नामांकन प्रक्रिया के लिए खाका खींचा।

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 26 अप्रैल से तीन मई तक नामांकन प्रक्रिया चलने वाली है। इस दौरान लखनऊ लोकसभा सीट पर भी नामांकन होंगे। लखनऊ के जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार और संयुक्त पुलिस कमिश्नर उपेन्द्र अग्रवाल ने नामांकन प्रक्रिया में लगाये गये कमियों व अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट में आवश्यक इंतजामों को देखा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नामांकन के लिए तय किये गये कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक में बैठने की व्यवस्था के अलावा बाहर से आने उम्मीदवार के साथ आवश्यक कागजों की जांच करने, पहचान पत्र को आवश्यक रुप से लाने, कागजों की जांच के लिए लगाये गये कर्मियों के समय से नामांकन स्थल पहुंचने जैसी आवश्यक निर्देश दिये।

### मथुरा एक्सप्रेस-वे पर हुए हादसे में बस चालक की मौत, 15 यात्री घायल

**मथुरा।** सुरीर थाना क्षेत्रांतर्गत यमुना एक्सप्रेस-वे के माइलस्टोन 85 के पास सोमवार को नोएडा जा रही रोडवेज बस अनियंत्रित होकर वाहन से टकरा गई। हादसे में बस चालक की मौत हो गई और 15 यात्री घायल हो गये। पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। पुलिस ने दावा किया है कि चालक को नींद का झोंका आने के कारण यह हादसा हुआ है। बुलंदशहर डिपो की रोडवेज बस सवारियां लेकर नोएडा जा रही थी। सोमवार तड़के यमुना एक्सप्रेस-वे पर सुरीर थाना क्षेत्र के माइलस्टोन 85 के पास चालक को नींद की झपकी आयी। इस दौरान बस अनियंत्रित होकर आगे चल रहे एक वाहन से टकरा गई। हादसे में बस चालक की मौत हो गई।

# कन्नौज लोकसभा सीट से तेज प्रताप सिंह यादव मैदान में

### पार्टी ने बलिया सीट से सनातन पांडे को भी मैदान में उतारा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी ने कन्नौज लोकसभा सीट के लिए अपने उम्मीदवार चयन को लेकर चल रही अटकलों पर स्पष्टता ला दी है। उम्मीदवारों की हालिया घोषणा में, पार्टी ने सोमवार को तेज प्रताप सिंह यादव को कन्नौज लोकसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार नामित किया।

गौरतलब है कि यह घोषणा अखिलेश यादव के कन्नौज सीट से चुनाव लड़ने की बढ़ती अटकलों पर पूर्ण विराम लगाने के बाद हुई है। 2015 में तेज प्रताप ने लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे छोटी बेटी राज लक्ष्मी यादव से शादी की थी। इसके अलावा तेज प्रताप यादव की उम्मीदवारी की घोषणा के साथ ही पार्टी ने बलिया सीट से सनातन पांडे को भी मैदान में उतार दिया है। कन्नौज उत्तर प्रदेश के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। राज्य में 80 संसदीय सीटें हैं। कन्नौज सीट में छिबरामऊ, तिर्वा, कन्नौज, बिधूना और रसूलाबाद समेत पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। यह निर्वाचन क्षेत्र एक सामान्य सीट है और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित नहीं है। भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी इस निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य दल हैं। इस सीट को सपा का गढ़ माना जाता है। हालांकि, 2019 में यहां से भाजपा जीतने में कामयाब रही थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार सुब्रत पाठक ने पहली बार 12,353 वोटों के अंतर से कन्नौज सीट पर जीत हासिल की। उन्हें 49.35 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 5,63,087 वोट मिले। उन्होंने अखिलेश यादव की पत्नी और सपा उम्मीदवार डिंपल यादव को हराया, जिन्हें 5,50,734 वोट (48.27 प्रतिशत) मिले थे। कुल वैध मतों की संख्या 11,40,496 थी। 2014 के लोकसभा चुनाव में सपा उम्मीदवार डिंपल यादव ने उपचुनाव सहित लगातार दूसरी बार कन्नौज सीट जीती।

### बीजेपी का रोकने के लिए चुना क्षत्रिय समाज का प्रत्याशी

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि हमने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जीतने से रोकने के लिए गौतमबुद्ध नगर में गुर्जर समाज की जगह क्षत्रिय समाज का उम्मीदवार चुना क्योंकि यहां क्षत्रिय समाज की काफी तादाद है। बुलंदशहर जिले के सिकंदराबाद में गौतमबुद्ध नगर संसदीय क्षेत्र से पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए मायावती ने गुर्जर समाज की जगह क्षत्रिय समाज से राजेन्द्र सिंह सोलंकी को उम्मीदवार बनाने पर सफाई दी। बसपा ने 2019 लोकसभा चुनाव में गौतम बुद्ध नगर से गुर्जर समाज के सतवीर नागर को टिकट दिया था। बसपा प्रमुख ने कहा, हमने पिछले कई लोकसभा चुनाव में यहां से गुर्जर समाज को टिकट दिया जबकि दूसरी पार्टी ने भी गुर्जर उम्मीदवारों को मैदान में उतारा, जिस कारण वोट बंटता रहा और भाजपा ने फायदा उठाया।

# वेंकैया नायडू, डा. पद्मा व बिंदेश्वर पाठक समेत कई हस्तियां पद्म पुरस्कारों से हुईं सम्मानित

### राष्ट्रपति ने 2024 के लिए तीन पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण व 55 पद्म श्री पुरस्कार दिए

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-वन में वर्ष 2024 के लिए 3 पद्म विभूषण, 7 पद्म भूषण और 55 पद्म श्री पुरस्कार प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन के दरबार हाल में आयोजित एक विशेष समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू ने पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू और भरतनाट्यम नृत्यांगना डॉ. पद्मा सुब्रमण्यम को पद्म विभूषण प्रदान किया।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. बिंदेश्वर पाठक को मरणोपरांत पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। पाठक की पत्नी अमोला ने राष्ट्रपति से यह पुरस्कार ग्रहण किया। राष्ट्रपति ने फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती, पॉप गायिका उषा उत्थुप, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक, डॉ. सीताराम जिन्दल, हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो. तेजस मधुसूदन पटेल, दत्तात्रेय अंबादास मायालू और डॉ. चन्द्रेश्वर प्रसाद ठाकुर को पद्म भूषण प्रदान किया।

राष्ट्रपति ने इसके अलावा टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और असम के ओजपली लोक नर्तक द्रोण भुइयां सहित अन्य को पद्मश्री प्रदान किया। इस मौके पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, अमित शाह सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

### कार से बरामद हुए आठ लाख 94 हजार रुपए

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को कैन्ट थाना पुलिस एवं एफएसटी की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान एक कार से लगभग आठ लाख 94 हजार रुपये बरामद किया है। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि उन्नाव जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र में स्थित 67 हजीरा मोहल्ला निवासी सैयद सैफ अली सोमवार को वाहन चेकिंग के दौरान थार कार से एक पॉलीथिन में रखे आठ लाख 94 हजार रुपये नकद बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान सैयद सैफ अली ने बताया कि उनका खुद का कारोबार है। यह पैसा उन्नाव से आ रहा था। लेकिन बरामद हुए नगदी सम्बंधी कोई दस्तावेज नहीं उपलब्ध करा सके।

# स्टाफ नर्स पत्नी की मौत के सदमे में शिक्षक पति ने भी लगाई फांसी

समृद्धि न्यूज

**हरदोई।** पचकोहरा चौराहे पर हुए हादसे में स्टाफ नर्स की मौत होने का सदमा बर्दाश्त न कर पाने वाले उसके शिक्षक पति ने कुछ ही देर बाद घर पहुंच कर वहां फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली।

बताया गया है कि सुरसा थाने के 25 वर्षीय योगेश कुमार पुत्र पुत्तू लाल की शादी करीब तीन महीनें पहले ही कोतवाली शहर के धन्नुपुरवा की मणि कर्णिका गौतम के साथ हुई थी। योगेश पिहानी ब्लाक के प्राथमिक विद्यालय टीकमपुर में सहायक अध्यापक था। उसकी पत्नी मणि कर्णिका टड़ियावा सीएचसी में स्टाफ नर्स थी। बताते है कि सोमवार की सुबह दाऊदपुर से पहले योगेश स्कूल के लिए बाइक से रवाना हुआ था, उसके कुछ ही देर बाद मणि कर्णिका स्कूटी से सीएचसी के लिए निकली। वह पचकोहरा चौराहे के पास पहुंची ही थी कि उसी बीच कोई तेज़ रफ्तार गाड़ी उसे कुचलते हुए निकल गई। जिससे मणि कर्णिका की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई। उधर योगेश स्कूल पहुंचा, उसी बीच उसे व्हाट्स अप ग्रुप से हादसे के बारे में पता चला। योगेश वहां से किसी को कुछ बताए वापस लौट गया। उसके कुछ ही देर बाद पता चला कि योगेश ने फांसी लगा कर खुद भी आत्महत्या कर ली।

### विराट कोहली ने किया आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन, लगा जुर्माना

**नई दिल्ली।** कोलकाता के ईडन गार्डन्स में रविवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने सोमवार को एक बयान में कहा रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बल्लेबाज विराट कोहली पर ईडन गार्डन्स, कोलकाता में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 36वें मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

# ऐतिहासिक : सूरत से मिली भाजपा को पहली सीट, दलाल निर्विरोध विजयी

एजेंसी

**सूरत।** लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा को पहली सीट सूरत से मिली है। सूरत लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार मुकेश दलाल ने निर्विरोध जीत कर इतिहास रच दिया है। नाम वापस लेने के अंतिम दिन कुल 9 मान्य नामांकन में से 8 ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। इससे पहले रविवार को कांग्रेस उम्मीदवार निलेश कुंभाणी और सुरेश पडसाला के नामांकन रद्द कर दिए गए थे।

देश में 1951 से लेकर वर्ष 2019 में तक हुए 17 बार लोकसभा चुनाव में पहली बार कोई उम्मीदवार निर्विरोध विजयी घोषित किया गया है। इस तरह भाजपा को वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में पहली सीट सूरत से मिली है।

### सभी निर्दलीय और राजनीतिक दलों ने वापस लिया नामांकन

सूरत लोकसभा सीट के लिए भाजपा के मुकेश दलाल समेत 9 लोगों के नामांकन मान्य घोषित किए गए थे। नाम वापस लेने के अंतिम दिन सोमवार को मुकेश दलाल को छोड़कर बाकी के सभी 8 उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। शाम तक चुनाव अधिकारी की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। सोमवार सुबह सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्टी के अब्दुल हमीद खान, ग्लोबल रिपब्लिकन पार्टी के जेयेश मेवाडा, लोग पार्टी के सोहेल शेख, निर्दलीय अजीत उमट, निर्दलीय किशोर डायाणी, निर्दलीय रमेश भाई बारैया और निर्दलीय भरतभाई प्रजापति ने अपने नाम वापस ले लिए।

### बंगाल में थी 26/11 जैसे हमले की योजना, एसटीएफ ने आतंकी को पकड़ा

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी कर हमले की योजना बना रहे एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। कोलकाता पुलिस ने उसे मुंबई के माहिम इलाके से गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान राजाराम रेगे के तौर पर हुई है। पुलिस ने दावा किया है कि राजाराम आतंकी है और उसका कनेक्शन मुंबई हमलों के हैंडलर डेविड हेडली से भी रहा है। इतना ही नहीं एसटीएफ का दावा है कि राजाराम कोलकाता में मुंबई के 26/11 जैसे हमले की साजिश रच रहा था। कोलकाता पुलिस के एडिशनल सीपी 1 मुरलीधर शर्मा ने बताया कि पुलिस ने तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी के घर की रेकी के मामले में मुंबई से राजाराम रेगे को गिरफ्तार किया है।

**जनसभा**

### अमित शाह ने कांकेर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा

# पीएम के पास है अगले 25 साल का एजेंडा

एजेंसी

### मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का किया काम : शाह

**रायपुर/कांकेर।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने सोमवार को छत्तीसगढ़ की कांकेर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि, 'मोदी के पास 10 साल का ट्रैक रिकॉर्ड और अगले 25 साल का एजेंडा है। चार पीढ़ियों से राज करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का समर्थन नहीं किया। कांग्रेस ने महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को पैसा नहीं दिया और ना ही किसानों को पैसा दिया। कांग्रेस ने तेंदु पत्ता वालों को बोनस नहीं दिया, घरों में गैस, बिजली, शौचालय और नल से जल नहीं दिया। कांग्रेस की सरकार ने किसानों के धान को कभी 3,100 रुपये में नहीं खरीदा। मोदी सरकार में गरीबों को आवास, गैस, बिजली, शौचालय, मुफ्त अनाज और नल से जल देने का काम किया जा रहा है। नरेन्द्र मोदी ने 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य का खर्चा नि शुल्क कर दिया है। मोदी 3.0 में 70 साल से ऊपर सभी वरिष्ठ नागरिकों को 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी।'

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक अनुच्छेद 370 को बनाए रखा लेकिन मोदी ने 5 अगस्त, 2019 को इसे समाप्त कर दिया। इस देश से आतंकवाद को पूर्णतया खत्म और नक्सलवाद को समाप्ति के कगार पर लाने का काम मोदी जी ने किया है। मोदी ने देश को सुरक्षित और समृद्ध करने का काम किया है। श्री अमित शाह ने कहा कि, ' राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के शासन में 5 साल तक महादेव एप कांड चलता रहा। महज 4 महीने के अंदर भाजपा की छत्तीसगढ़ सरकार ने 90 से ज्यादा नक्सलवादियों को समाप्त करने का काम किया।

# स्कूल प्रबंधक ने छात्रों को किया सम्मानित

## बच्चों ने उच्चतम अंक प्राप्त करके अपना, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों तथा अपने विद्यालय का नाम किया रोशन

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

सुकालावती पब्लिक मांटेसरी स्कूल के बच्चों द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले हाईस्कूल के छात्र/छात्राओं को विद्यालय के प्रबन्धक रामराज यादव व शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमे छात्रा रजनी वर्मा ने 89.66 प्रतिशत, मंताशा बानो ने 88.00 प्रतिशत, जितेंद्र यादव ने 83.00 प्रतिशत, रूबी ने 81.00 प्रतिशत, सानिया बानो ने 80.00 प्रतिशत सहित विद्यालय के सभी बच्चों ने उच्चतम अंक प्राप्त करके अपना, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों तथा अपने विद्यालय का नाम क्षेत्र में रोशन किया। इस अवसर पर प्रबन्धक रामराज यादव ने कहा कि हम और हमारा पूरा विद्यालय परिवार हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में उत्तीर्ण हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कालेज प्रबंधक ने किया सम्मानित

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नगर में ब्लॉक मुख्यालय के बगल स्थित रानी लक्ष्मीबाई मेमोरियल इंटर कॉलेज के प्रबंध तंत्र द्वारा हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रबंधक सुनील सिंह द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्लन और माल्यार्पण के बाद शुरुआत की गई। विद्यालय के संस्थापक अखिलेश प्रताप सिंह द्वारा सभी शिक्षकों और शिक्षिकाओं का माल्यार्पण कर एवं मिष्ठान देकर और विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा इंटरमीडिएट एवं हाई स्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्र-छात्राओं का माल्यार्पण एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया और साथ ही साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उप प्रधानाचार्य आदित्य प्रताप सिंह विष्णु पांडे हरीश मिश्रा बृजेश मिश्रा हिमांशु जायसवाल नीरज तिवारी रोहित सिंह अर्जुन गुप्ता रामकुमार यादव शालिनी सिंह उषा सिंह ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन आलोक तिवारी द्वारा किया गया।

# यूपी बोर्ड के मेधावियों को मिल रही बधाइयां

### पीएम ने उज्जवल भविष्य की दी शुभकामनाएं

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

इंटरमीडिएट और हाईस्कूल के परीक्षा मैं उत्तीर्ण विद्यार्थियों को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ बधाई दी है। इसी क्रम में विकासखंड हैदरगढ़ के गौरा गांव निवासी गायत्री प्रसाद मिश्र के पौत्र आर्यन मिश्रा और पौत्री आर्या मिश्रा ने श्री साई इंटर कॉलेज लाखेड़ा बाग बाराबंकी से पढ़ाई करते हुए हाई स्कूल की परीक्षा में क्रमशः 95.5 प्रतिशत एवं 95 प्रतिशत अंक लाकर अपने परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में नाम रोशन किया है विद्यालय परिवार के साथ-साथ अन्य गणमान्य लोगो ने उनके निज निवास पर पहुंचकर उज्जवल भविष्य के साथ शुभकामनाएं प्रदान की है।

### बैंक आफ इंडिया में कम पड़ गई नकदी, ग्राहक बेहाल

धौरहरा खीरी। धौरहरा तहसील क्षेत्र के सिसैया चौराहे पर स्थित बैंक आफ इंडिया( आर्यावर्त बैंक) की शाखा में बीते एक महीने से ग्राहकों को पर्याप्त मात्रा में अपनी ही जमा की गई नगदी नहीं मिल पा रही है। जिसकी वजह से बैंक के ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में फसलों की सिंचाई आदि के साथ शादी विवाह का भी सीजन चल रहा है, ऐसे में नगदी न मिलने से ग्राहकों में मायूसी छाई हुई है। धौरहरा क्षेत्र के सिसैया चौराहे पर स्थित बैंक आफ इंडिया बैंक की शाखा में पिछले करीब एक माह से ग्राहकों को पर्याप्त नकदी नही मिल पा रही है। ग्राहक इसे बैंक कर्मचारियों की उदासीनता व लापरवाही का नतीजा बता रहे है। इस दौरान होली सहित ईद का त्योहार बैंक ग्राहकों के बिना नगदी के कैसे बीते हैं यह बात बैंक आफ इंडिया की शाखा सिसैया कला के ग्राहकों से बेहतर और कौन जान सकता है। जिन्हें होली और ईद के त्योहारों में भी नगदी नही मिल सकी। वर्तमान में शादी विवाह का भी सीजन चल रहा है जिसमें भी बैंक ग्राहकों को नगदी की आवश्यकता है। जिसमें बैंक कर्मचारी ग्राहकों को हजार या दो हजार रुपए देकर कैश न होने का हवाला दिया जा रहा हैं। ग्राहक बताते हैं बैंक आने वाले रसूखदार ग्राहकों को बैंक कर्मचारी अन्दर बुलाकर पर्याप्त मात्रा में नगदी उपलब्ध करवा देते हैं। पर छोटे मझोले ग्राहकों को हजार दो हजार देकर नकदी न होने का हवाला देकर पल्ला झाड़ रहे है। इस बाबत कलुआपुर निवासी ग्राहक श्यामू बताते हैं कि उन्हें पांच हजार पांच सौ रुपए की जरूरत थी पर बैंक कर्मचारियों ने नगदी न होने की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया। इसी प्रकार सत्यनारायण,मुन्ने लाल , जयप्रकाश आदि को भी बैंक की शाखा से नगदी पर्याप्त मात्रा में नहीं दी गई । इसके साथ ही बिसुना निवासी टेंगनहा व बाबू निवासी कलुआपुर ने बताया कि वह बीते कई दिनों से बैंक शाखा के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उन्हें नगदी नहीं मिल रही है।

## यूपी बोर्ड की मेधावी नायला उबैद को तनुज पुनिया ने दी बधाई

**जैदपुर बाराबंकी।** बाराबंकी लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने बाराबंकी से हाईस्कूल में नायला उबैद ने 5वी रैंक और युवराज वर्मा ने 9वी रैंक प्राप्त करने वाले दोनों मेधावी विद्यार्थियों से मिलकर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। जानकारी के अनुसार जैदपुर कस्बा निवासी मदरसा शिक्षक अबू उबैदा की पुत्री नायला उबैद जो साई इण्टर कालेज जैदपुर मे हाई स्कूल की छात्रा थी उन्होने यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम मे 97.67 प्रतिशत अंक लाकर उत्तर प्रदेश मे पांचवा स्थान व जिले मे प्रथम स्थान प्राप्त किया है ।जिसके बाद बाराबंकी लोकसभा से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने आज उनके आवास मोहल्ला कटारी टोला मे पहुंचकर नायला उबेद को बुके देकर उन्हे बधाई दी एव उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाए ।वही कस्बा के छोटा इमामबाड़ा निवासी रईस अहमद की बेटी तम्हीद रईस जो श्री साई इण्टर कालेज जैदपुर की छात्रा थी जिन्होने इण्टर मिडिएट मे 96.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश मे 8वी रैंक हासिल की है ।उनको भी बधाई दी ।इसी तरह यूपी बोर्ड परीक्षा मे हाई स्कूल मे 9वी रैंक प्राप्त करने वाले युवराज वर्मा की भी उन्होने मुलाकात कर बधाई दी ।उन्होने जनपद के दसवीं और बारहवीं की यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम में सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहाकि यह सफलता आप सभी की प्रतिभा,लगनशीलता व कठिन परिश्रम की परिचायक है। इस अवसर पर सभासद मोहम्मद कासिम,कांगेस नेता सिकंदर अब्बास रिज़वी, अभिनव यादव, प्रिंस मिश्रा, सभासद आलम अंसारी,केसी श्रीवास्तव,अविनाश गौतम,तरून चावला, हसीम अंसारी, शमीम रजा,मोहम्मद इमरान,मोहम्मद आलम,श्रीनारायण वर्मा,पुत्तू लाल वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# तनुज पुनिया ने जनसम्पर्क कर मांगा समर्थन

**जैदपुर, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सांसद पद प्रत्याशी तनुज पुनिया ने कस्बे व पास ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कर अपने समर्थन में वोट डालने की लोगों से अपील की।बताते चलें कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जहां तमाम उम्मीदवार अपने समर्थकों के साथ अपनी जीत के लिये पूरी कोशिश मे लगे है।वही इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया द्वारा भी जनसम्पर्क तेज कर दिया गया।बाराबंकी से लोकसभा चुनाव के कांग्रेस से सांसद पद के दावेदार तनुज पुनिया ने कस्बे सहित आसपास क्षेत्रों में पहुंच कर लोगो से मिलते नजर आये।कस्बे के हीरो एजेंसी के प्रबंधक समाजसेवी मोहम्मद सालिम के आवास के साथ पूर्व चेयरमैन रियाज अहमद, चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम,पूर्व चेयरमैन जियाउर्रहमान अंसारी व अन्य तमाम लोगों से मुलाकात कर अपने समर्थन में वोट देने की बात कही।उन्होने कहाकि भाजपा सरकार की झूट फरेब की कहानी जनता के सामने आ गयी है।देश की जनता को विश्वास हो गया है कि भाजपा विकास की नही बदले की राजनीति करती है भाई से भाई के बीच नफरत की दीवार खड़ी करने वालो को सत्ता मे बने रहने का कोई हक नही है।पिछले दस वर्षो कसे भाजपा सबका साथ सबका विकास का राग अलाप रही है लेकिन हकीकत मे दस सालो मे भाजपा ने अपने पूंजीपति मित्रो को ही लाभ पहुंचाया है।और किसानो, नौजवानो,मजदूरो, बेरोजगारो के अरमानो का गला घोटने का काम किया है। देश की खुशहाली के लिए आप लोग इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताये।

इस अवसर पर सभासद मोहम्मद कासिम,कांगेस नेता सिकंदर अब्बास रिज़्वी, अभिनव यादव,प्रिंस मिश्रा, सभासद आलम अंसारी,केसी श्रीवास्तव, अविनाश गौतम,तरून चावला, हसीम अंसारी, शमीम रजा, मोहम्मद इमरान, मोहम्मद आलम, श्रीनारायण वर्मा,पुत्तू लाल वर्मा सहित दर्जनो अन्य लोग मौजूद थे।

## खबरें एक नजर में

### रत्नाकर सिंह का निधन से शोक की लहर

**रामनगर, बाराबंकी।** लोगों में प्रिय सादगी के प्रतीक रामनगर रियासत के राजकुमार रत्नाकर सिंह का लंबी बीमारी के साथ दुखद निधन हो गया।श्री सिंह की मृत्यु का समाचार फैलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।स्वर्गीय श्री सिंह के निधन पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह एम एल सी अंगद सिंह पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप भाजपा पूर्व सासंद पीएल पुनिया भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत काग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया नगर अध्यक्ष रामशरण पाठक पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी सभासद अवनीश मिश्रा के डी खान राम मोहन शुक्ला टिंकू तिवारी राजेश शुक्ला इसरार खान रियाज अहमद शिव कैलाश गौतम रमेश राठौड़ कांग्रेसी नेता जुल्फी मियां ने शोक संवेदना व्यक्ति करते हुये कहा कि उनके निधन से अपूर्णनीय क्षति हुई है।उसकी भरपाई दूर दूर तक संभव नहीं दिखाई पड़ रही है।भोर पहर से ही जन सैलाब उमड़ पड़ा अंतिम विदाई में हजारों लोग मौजूद रहे।लोगों ने अश्रुपूरित नेत्रों से अंतिम विदाई दी।रामनगर स्टेट के स्वर्गीय कुंवर रत्नाकर सिंह सरल स्वभाव और मृदुभाषी होने के चलते जनमानस में बहुत ही लोकप्रिय थे गरीबों मजलूमों के साथ साथ बेसहारा लोगों की मदद में भी आगे रहते थे।धर्म परायण होने के नाते धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे।मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह स्व रत्नाकर सिंह के ससुर है।

### आगजनी में घर का सामान जलकर राख

**मितौली खीरी।** थाना मितौली क्षेत्र के अंतर्गत ओड़हरा ग्राम पंचायत में बीती रात लगी आग से घर का सहारा सामान जलकर राख हो गया। रात करीब 10:30 बजे के आसपास पसंजीत के घर में उसे समय आग लग गई जब वह गांव में निमंत्रण के लिए गया हुआ था पत्नी बच्चे भी घर पर नहीं थे आग लगने की सूचना पर जब घर पर पहुंचा तो घर गृहस्ती का सारा सामान जल रहा था जिसमें पसंजीत के घर में खाने के लिए दान तक नहीं बचा। सूचना पाकर राजस्व टीम में पहुंचे लेखपाल राकेश कुमार ने हुए नुकसान का आकलन करके सूचना उच्च अधिकारियों को भेज दी है। हुए नुकसान में गेहूं चावल आटा सरसों पंद्रह हजार रूपों का नुकसान हुआ। वही आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके।

### आबकारी इंस्पेक्टर ने सेल्समैन के साथ की मारपीट

**बिजुआ खीरी।** एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त है और भ्रष्टाचार के मामलो में कड़ी कार्यवाई कर रही है वहीं बिजुआ में अवैध वसूली को लेकर आबकारी इंस्पेकटर के बर्बबरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि सर्किल के आबकारी इंस्पेक्टर द्वारा लाइसेंसी देशी शराब की दुकान से अवैध महिना का दबाव बनाने के लिए रजिस्टर देखने के बहाने बुरी तरह पीटने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले में डीएम से न्याय की गुहार लगाई है। भीरा थाना क्षेत्र के मुड़िया हेम सिंह निवासी कमलेश कुमार पुत्र रामचंद्र कस्बा बिजुआ की देसी शराब दुकान पर सेल्स मैन के पद पर कार्यरत है। कमलेश का आरोप लगाया कि 21 अप्रैल को शाम के समय दुकान पर पहुंचे सर्किल के आबकारी इंस्पेक्टर ने मां बहन की भद्दी भद्दी गाली देते हुए दुकान के सेल्स रजिस्टर की जांच पड़ताल की और अवैध धन की मांग करने लगे जिस पर उसने मना किया तो, इंस्पेक्टर साहब आग बबूला हो गये और दुकान के लाइसेंस को निरस्त करने और फर्जी मुकदमों में फंसाने व बर्बाद करने की धमकी देते हुए पास-पड़ोस के दुकानदारों के सामने जमकर पीटा। सारी घटना दुकान पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जो सेल्समैन के पास सुरक्षित है। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत जिलाधिकारी से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# सड़क दुर्घटनाओं में छह लोग घायल, पांच रेफर

**हैदरगढ़,बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

### पुलिस ने निजी वाहन से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया

थाना लोनी कटरा अंतर्गत लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर अलग-अलग स्थान एवं समय पर हुई दो सड़क दुर्घटनाओं में पति पत्नी व बच्चों सहित आधा दर्जन लोग घायल हो गए इन दुर्घटनाओं में घायल पाच लोगों को ट्रामा सेंटर के लिए रेफर किया गया है।

पहली सड़क दुर्घटना में लखनऊ से हैदरगढ़ की ओर आ रही एक बाइक के डिवाइडर से टकरा जाने से बाइक पर सवार दम्पत्ति व तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना सतरिख के तीर गांव निवासी अपनी पत्नी एवं तीन बच्चों के साथ मोटरसाइकिल से हैदरगढ़ में आयोजित एक तिलक समारोह में हिस्सा लेने के लिए आ रहे थे जब उनकी मोटरसाइकिल दोपहर बाद लगभग ढाई बजे लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर थाना लोनी कटरा क्षेत्र के दहिला चौराहे पर खानपुर मोड़ के पास पहुंची तभी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस दुर्घटना में तीनों बच्चों और दंपति को गंभीर चोटें आई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची लोनी कटरा पुलिस द्वारा निजी वाहन से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था के चलते सुनील कुमार पुत्र कामता, पत्नी सीमा देवी,पुत्र अक्षय 8 वर्ष, अभिषेक 10 वर्ष को ट्रामा सेंटर लखनऊ के लिए रेफर कर दिया गया वहीं इस दुर्घटना में घायल परी पुत्री सुनील कुमार उम्र 4 वर्ष का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है। दूसरी दुर्घटना में निमंत्रण वितरण के लिए घर से निकला कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत गिरवर सिंह का पुरवा निवासी अनिल पांडे पुत्र बाल गोविंद शाम लगभग 4 बजे जब त्रिवेदीगंज चौराहे पर लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे क्रॉस कर रहा था उसी समय विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात मारुति वैन ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल अनिल पांडे को स्थानीय लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद अनिल को भी गंभीर अवस्था के चलते ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।

### ट्रैक्टर- ट्राली ने वृद्ध को रौंदा, मौके पर मौत

**अमीरनगर खीरी।** कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के अंतर्गत मोहम्मदपुर पेट्रोल पंप के पहले एक अनियंत्रित ट्रैक्टर- ट्राली ने श्रीपाल राठौर (60) पुत्र माथुरी निवासी अमीर नगर को टक्कर मार दी,जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीपाल निवासी अमीर नगर मंदबुद्धि का था जो अक्सर अपनी साइकिल से कस्बे में इधर-उधर भटकता रहता था। सोमवार दोपहर वह बाराती चौराहे पर किसी काम से गया हुआ था जहां बस्तौली रोड पर उसकी साइकिल को ट्रैक्टर ट्राली ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी साइकिल टूट गई। वह ट्रैक्टर चालक से ट्रैक्टर रोकने और साइकिल का हर्जाना देने के लिए गिड़गिड़ाता रहा। लेकिन चालक ने ट्रैक्टर रोकने के बजाय और तेज दौड़ा दिया। चालक ट्रैक्टर ट्राली दौड़ाता रहा और श्रीपाल पैदल ही उसका पीछा करता रहा ।इसी वक्त किसी मोटरसाइकिल सवार ने श्री पाल की मदद करते हुए उसे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठाकर ट्रैक्टर ट्राली का पीछा किया और मोहम्मद पुर स्थित पेट्रोल पंप के पहले मोटरसाइकिल सवार ने ट्रैक्टर ट्राली को रोकने की कोशिश की। लेकिन ट्रैक्टर चालक ने श्रीपाल को रौंदते मोटरसाइकिल पर भी ट्रैक्टर चढ़ा दिया। श्रीपाल की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ग्रामीणों ने मौके से भाग रहे ट्रैक्टर चालक को पास के ही एक गांव से ट्रैक्टर ट्रॉली सहित पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस चौकी इंचार्ज अरविंद तिवारी ने मौके पर पहुंचकर सब का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। मृतक का एक भाई और एक बहन है। भाई ने ही पुलिस चौकी पर लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने चालक सहित ट्रैक्टर ट्राली को अपने कब्जे में ले लिया है। ट्रैक्टर ट्राली क्षेत्र के ही गांव बस्तौली का बताया जा रहा है।

### पृथ्वी दिवस पर रोपे गए फलदार पौधे

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर विकास खण्ड क्षेत्र के 147 पोलिंग बूथों पर खण्ड विकास अधिकारी,के नेतृत्व में विद्यालयों में प्रधानाध्यापक, सहायक अध्यापक बच्चों के साथ फलदार एंव औषधीय वृक्षों को रोपित कर वृक्षों में सुरक्षा तथा शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई है। सिरौलीगौसपुर के बूथ पर खण्ड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय प्रांगण के बूथ पर खण्ड विकास अधिकारी अमित त्रिपाठी ने वृक्ष रोपित कर शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर इं प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार शुक्ला, ग्राम सचिव कुलदीप श्रीवास्तव, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रतिमा यादव,सुनील, इन्द्रेश यादव गीता, कुमकुम, मुकेश कुमार रावत आदि मौजूद रहे। ग्राम विरौली में ग्राम सचिव सतीश कुमार वर्मा, प्रधान अनिल कुमार वर्मा ने पौध रोपण किया। बीडीओ के निर्देश के क्रम में क्षेत्र के समस्त पोलिंग बूथों पर फलदार एंव औषधीय वृक्षों को ग्राम सचिव ग्राम रोजगार सेवक, अध्यापक व छात्र छात्राओं ने वृक्षारोपण किया है।

# सपा-बसपा और धौरहरा में लोकजन संघर्ष पार्टी के प्रत्याशी ने भरा पर्चा

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

### अंशय कालरा ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र किया दाखिल

आगामी 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के तहत सोमवार को नामांकन के चौथे दिन सोमवार को 28 खीरी संसदीय क्षेत्र से सपा से उत्कर्ष वर्मा ने चार सेट और बसपा से अंशय कालरा ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी के साथ भाजपा से अजय कुमार ने आज पुनः एक सेट सेट दाखिल किया। 29द्धधौरहरा संसदीय क्षेत्र के लिए लोक जन संघर्ष पार्टी से सुदेश कुमार ने एक सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बसपा से श्याम किशोर अवस्थी ने पुनः रिटर्निंग अफसर के समक्ष अपना नामांकन पत्र दो सेट में दाखिल किया। नामांकन के दौरान कलेक्ट्रेट स्थित नामांकन स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। बताते चले कि नामांकन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। सुबह 11 बजे से तीन बजे तक प्रक्रिया चली। निर्वाचन आयोग ने नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी के लिए 25 हजार रुपये और अनुसूचित जाति, जनजाति के प्रत्याशी के लिए साढ़े 12 हजार रुपये जमानत राशि रखी है।

# गोला नगर पालिका में कई नपा अध्यक्षों की बैठक आयोजित

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

एकता
संघर्ष
सफलता
स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद उ.प्र.
मण्डलीय बैठक
प्रातः 11 बजे
दिनांक- 21 अप्रैल 2024

स्थानीय निकाय अध्यक्षों की समस्याओं के समाधान के लिये अध्यक्ष परिषद सदैव तत्पर है और यथा शीघ्र मुख्यमंत्री से भेंटकर इस दिशा में ठोस कार्यवाही कराए जाने का प्रयास किया जाएगा। उक्त उदगार स्थानीय निकाय अध्यक्ष परिषद की प्रदेश अध्यक्ष डॉ इरा श्रीवास्तव ने गोला नगर पालिका परिषद में आयोजित मण्डलीय बैठक को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुए परिषद के प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ल ने संगठन के विस्तार पर व्यापक चर्चा की और छोटी काशी मण्डल के अध्यक्ष पद पर बहराइच नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुधा देवी को मनोनीत किये जाने की घोषणा की। बैठक को सम्बोधित करते हुये नगर पंचायत बरखेड़ा पीलीभीत के अध्यक्ष श्याम बिहारी ने कहा कि अध्यक्ष परिषद ने अध्यक्षगणो की समस्याओं से सम्बन्धित 15 सूत्रीय जो मांग पत्र तैयार किया है वह सराहनीय है और परिषद इसके लिये बधाई का पात्र है।

नगर पंचायत धौरहरा के अध्यक्ष नफीस खां ने कहा कि हम अध्यक्षगणों को अध्यक्ष परिषद से काफी उम्मीदें है और हमे विश्वास है कि हम सब मिलकर अपने लक्ष्य में सफल होंगे। इस बैठर को सम्बोधित करते हुये बहराइच से पधारे नगर पंचायत रुपईडीहा के अध्यक्ष उमा शंकर ने कहा कि अध्यक्षगणों के सुरक्षा की दृष्टि से गनर उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है और उम्मीद है सरकार इस पर गम्भीरता से विचार करेगी।

बैठक में नगर पंचायत मैलानी की अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी,नगर पंचायत ओयल ढकवा की अध्यक्ष प्रतिभा देवी, सिगही भेडौरा के मो0 कय्यूम,भीरा की अध्यक्ष चारू शुक्ला,नगर पंचायत बिलसण्डा के दिनेश कुमार, न्यूरिया हुसैनपुर की अध्यक्ष रेहाना,नगर पंचायत रिसिया बहराइच की अध्यक्ष मुन्नी देवी, नगर पंचायत हरगांव सीतापुर के अध्यक्ष गफ्फार खां ने भी अपना विचार व्यक्त किया। बैठक का संचालन परिषद के प्रवक्ता हृदय कुमार श्रीवास्तव ने किया।

# युवक की मौत पर परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज**

थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम पहाड़ापुर में एक युवक की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई जिसमें परिजन बीस दिन पूर्व हुए झगड़े में मारपीट के कारण हुई मौत का हवाला देते हुए गांव के ही तीन लोगों पर नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

जिसमें से पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है एक फरार है वहीं मृतक की बहन नेहा पाण्डेय जिद पर अड़ी थी कि जब तक तीसरा आरोपी भी पकड़ा नहीं जाएगा तब तक हम अपने भाई का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। जिसका शव 48 घंटे के ऊपर हो जाने के बाद भी घर में रखा रहा। वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला के साथ कई थानों की पुलिस मौके पर मौजूद रही।

थाना भीरा की ग्राम पंचायत रूदपुर गुलरिया के मजरा पहाड़ापुर निवासी उमेश कुमार पुत्र शिव दुलारे पांडे अपने घर में अकेला था जिस पर तीन अप्रैल को पड़ोस के ही रहने वाले अनुराग सक्सेना एवं कुलदीप कुमार पांडे से गाली गलौज एवं मारपीट का आरोप लगाते हुए मृतक की बहन नेहा पांडे ने 18 अप्रैल को अनुराग सक्सेना, कुलदीप कुमार पांडे व कुलदीप की पत्नी कीर्ति पांडे को नामजद करते हुए भीरा थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया था।आरोप है कि अपने घर के अन्दर वह मोहल्ला वालों व परिवार वालों को घायल मिला था। परिजन उसे इलाज के लिए पहले ओयल ट्रामा सेंटर ले गए जहां से लखनऊ रेफर कर दिया गया था उसका इलाज लखनऊ में चल रहा था जहां पर शनिवार की रात में उसकी मृत्यु हो गई रविवार को परिजन शव को पहाड़ापुर गांव ले आए लेकिन अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया, वहीं सूचना पाकर पुलिस तुरंत एक्शन में आई और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया जबकि एक फरार हो गया था।

मृतक की बहन का कहना है कि जब तक तीसरा आरोपी कुलदीप भी पकड़ा नहीं जाएगा तब तक हम अपने भाई का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। मृतक का शव 48 घंटे तक घर में ही रखा। ऐतिहात के तौर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला फूलबेहड एवं मैलानी की पुलिस मौके पर लगी रही ।काफी समझाने के बाद परिजन मृतक का अंतिम संस्कार करने को तैयार हुए।करीब 48घण्टे बाद मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

**तीन अप्रैल की घटना थी जिसकी 18 अप्रैल को तहरीर दी गई। तीन आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है। तीसरे आरोपी को पकडने के लिए पुलिस टीम बराबर दबिश दे रही है। एक आरोपी कुलदीप फरार है। मृतक की बहन तीसरे आरोपी को पकड़े जाने तक अंतिम संस्कार करने को तैयार नहीं थी। परिजनों को समझा बूझाकर अंतिम संस्कार करवाया जा रहा है।**

**भीरा थाना प्रभारी पंकज कुमार त्रिपाठी**

### घर के सामने लगा चन्दन का पेड़ हुआ चोरी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** घर के सामने लगे चंदन के पेड़ को चोरी से काट कर उठा ले गए चोर पीड़ित ने कोतवाली बदोसराय पुलिस से शिकायत किया है।पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।रात्रि में घर के लोग सो गए थे इसी का फायदा उठाकर चोरों ने पेड़ काटकर गायब कर दिया ।कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के बरदरी गांव निवासी मुकेश कुमार गोस्वामी ने कोतवाली बदोसराय पुलिस से शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि सोमवार की सुबह पांच बजे जब सो कर उठे तो देखा कि उनके घर के सामने लगा चंदन का पेड़ चोरी से काट लिया गया है। इसके बाद मुकेश गोस्वामी ने कोतवाली बदोसराय पुलिस से शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग किया है।

# मार्ग दुर्घटना में रिक्शा चालक की मौत, बच्चा घायल

**भीरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

तेज रफ्तार का कहर रुकने का नाम नही ले रहा है, जिसके चलते न जाने कितने लोग काल के गाल में समा चुके है। तेज रफ्तार कार ने एक ई रिक्सा को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे एक की मौके पर ही मौत हो गयी,वही एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। कार चालक मौके से फरार।

थाना भीरा क्षेत्र के मनमीत नगर महाविद्यालय के पास भीरा लखीमपुर राज्य मार्ग पर एक महेंद्रा एक्सयूवी 300 व ई रिक्सा में जोरदार टक्कर हो गई। जिससे ई रिक्सा चालक की मौके पर ही मौत हो गई व रिक्शे में बैठा रिक्सा चालक का पुत्र गम्भीर रूप से घायल हो गया, मामले को गंभीर देखकर कार चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने भीरा पुलिस व एंबुलेंस का सूचना दी।

मृतक महेश पाल पुत्र दर्शन उम्र करीब 35 वर्ष निवासी चूरा टाण्डा अपने बच्चे को ई रिक्सा में बिठाकर भीरा की तरफ कहीं जा रहा था। अचानक सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने ई रिक्सा को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ई रिक्सा चालक की मौके पर मौत हो गयी। मौके पर पहुँची पुलिस ने कार व ई रिक्शा को अपने कब्जे में ले लिया है, और शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्डम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वही बच्चे को इलाज के लिए बिजुआ सीएचसी भेज दिया। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी।

# संत कबीर नगर में दो पक्षों के बीच हुई झड़प में योगी कैबिनेट में मंत्री संजय निषाद पर हमला

**समृद्धि न्यूज**

▸ मंत्री के सांसद बेटे अस्पताल में ही धरने पर बैठे

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चुनाव प्रचार और नेताओं की बयानबाजी जारी है। जुबानी तल्खियों से अलग मामला धक्का-मुक्की और मारपीट तक पहुंच गया है। यूपी में योगी सरकार में मंत्री और निषाद पार्टी के प्रमुख संजय निषाद के साथ कुछ लोगों ने धक्का-मुक्की की। इसकी वजह से उनकी नाक पर भी चोट लग गई और उन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा है।

पिता के साथ हुए दुर्व्यवहार के विरोध में मंत्री के सांसद बेटे अस्पताल में ही धरने पर बैठ गए हैं। संजय निषाद के साथ हुई धक्का-मुक्की के बाद उनके दोनों बेटे भी धरने पर बैठ गए हैं।

संत कबीर नगर में दो पक्षों के बीच हुई झड़प में कुछ लोगों ने योगी कैबिनेट में मंत्री संजय निषाद पर हमला कर दिया था। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनके नाक में चोट लगने की पुष्टि डॉक्टरों ने की है। इसके बाद उनक बेटे सांसद प्रवीण निषाद पार्टी के दूसरे विधायकों और नेताओं के साथ धरने पर बैठ गए। संजय निषाद के बेटे और विधायक प्रवीण निषाद ने समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं पर धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाया है। आरएलडी के नेता रोहित अग्रवाल ने भी ट्वीट कर लिखा कि हार के डर से बौखलाए समाजवादी पार्टी के नेता और कार्यकर्ता अब मारपीट और हिंसा करने लगे हैं। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया। बीजेपी ने इस बार संत कबीर नगर से निषाद के प्रवीण निषाद को अपना उम्मीदवार बनाया है। 2019 में भी वह यहीं से चुनाव जीतकर संसद पहुँचे थे।पार्टी ने एक बार फिर उन पर भरोसा दिखाया है।

### एनएसडीसी व इस्कॉन ने की युवाओं को कौशल प्रदान करने के लिए साझेदारी

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी और इंटरनेशनल सोसाइटी फॉर कृष्णा कॉन्शसनेस इस्कॉन ने हाशिए पर पड़े समुदायों को सशक्त करने के लिये अभूतपूर्व साझेदारी की है। साझेदारी द्वारा शुरुआत में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश में आदिवासी और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के युवाओं को कुशल बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा और आगे भविष्य में अन्य स्थानों में भी इसे विस्तार दिया जाएगा। संयुक्त रूप से संचालित किए जाने वाले शार्ट-टर्म कोर्स के माध्यम से, प्रतिभागियों को स्किल इंडिया डिजिटल हब प्लेटफॉर्म के माध्यम से उद्योग-मान्यता प्राप्त सर्टिफिकेट प्राप्त होंगे।

# नियमित कूड़ा निस्तारण नहीं होने से जनता परेशान

▸ इंदिरा नगर से लेकर विकास नगर तक नहीं उठ रहा है कूड़ा

**समृद्धि न्यूज**

फाइल फोटो

**लखनऊ।** ईद की छुट्टी समाप्त होने के बाद भी शहर की सफाई व्यवस्था ठीक नहीं हो पाई है। शहर की सफाई व्यवस्था बे- पटरी हो गई है।

शहर के कई वार्ड में कूड़ा नियमित नहीं उठ रहा है। स्थिति यह है कि कुछ जगहों पर टीम आती भी है तो कूड़ा वार्ड में ही डंप कर दिया जा रहा है। इसकी वजह से ज्यादातर वार्ड में सड़क डंपिंग जोन बन गए है। वर्तमान और पूर्व पार्षदों का कहना है कि शिकायत के बाद भी उनके यहां कोई कार्रवाई नहीं होती है। इसकी वजह से ज्यादातर वार्ड में कूड़ा उठाने का काम ठप हो गया है।

आरोप है कि एक तरफ कूड़ा न उठाए जाने से लोग बाहर इधर उधर कूड़ा फेंकने को मजबूर हैं। शहरों में स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग उठान की व्यवस्था की गई थी। इसके लिए बकायदा अलग अलग कंपाउंड की गाड़ियां हैं। शान के आदेश के बाद भी कूड़ा उठाने में लापरवाही हो रही है। ईस्माइल गंज वार्ड द्वितीय में इन दिनों में ईकोग्रीन की गाड़ियों से कूड़ा खुले में डंप किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों को कई बार फोन भी करते है लेकिन मदद नहीं मिलती है। यहां तक की अब पार्षदों की भी कोई सुनवाई नहीं बची है।

### इन स्थानों की मिल रही है शिकायत

शहर की एलडीए कॉलोनी कानपुर रोड, आशियाना, शारदा नगर, मानसरोवर, ट्रांसपोर्ट नगर, सरोजनी नगर सहित दर्जनों इलाकों में कूड़ा नहीं उठने की शिकायत मिल रही है। इन इलाकों में सबसे खराब स्थिति है कानपुर रोड एलडीए कालोनी, साउथ सिटी, राजाजीपुरम, जानकीपुरम, विकास नगर, अलीगंज, त्रिवेणीनगर, आलमबाग क्षेत्र व पुराने लखनऊ की स्थिति सबसे खराब है। यहां नियमित ईको ग्रीन की गाड़ी पहुंची ही नहीं है।

## खबरें एक नजर में

### इंडियन इलेवन की जीत में अजय ने जड़ा तूफानी अर्धशतक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** धारदार गेंदबाजी के बाद मैन ऑफद मैच अजय कुमार (नाबाद 84) के तूफानी अर्धशतक की बदौलत इंडियन इलेवन क्रिकेट क्लब ने सीएएल टी-20 कप क्रिकेट टूर्नामेंट में अभिजीत सिन्हा क्रिकेट अकादमी (आस्का) को 8 विकेट से हराते हुए शानदार जीत दर्ज की। लार्ड बालाजी बी ग्राउंड पर आस्का ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 10 विकेट पर 118 रन का स्कोर बनाया। देवेंद्र (19) व कुणाल सिंह (38) ने पारी की शुरुआत की। इसके बाद टीम को इंडियन इलेवन के गेंदबाजों ने खासे झटके दिए। इसके चलते अमित विश्वकर्मा (19) व संदीप पाण्डेय (15) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। इंडियन इलेवन से अनुज कुमार सिंह ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट चटकाए। उनका साथ देते हुए सौरभ यादव ने 10 रन व सूर्यव्रत प्रसाद ने 21 रन देकर 2-2 विकेट झटके। मोहम्मद हाशिम को 1 विकेट मिला। जवाब में इंडियन इलेवन ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 13.3 ओवर में 2 विकेट पर 119 रन बनाकर जीत अपने नाम कर ली। टीम को शुरू में ही तब झटका लगा जब सलामी बल्लेबाज मानस मात्र 6 रन बनाकर दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर पवैलियन लौट गए। उस समय टीम का स्कोर मात्र 22 रन था। इसके बाद स्कोर में महज एक रन का इजाफा और हुआ ही था कि सूर्यव्रत बिना खाता खोले पवैलियन लौट गए। हालांकि दूसरे सलामी बल्लेबाज अजय कुमार ने नाबाद 84 रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेलते हुए टीम की झोली में जीत डाल दी। अजय कुमार ने 42 गेंदों की अपनी पारी में 6 चौके व 7 छक्के भी जड़े। शिवम यादव ने 32 गेंदों पर 3 चौको से नाबाद 25 रन का योगदान किया।

### लोकसभा चुनाव में मोदी लहर नहीं : सुनील

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मथुरा में इंडिया गठबंधन में शामिल लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने कहा कि भाजपा का 400 सीट का नारा एक जुमला है। देश में कोई मोदी लहर नहीं है। पश्चिम के चुनावी चरणों में वोटिंग प्रतिशत ये बयां कर रहा है बीजेपी की हार सुनिश्चित है। बढ़ती महंगाई, आर्थिक मंदी, बेरोजगारी और संघर्षों से लोग चिंतित है, लेकिन मोदी सरकार देश का ध्यान भटकाने में लगी हुई है कही धर्म के मुद्दों को लेकर तो कही समाज को बाटने को लेकर। इस चुनाव में बीजेपी लोगों का मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी से ध्यान हटाने के लिए प्रमुखों को कार्यों में लगा दिया गया है। 2024 का चुनाव देश के लिए और लोकतंत्र को बचाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बीजेपी की डबल सरकार किसी भी वर्ग के साथ अच्छा नहीं कर रही है। किसानों को एमएसपी नही दी। हमारे खिलाड़ी तक इस सरकार से परेशान रहे। महिला खिलाड़ियों को धरने पर बैठना पड़ा तब भी सरकार ने कोई सुनवाई नहीं की। यह हमारे देश की बेटियों का अपमान है।

### शैक्षिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के तहत अमामिया एजुकेशनल ट्रस्ट के कार्यालय में शैक्षिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ कांग्रेस नेता यूनिस सिद्दीकी, पीसी क्रिएल, डीके यादव, राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित थे संस्था के संयोजक मुहम्मद अफाक, सैयद जलालुद्दीन, सलीम अहमद राईनी आदि की मौजूदगी में ट्रस्ट के सचिव मौलाना अली हुसैन कूमी ने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि मुस्लिम लड़के-लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यूनुस सिद्दीकी ने कहा कि मुसलमानों में शिक्षा और ज्ञान की कभी कमी नहीं थी, क्योंकि इस देश पर मुसलमानों और अंग्रेजों का राज था, उन्होंने हर कमजोर लोगों के साथ न्याय किया जो कोई अशिक्षित व्यक्ति नहीं बल्कि एक शिक्षित व्यक्ति ही कर सकता है। इसलिए मैं इस देश के दो शब्द कैसे भूल सकता हूं कि आजादी के बाद इस देश में पहली बार मौलाना आजाद जैसा शिक्षा मंत्री चुना गया है। और दूसरे हैं एपीजे अब्दुल कलाम जो हमारे देश के राष्ट्रपति बने हैं। उन्होंने इस देश को मिसाइलें देकर देश के विकास और समृद्धि के लिए बहुत बड़ा काम किया।

### हटे पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी के सीईओ नवदीप रिणवा ने बताया किआदर्श आचार संहिता के अनुपालन में सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,13,32,851 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 68,90,862 तथा निजी स्थानों से 44,41,989 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इस दौरान सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 7,49,378, पोस्टर के 32,04,555, बैनर के 19,47,169 एवं अन्य 9,89,760 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग के 5,95,841, पोस्टर के 20,37,104 बैनर के 10,91,799 एवं अन्य 7,17,245 मामलों में कार्यवाही की गयी। अब तक वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1272 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2192 मामलों में कार्यवाही की गयी। अन्य मामलों में 87 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित 93 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

### भाजपा में शामिल हुए सपा विधायक अभय सिंह की पत्नी-पिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव 2024 के बीच समाजवादी पार्टी के गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह की पत्नी सरिता सिंह और पिता भगवान बख्श सिंह भाजपा में शामिल हो गए है। आज यानी सोमवार को उन्होंने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। बता दें कि हाल ही में अभय सिंह ने समाजवादी पार्टी के खिलाफराज्यसभा में मतदान किया था। बता दें कि गोसाईगंज से विधायक अभय सिंह की पत्नी और पिता के अलावा दूसरे दलों के नेता भी भाजपा में शामिल हुए है। जिनमें करुणाकर पांडे, पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, चौधरी सरदार सिंह, पूर्व विधायक अशोक सिंह, पूर्व विधायक पहलवान सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष सुशीला देवी, नगर पंचायत अध्यक्ष मुन्नी देवी, बसपा के वरिष्ठ नेता कुंवर वकील चंद्र है।

# बीजेपी की सरकार में जन आकांक्षा के अनुरुप हुए विकास कार्य : सीएम योगी

▸ विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय मोदी की पहचान : योगी

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहचान है।

सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, योगी आदित्यनाथ ने पांच कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में जनता की आकांक्षा के अनुरूप विकास के कार्य हुए हैं। ये पहली बार देश में देखने को मिला है। उन्होंने कहा, विकास और विरासत का अद्भुत समन्वय प्रधानमंत्री मोदी की पहचान है। इस दिशा में अद्भुत कार्य हुए हैं। योगी ने कहा, आस्था से जुड़े केंद्रों के बारे में हमें नया स्वरूप देखने को मिला है। विरासत और विकास का ये अद्भुत समन्वय अगर किसी एक महापुरुष के विजन और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज देश में देखने को मिला है तो वह प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। मुख्यमंत्री ने कहा, पहली बार देश में विरासत का सम्मान भी देखने को मिला है। काशी में विश्वनाथ धाम, महाकाल में महालोक, केदारपुरी, बद्रीनाथ और सोमनाथ मंदिर का पुनरुद्धार और अयोध्या में 500 वर्ष के इंतजार का समाप्त होना व प्रभु श्रीराम का पुनरू विराजमान होना। इसके साथ ही इन सभी नगरियों का कायाकल्प भी हुआ है। योगी ने कहा, काशी में पहले 50 लोग एक साथ दर्शन नहीं कर पाते थे और आज 50 हजार भी आ जाएं तो कोई दिक्कत नहीं। उन्होंने कहा, अयोध्या में 500 लोग आ जाते थे तो संकट खड़ा हो जाता था, आज पांच लाख भी आ जाएं तो परेशानी नहीं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि लोकसभा चुनावों में जनता इन मुद्दों को पूरा समर्थन दे रही है। उन्होंने विश्वास जताया, यह समर्थन प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में फिर से प्रचंड बहुमत की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद में बदलेगा। पूरे देश में फिर एक बार मोदी सरकार का स्वर गूंज रहा है। आम जनता फिर से मोदी जी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनने जा रही है। पूर्ववर्ती सरकारों पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस के समय केवल एक एम्स बना था। अटल जी की सरकार के समय छह नए एम्स की स्थापना हुई और मोदी जी के कार्यकाल में इनकी संख्या 22 हो गई है। योगी ने कहा, आईआईटी, आईआईएम, ट्रिपल आईटी का विस्तार और वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज विकास की नई गाथा कह रहे हैं।

### इंडी गठबंधन पूरी तरह फ्लॉप : ब्रजेश पाठक

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के समक्ष आज सोमवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सदस्यता ग्रहण करने वालो में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री चौधरी सरदार सिंह मथुरा, कांग्रेस के नेता व आजमगढ़ से पूर्व सांसद संतोष कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश के पूर्वमुख्यमंत्री स्व कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी वाराणसी, सपा से पूर्व विधायक पहलवान सिंह गोरखपुर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा व पूर्व विधायक कुं. कुशलपाल सिंह मथुरा, बार एसोसिएशन एटा के अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, सपा से पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व जिला पंचायत सदस्य सरिता सिंह अयोध्या स्टेट बैंक अधिकारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगवान बक्श सिंह अयोध्या बसपा से लखनऊ जोन को-आर्डिनेटर, पूर्व जिला अध्यक्ष तथा बसपा के रामजी गौतम के छोटे भाई प्रमोद चौधरी लखीमपुर, बसपा के मंडल कोर्डिनेटर व पूर्व कार्यवाहक जिला पंचायत अध्यक्ष रहे करूणाकर पाण्डेय आदि ने सदस्यता ग्रहण की।

# परिवारवाद और वंशवाद ही इंडी का असली मेनफिस्टो : भूपेंद्र चौधरी

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा टिकट बांटने में परिवार को प्राथमिकता देने पर करारा हमला करते हुए कहा कि उनका समाजवाद से कोई लेना देना नहीं है। अखिलेश यादव सिर्फ परिवार वाद और वंश वाद की राजनीति कर रहे हैं। यह उन पर इस कदर हावी है कि कार्यकर्ताओं को भूल गये हैं। इसकी झलक अखिलेश द्वारा भतीजे को कन्नौज में तेज प्रताप यादव, मैनपुरी में पत्नी डिंपल यादव, आजमगढ़ में भाई धमेंद्र यादव और चाचा शिवपाल को पहले बदायूं से टिकट दिया बाद में बेटे आदित्य यादव टिकट देने में साफदेखी जा सकती है। इसकी वजह से कार्यकर्ताओं में काफी निराशा और हताशा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश को अपना परिवार मानते हैं।

उनकी यह सोच मोदी सरकार की कल्याणकारियों योजनाओं में साफ देखी जा सकती है। यही वजह है कि देश की जनता इस बार 400 पार को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव व उनके इंडी पार्टनर्स वोट बैंक की राजनीति के लिए तुष्टीकरण पर आमादा है। इनका इतिहास ही एक वर्ग विशेष को खुश करने का है। इनका मेनिफेस्टो भी इसी से प्रेरित है। देश और प्रदेश की जनता इनके झांसे में नहीं आने वाली है। वह मोदी के नेतृत्व में सबका साथ और सबका विकास की नीति को पसंद करती है। वह इनके तुष्टीकरण के जाल में फंसने वाली नहीं है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जब अखिलेश यादव अपनी पार्टी ही नहीं संभाल पा रहे हैं तो वह प्रदेश की जनता की भलाई के लिए क्या कदम उठाएंगे। अखिलेश यादव परिवार में इस कदर डूब गये हैं कि अपने कार्यकर्ताओं का टिकट काट कर अपने परिवार को बांट रहे हैं। इतना ही नहीं वह रैली भी उनके लिये ही कर रहे हैं। अखिलेश और इंडी दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। इनके गठबंधन भी परिवार वाद पर खड़ा हुआ है।

## सीएमएस ने यूपीएससी टॉपर आदित्य का किया भव्य स्वागत

**लखनऊ, 22 अप्रैल।** 'मेरी सफलता में सी.एम.एस. का बहुत बड़ा योगदान है, आज मैं जो कुछ भी हूँ उसमें मेरे माता-पिता के आशीर्वाद व सी.एम.एस. के मेरे शिक्षकों की अहम भूमिका है', यह कहना है कि आई.ए.एस. टॉपर व सिटी मोन्टेसरी स्कूल के छात्र आदित्य श्रीवास्तव का, जो सोमवार को सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेस में अपनी अभूतपूर्व सफलता पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। आगे बोलते हुए आदित्य ने कहा कि स्कूल के शुरूआती दिनों में ही सी.एम.एस. ने मेरे भावी जीवन की नींव रख दी थी। आदित्य ने बताया कि यदि भविष्य में उन्हें देश की नीति-निर्धारण का अवसर मिला तो वे स्वास्थ्य एवं बच्चों के लिए कार्य करना चाहेंगे। लखनऊ आने पर सी.एम.एस. के छात्रों व शिक्षकों ने आदित्य श्रीवास्तव का अमौसी एअरपोर्ट पर भव्य स्वागत करते हुए उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया और उनकी अभूतपूर्व सफलता पर हार्दिक बधाईया दी। सी.एम.एस. छात्रों व शिक्षकों ने आदित्य को फूल-मालाओं से सजी खुली जीप में विक्ट्री परेड के रूप में सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम तक ससम्मान लेकर आये। विदित हो कि सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्र आदित्य श्रीवास्तव ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आई.ए.एस.) में ऑल इण्डिया प्रथम रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव सारे देश में बढ़ाया है। आदित्य की सम्पूर्ण प्राथमिक शिक्षा सी.एम.एस. अलीगंज कैम्पस से हुई है एवं इसी कैम्पस से आई.एस.सी. की परीक्षा 97 प्रतिशत अंको से उत्तीर्ण करने के उपरान्त आईआईटी कानपुर से बीटेक किया। आदित्य के पिताजी अजय श्रीवास्तव सेंट्रल आडिट डिपार्टमेंट में एओ के पद पर कार्यरत हैं एवं माताजी श्रीमती आभा श्रीवास्तव गृहणी हैं। विगत वर्ष भी आदित्य ने 236वीं रैंक के साथ आई.ए.एस. की परीक्षा उत्तीर्ण की थी परन्तु सर्वोच्चता के शिखर पर पहुंचने की अभिलाषा में उन्होंने फिर से परीक्षा दी और देश में प्रथम रैंक अर्जित कर अपने सपनों को साकार किया है।

# चुनाव : टीम ने जब्त की अवैध शराब व नकदी

▸ आयोग के निर्देशों का कड़ाई से किया जा रहा है अनुपालन

**समृद्धि न्यूज**

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 21 अप्रैल तक 31648.92 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 2958.56 लाख रुपये नकद, 4222.65 लाख की शराब, 21149.75 लाख की ड्रग, 2161.59 लाख की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.38 लाख की अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस, नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 21 अप्रैल को 129.01 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग व नगदी आदि जब्त किया गया।

इसमें 11.92 लाख रुपये नकद धनराशि, 85.06 लाख रुपये कीमत की 31611.77 लीटर शराब, 28.60 लाख रुपये कीमत की 62850.10 ग्राम ड्रग एवं 3.43 लाख रुपये कीमत की 4490 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी।21 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में बुलन्दशहर की खुर्जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 11.13 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 4280 लीटर शराब पकड़ी गयी।

## 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त, 4299 निरस्त और 19,88,832 लोग पाबन्द

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

सघन जांच के लिए 480 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1836 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 21 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 495 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 4299 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराये गये। शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,94,133 लोगों को पाबन्द किये जाने हेतु नोटिस प्रेषित किये गये है, जिनमें से 19,88,832 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है। पुलिस विभाग द्वारा 7397 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 7471 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 398 बम बरामद कर सीज किये गये। अवैध शस्त्र बनाने वाले 2965 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 145 केन्द्रों को सीज किया गया।21 अप्रैल को पुलिस विभाग द्वारा अपराधिक व्यक्तियों के 01 लाइसेंसी शस्त्र का लाइसेंस निरस्त कर जमा कराया गया। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 24,824 लोगों को पाबन्द किया गया। 147 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 146 कारतूस व 22 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 73 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 05 केन्द्रों को सीज किया गया।

# बीबीएयू में प्रॉक्टर सहित सुरक्षाकर्मियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे छात्र

**समृद्धि न्यूज**

▸ विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर को पद से हटाने की मांग

**लखनऊ।** बाबा साहब भीमराव आंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति आवास के बाहर बुधवार से चल रहे प्रदर्शन के छठवें दिन सोमवार को छात्रों ने अनशन शुरू कर दिया। छात्रों की मांग हैं कि विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर को उनके पद से हटाया जाए और मारपीट के सभी आरोपी सुरक्षा कर्मियों और उनके सुपरवाइजर के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

बुधवार को एसएफआई समर्थित छात्रों ने कुलपति आवास के बाहर विश्वविद्यालय परिसर में साउंड और डीजे सिस्टम लाने के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। इस बीच कुलपति आवास पर तैनात सुरक्षा कर्मियों और छात्रों के बीच तीखी नोंकझोंक शुरू हो गई जो बाद में मारपीट में बदल गई। घटना के बाद कुछ छात्रों को छुटपुट चोटें भी आई। पर घटनाक्रम ने नया मोड़ तब आया, जब सुरक्षा कर्मियों के एरिया मैनेजर ने आशियाना थाने में 4 छात्रों को नामजद करते हुए 25 अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने भी मामले में जांच करने के आदेश दिए हैं। राज्यसभा सांसद रामजी गौतम, स्वामी प्रसाद मौर्या के बाद अब भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर ने भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए पीड़ित छात्रों के पक्ष में आवाज बुलंद की हैं। समाजवादी पार्टी और यूथ कांग्रेस ने भी कार्रवाई की मांग की हैं। वही विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से जांच के लिए प्रो.रामचन्द्र की अध्यक्षता में एक कमिटी गठित की गई हैं।

शनिवार को पीड़ित दलित छात्रों से मिलने जा रहे समाजवादी छात्र सभा के प्रतिनिधिमंडल को विश्वविद्यालय प्रशासन ने गेट पर ही रोक दिया था। जिसके बाद समाजवादी प्रतिनिधि मंडल गेट पर ही धरने पर बैठ गया था। समाजवादी छात्र सभा के प्रतिनिधियों का आरोप हैं कि करीब 40 सुरक्षा कर्मियों ने बेरहमी से छात्रों को पीटा पर 4 दलित छात्र अश्विन, विकास, राहुल, आलोक राव सहित 25 अन्य छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

**जागरुकता**

### बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

# प्लास्टिक के स्थान पर कपड़ों से बने बैग का करें इस्तेमाल

**समृद्धि न्यूज**

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
विद्या विहार रायबरेली रोड, लखनऊ
स्वच्छ भारत पखवाड़ा
2024

▸ इस साल की थीम का मकसद लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए करना है प्रेरित

**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ में एन. सी. सी. इकाई ( 20 यू.पी. गर्ल्स बटालियन व 67 यू.पी. बटालियन एनसीसी) एवं विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह, कर्नल रत्नाकर त्रिवेदी कमांडिंग अधिकारी 20 यू.पी. गर्ल्स बटालियन, कर्नल पुनीत श्रीवास्तव कमांडिंग अधिकारी 67 यू.पी. बटालियन, एनसीसी के दिशा निर्देशन में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर ग्रह बनाम प्लास्टिक विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, कैप्ट. डॉ. राज श्री ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए, सेमिनार का विषय परिचय देते हुए भारत में प्लास्टिक उपयोग के बारे में लोगों को जागरूक किया। सभी अतिथियों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. राम चंद्रा, डायरेक्टर आई.क्यू. ए. सी. मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के उपयोग से हम सभी के जीवन पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। इस साल की थीम का मकसद लोगों को प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए प्रेरित करना और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम से कम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. प्रीती मिश्रा, डीन एस एल एस ने बताया कि प्लास्टिक के उपयोग से हमारा जीवन बहुत प्रभावित हुआ है उन्होंने बताया की हमेशा कचरे को अलग-अलग करके ही रखना चाहिए और हमें पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन भी करना चाहिए। इसी क्रम में प्रो. शशि कुमार ने बताया कि हमें अपनी दिनचर्या में कम से कम प्लास्टिक का उपयोग करे उसके स्थान पर कपड़ों से बने बैग का उपयोग करना चाहिए।

डॉ. बबिता पाण्डेय ने प्लास्टिक से होने वाली हानिया व इसके कु प्रभाव के बारे में बताया तथा कार्यक्रम के आयोजक ले. डॉ मनोज कुमार डडवाल ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा विश्वविद्यालय के छात्र अभिषेक, डॉ . क्षितीज, आशुतोष त्रिपाठी एन सी सी कैडेटस शुभम सिंह, अंकिता मिरी, आर्यन शर्मा, शिवांगी सिंह, नव्या ने भी अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। इसी क्रम में स्वच्छता पखवाड़ा का भी आयोजन किया गया जिसमें जागरूकता अभियान/रैली का आयोजन किया गया जिसमे एनसीसी कैडेट्स के अलावा बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के छात्र/छात्राएं मौजूद रहे।

# शुभ मुहूर्त होने के बावजूद बैंक के रवैये से हलकान हैं उपभोक्ता

**मनकापुर /गोन्डा, समृद्धि न्यूज।**


समस्त स्टाफ की चुनाव मे ड्यूटी लगी है। इसलिए आज कार्य बाधित रहेगा।

हजारो बैंक उपभोक्ता को जब परेशानी हुई वे रुपए के लेन देन के लिए मनकापुर पंजाब नेशनल बैंक पहुंचे पंजाब नेशनल बैंक के गेट पर लिखकर टांगा गया था कि समस्त स्टाप की ड्युटी चुनाव में लगी है इसलिए बैंक का कार्य बाधित रहेगा।

जो प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े होने वाजिब है। एक ओर किसान को गेंहू मड़ायी, से लेकर अन्य यंत्र खर्च होते हैं फिर बैंकिग के दिन सम्सत स्टाप की ड्युटी लगाना कही न कही प्रशासनिक लापरवाही की संज्ञा दी जायेगी। जबकि प्रशासनिक व्यवस्था को समूचे स्टाप की ड्युटी नहीं लगानी थी। रुपये के लेन-देन मे लोगों को इलाज से लेकर विभिन्न प्रकार की जरूतें होती है जिसके कारण हजारों उपभोक्ताओं को मायूस होकर घर लौटना पड़ा। जबकि यह बैंक केवल किसानों के हित को देखते हुए गन्ना सहकारी समिति ने खुलवा था। जिसमे केवल अधिकतर खाते किसान के ही पाये जाते हैं। अव्यवस्था पर उप प्रबंधक से जानकारी हासिल करने का प्रयास किया गया परन्तु उनका फोन नहीं उठा।

## हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में भव्य भंडारे का आयोजन आज

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर भव्य भंडारे का आयोजन 23 अप्रैल को रेलवे स्टेशन गोंडा के सामने श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह सेवा समिति की ओर से किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष पवन जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, महासचिव बच्चा जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विगत 15 वर्षों से लगातार भंडारा किया जा रहा है। जिसमें ट्रेन की यात्रा कर आए भूखे, प्यासों को प्रसाद रूप में हजारों की संख्या में लोगों को भोजन कराया जाता है। इस भंडारे में रेल कर्मियों, वेंडरों व सतई पुरवा सहित क्षेत्र वासियों का विभिन्न प्रकार से सहयोग किया जाता है। भंडारा प्रात: 10 :30 बजे से शुरू होकर हरि की इच्छा तक चलता रहेगा।

# यूपी बोर्ड रिजल्ट : गोंडा के अभिषेक तिवारी का जिले में चौथा स्थान

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद गोंडा के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज इटियाथोक के छात्र अभिषेक तिवारी ने गोंडा में चौथा व उत्तर प्रदेश में 11वां स्थान प्राप्त किया है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक व टीचर ने भी अभिषेक तिवारी को फूल माला पहनकर सम्मानित किया। अभिषेक तिवारी की माता ग्रहणी व पिता किसान हैं अभिषेक आईपीएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना चाहता है वहीं इस खुशी के मौके पर तमाम लोगों ने बधाइयां दी अभिषेक ग्राम परसापुर इटियाथोक गोंडा का रहने वाला है।

राजन अवस्थी पुत्र शिव शंकर अवस्थी निवासी ग्राम चिलबिला खत्ती पुर का 12वीं का रिजल्ट 90.60 प्रतिशत नंबरों से पास हुआ वहीं 20 अप्रैल गोंडा, हाई स्कूल में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली छात्रा कुमारी प्रज्ञा श्रीवास्तव ने 97.50 प्रतिशत अंक पाकर जनपद में प्रथम स्थान हासिल किया है। इनके पिता श्री अविनाश श्रीवास्तव आर.एस.आई. है। माता श्रीमती प्रतिभा कुशल ग्रहणी है जो विष्णुपुरी कॉलोनी में रहती है प्रज्ञा की इच्छा सिविल सेवा में जाकर देश का व जनता की सेवा करना है प्रज्ञा का शौक गणित विषय पर विशेष अध्ययन करना है। जबकि सना, शिवाकांत, और बुशरा जबी इंटर में जिले में संयुक्त रूप से प्रथम 96.60 प्रतिशत पर है। ये बच्चों क्रमशः सरदार पटेल इंटर कॉलेज विनोहनी, अर्जुनपुर इटियाथोक, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर इटियाथोक तथा इंद्र कुंवर स्मारक इंटर कॉलेज रामतीर्थ नगर इटियाथोक के हैं।

सना और बुशरा ने अपना लक्ष्य डॉक्टर बनने का बताया है तो शिवाकांत ने इंजीनियर बनकर देश की सेवा करने को कहा। सभी ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया है। विनोहिनी विद्यालय के प्रबंधक श्री चंद्र प्रकाश वर्मा ने सभी बच्चों को बधाई दी है और उज्जवल भविष्य कामना की है।

## खबरें एक नजर में

### पुलिस की प्रताड़ना से क्षुब्ध युवक ने फंदा लगाकर दी जान

- पुलिस पर थर्ड डिग्री देने का आरोप

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** जिले के बालापुर गांव निवासी एक युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। पिता ने पुलिस पर घूस लेने, पुत्र की पिटाई करने और ब्लैक मेल करने का आरोप लगाया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बालापुर के कथिकनपुरवा निवासी अनूप कुमार (18) पुत्र समय प्रसाद की शनिवार शाम घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक के पिता सम्मय प्रसाद ने बताया कि उनके लड़के की शादी श्रावस्ती जनपद के भिनौनी गांव से कुंजीलाल पुत्र भुलावन के लड़की से तय हुई थी। जिसका 18 अप्रैल को तिलक हो चुका था, 26 अप्रैल को शादी होनी थी। इसी बीच शनिवार की सुबह मेरे गांव के मनोज कुमार पुत्र कृष्ण कुमार जो लड़की के मौसा हैं ने शादी करने को लेकर ब्लैक कर रुपए की मांग करने लगे। अन्यथा दहेज के मामले में फंसा देने की धमकी दी। इसी बात को लेकर शादी टूट गई। मामला पुलिस चौकी धनुहीं पर पहुंचा। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर आमने-सामने समझौता करवा दिया गया। मृतक के पिता समय प्रसाद ने बताया कि सुलह कराने के लिए 10 हजार रुपए पुलिस की ओर से मांग की गई, जिसे न दे पाने पर पुलिस ने मेरी व मेरे लड़के की पिटाई की और लिखा पढ़ी करने के बाद सुलह करके पुलिस ने मुझे छोड़ दिया। समय प्रसाद का आरोप है कि रास्ते में मुझे और मेरे बेटे को मनोज व कुंजीलाल ने काफी मारा पीटा शाम को मैं घर आया तथा खेतों में कार्य करने के लिए चला गया। लौट कर आया तो देख मेरा लड़का घर में मृत पड़ा था। ऐसे में बेटे की पुलिस और लड़की के रिश्तेदार की पिटाई की वजह से जान गई है। प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। मामले की तहकीकात की जा रही है, शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

### छह दिवसीय स्थापत्य व वास्तु ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ

प्रशासनिक भवन
कुन्दरखी - गोण्डा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, इकाई कुंदरखी में 21 अप्रैल दिन रविवार को छः दिवसीय स्थापत्य एवं वास्तु ज्ञान यज्ञ का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर प्रात: काल यूनिट की सभी माताओं, बहनों तथा पुरुषों ने हर्षोल्लास व उत्साह के साथ वैदिक रीति से पूजन अर्चन के बाद वृहद् कलश यात्रा का आयोजन किया। तत्पश्चात विधिवत व्यास पूजन व वरण किया गया। कथा कार्यक्रम में आज के मुख्य अतिथि विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय तथा डॉ. एस.के. सिंह, राज्य सलाहकार, (उ.प्र. सरकार) रहे। कथा व्यास आचार्य सुशील बलूनी ने सभी सुधि जनो तथा बजाज परिवार का इस आयोजन को करवाने के लिए धन्यवाद देते हुए अगले छः दिनों के कार्यक्रमों के बारे में श्रोताओं को अवगत कराया। आज प्रथम दिवस आचार्य बलूनी जी ने बताया कि 卐प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाकर जीवन को जीने की कला हीं वास्तु शास्त्र है।卐 वास्तु शास्त्र में आध्यात्मिक व् प्रयोगात्मक पक्षों पर विशेष चर्चा हुई। प्रभु श्री राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए आचार्य जी ने समभाव में कैसे जीवन को जीना चाहिए तथा माताओं, बहनों को अपना समग्र विकास कर अपनी संतानों व समाज में कैसे संस्कार प्रेषित करने चाहिए, इस पर विशेष टिप्पणी की। कथा के बीच में यूनिट के बच्चों ने सुन्दर प्रस्तुति दी तथा पुरे मनोभाव से कथा में भाग लिया। वहीं यूनिट हेड पी.एन. सिंह एवं जोनल एच.आर. हेड एन.के. शुक्ला ने संयुक्त रूप से बताया कि 21 अप्रैल से 26 अप्रैल 2024 तक प्रतिदिन सायंकाल 4.00 बजे से हरी इच्छा तक कथा चलेगी। आज कथा के प्रथम दिन जीएम केन एन.के. दुबे, उत्पादन हेड राघवेन्द्र श्रीवास्तव, वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक निखिलेश सिंह, सुरक्षा प्रमुख धर्मेन्द्र मिश्रा व कमलेश कुमार व चीनी मिल के अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों सहित सैकड़ों माताओं, बहनों व बच्चों ने कथा का श्रवण किया।

# शिवम पांडेय ने साइकिल भेंटकर छात्र को किया सम्मानित

**गोंडा समृद्धि न्यूज़**

यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र शिवाकांत पांडेय पुत्र राजमणि पांडे निवासी करवापारा थाना इटियाथोक के आवास पर पहुंचकर राष्ट्रीय छात्र पंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवम पांडेय ने छात्र को साइकिल देकर सम्मानित किया गया छात्र को आगे पठान पाठन में कोई भी परेशानी आने पर सभी प्रकार के सहायता के लिए आश्वासन दिया है वह उन्होंने बताया है कि इस छात्र ने अपने गांव का ही नहीं पूरे जनपद का नाम प्रदेश में ऊंचा किया है इस छात्र की वजह से आज पूरे जनपद की प्रदेश में एक अच्छी इमेज बनी है इस छात्र ने यह भी साबित कर दिखाया है की प्रतिभा किसी जगह की मोहताज नहीं होती छात्र को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामनाएं इस अवसर पर रंजीत पांडेय, सतीश मिश्रा, सूरज शुक्ला, शुभम तिवारी, रामवृक्ष कुमार, लवलेश मिश्रा सूरज द्विवेदी आदि लोग उपस्थित रहे।

# खबर का असर : दबंग के खिलाफ हुई कार्रवाई

## कटे थे हजारों पेड़, मात्र 97 पेड़ों पर वन विभाग ने की कार्रवाई

**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

जामुन के पेड़ों पर चल रहा आरा, जिम्मेदार अनजान

मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज

विगत दिवस 19 अप्रैल 2024 को वन विभाग रेहरा रेंज की एक खबर दैनिक समृद्धि न्यूज़ में प्रकाशित होती है जिसमें रेहरा रेंज के पिपरा बीट के अंतर्गत कल्लू पांडे के फार्म पर जामुन के अवैध कटान को लेकर खबर प्रकाशित होने के बाद वन विभाग के कर्मचारियों ने संज्ञान लेते हुए क्षेत्र का दौरा किया और अवैध तरीके से काटन कर रहे जामुन के पेड़ पर कार्रवाई के नाम पर जबरदस्त खाना पूर्ति किया गया आपको बताते चले की बीते दो सप्ताह से लगातार बिना परमिट के जामुन के पेड़ कट रहे थे लेकिन वन विभाग के कर्मियों को खबर भी नहीं था लेकिन जैसे ही समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित होती है तो जांच के नाम पर खाना पूर्ति किया जाता है जहा कई एकड़ में हजारों पेड़ो को काटा गया वही वन क्षेत्राधिकारी रेहरा रेंज आर के पांडेय ने बात करते हुए बताया की हमे मौके पर मात्र 97 पेड़ वा 15 बोंटा ही कटा मिला था जिस पर हमने कल्लू पांडेय ह्य/श अम्बिका प्रसाद पांडेय ग्राम सोरिहवा मनकापुर गोंडा के खिलाफ ग्रामीण वृक्ष अधिनियम 1976 के 4/10 के तहत सीआरपीसी 154 की कार्यवाही किया है जहा कई एकड़ में बिना परमिट हजारों पेड़ काटे जाते है वही मात्र 97 पेड़ पर कार्यवाही करके वन क्षेत्राधिकारी रेहरा रेंज सराहना लूट रहे है और वन विभाग के उच्च अधिकारी भी क्षेत्राधिकारी सहित अन्य कर्मचारियों की पीठ थपथपाने में लगे है जिस तरह उच्च अधिकारियों के संज्ञान में होने के बाद मामले में इस तरह का 10प्रतिशत पर कार्यवाही करके 90प्रतिशत पर लीपा पोती कर दिया जाता है इससे यह स्पष्ट होता है कि वन विभाग का सिस्टम पूरी तरीके से जर्जर हो चुका है और भ्रष्टाचार में लिप्त है अब देखना यह होगा कि संपूर्ण वन विभाग मिलकर इतने बड़े भ्रष्टाचार पर कुछ कार्रवाई कर पता है या पहले की भांति इस पर लीपा पोती करके मामले को रफा दफा कर दिया जाएगा।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर सोनबरसा में आयोजित हुए विविध कार्यक्रम

**मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आझाराम मनकापुर में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर चित्र कला, निबंध लेखन व पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ ऐक्शन एड की ब्लाक समन्वयक नूरजहां शाह द्वारा नीम का पौध लाकर स्कूल में रोपित किया। इस अवसर पर शिक्षक बलजीत सिंह कनौजिया, शताब्दी वर्मा, देवेंद्र प्रताप, सुरेश कुमार, अनुराधा मिश्रा व पूनम यादव उपस्थित रहीं। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में सूरज कुमार,राज कुमार, अंशिका मौर्य,मालती,साविरा, अजीत, माधुरी, अंकित मौर्य, साविर अली, मंजीत, अर्चना, साक्रिा, सेजल, आकाश, वृजमोहन आदि बच्चों के कार्य सराहनीय रहे।

# दो दिन से लापता युवक का नदी में उतराता मिला शव

- देर शाम को हुई मृतक की पहचान, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर से सटे सरयू नदी के गोलवाघाट पुल के नीचे एक युवक का शव रविवार शाम उतराता मिला। पुलिस ने शव को निकलवाया। पहचान न होने पर फोटो व वीडियोग्राफी कराकर मार्च्युरी मे रखवाया गया था। इसी दौरान युवक की तलाश कर रहे परिजनों ने सोशल मीडिया पर वायरल फोटो देखकर मार्च्युरी पहुंच कर पहचान की है। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।देहात कोतवाली के बहराइच लखनऊ हाईवे के मरी माता मंदिर गोलवाघाट के पास रविवार शाम को लोगों ने युवक की लाश नदी में उतराती देखी। इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। चौकी इंचार्ज टिकोरा मोड़ शैलेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस ने तैराक बुलाकर शव निकलवाया। शव की पहचान के प्रयास विफल होने पर फोटो व वीडियो ग्राफी कराकर मार्च्युरी मे रखवाया गया। इसी दौरान नगर कोतवाली के काजीपुरा निवासी लोगों ने रविवार शाम मार्च्युरी पहुंच कर शव की पहचान काजीपुरा निवासी गुड्डु पुत्र जमील के रूप में की। कोतवाल बृजेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

# कार में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चालक समेत छह घायल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

- लखनऊ से वाहन की बुकिंग कर जा रहे थे श्रावस्ती

नानपारा बहराइच मार्ग पर सोहरवा गांव के पास देर रात को कार में अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मरी दी। जिसमें दंपती और मासूम बेटे समेत छह लोग घायल हुए हैं। सभी अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया गया है। श्रावस्ती जिले के मल्हीपुर थाना क्षेत्र के पटपरगंज निवासी हाशिम गांव के अन्य लोगों के साथ मुंबई में रहकर कैटरिंग का काम करते हैं। वहीं पर बच्चे पढ़ाई करते हैं।

इस समय गर्मी की छुट्टी होने के चलते हाशिम अन्य परिवार के लोगों के साथ मुंबई से ट्रेन द्वारा लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन रविवार शाम को सात बजे उतरे।इसके बाद एक वाहन की बुकिंग कराई। वाहन में परिवार के इस्माइल पुत्र सूबेदार, मीना पत्नी हाशिम, हाकिम पुत्र इस्माइल, आफरीन पत्नी हाकिम, मोहम्मद अजान (8 माह) पुत्र हाकिम और तीन बच्चे सभी श्रावस्ती जनपद के मल्हीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पटपरगंज के लिए रवाना हुए।

वहीं नानपारा बहराइच मार्ग पर राम गांव थाना क्षेत्र के सोहरवा गांव के पास कार में दूसरे चार पहिया अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें चालक समेत अन्य लोग घायल हो गए। सभी को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें चार लोगों को अधिक चोट आई है। कार चालक का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। उधर शहर के स्टेशन रोड पर देर रात को अज्ञात वाहन ने चार पहिया वाहन में टक्कर मार दी। जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि घायल नहीं हुआ।

### पूर्व ग्राम प्रधान ने बुलवाया एंबुलेंस

सोहरवा गांव में सड़क हादसे के बाद रात 11 बजे सभी घायल तड़प रहे थे। तभी एक कार्यक्रम में शामिल होकर रिसिया थाना क्षेत्र के गोकुलपुर के पूर्व ग्राम प्रधान मेराज अहमद किसी कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे। उन्होंने घायलों को देख अपना वाहन रुकवाया और 108 एंबुलेंस को फोन कर सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

# पानी की तलाश में आबादी में पहुंचा हिरण

- हादसे में हुआ घायल, ग्रामीणों ने पकड़ा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

फखरपुर थाना के रूकनापुर बाजार में एक हिरण सोमवार को पानी की तलाश में भटकते हुए आ गया। हिरण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी आम लोगों के लिए मुसीबत का शबब बनी हुई हैं। आम लोगों के साथ वन्य जीवों को भी परेशान कर रही है।बहराइच वन प्रभाग के कैसरगंज अंतर्गत रूकनापुर बाजार में सोमवार दोपहर में एक हिरण पानी की तलाश में भटकता हुआ आ गया। सड़क पार करते समय हिरण को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों ने हिरण को कब्जे में लेकर उसे पानी पिलाया। हिरण के मुंह पर गंभीर चोट आई है। इसकी जानकारी गांव के लोगों ने वन विभाग को दी। वन विभाग की ओर से हिरण को कब्जे में रेंज कार्यालय में इलाज किया जा रहा है।

# इंडिया गठबंधन और आवाम पार्टी के प्रत्याशी ने किया नामांकन

- यह चुनाव संविधान बचाने और पिछड़ों को हक दिलाने के लिए है : इंडिया गठबंधन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में नामांकन दाखिल किया। इसके बाद उन्होंने प्रेस वार्ता कर संविधान और पिछड़ों के हक को बचाने की अपील की।

उधर राष्ट्रीय आवाम पार्टी के प्रत्याशी ने भी नामांकन किया। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए नामांकन चल रहा है। कलेक्ट्रेट में स्थित नामांकन के पांचवे दिन 56-बहराइच सुरक्षित सीट से गठबंधन के प्रत्याशी रमेश कुमार गौतम अपने समर्थकों के साथ पहुंचे। उन्होंने अपने पांच प्रस्तावकों के साथ नामांकन स्थल पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी को नामांकन पत्र सौंपा। इसके बाद उनका नामांकन पत्र दाखिल हुआ। नामांकन करने करने के बाद सपा प्रत्याशी रमेश गौतम ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने और पिछड़ों को हक दिलाने के लिए है। ऐसे में मतदाता ही सबकुछ हैं। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह, सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव, सपा नेता अब्दुल मन्नान, जफर उल्ला खां बंटी समेत सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद रहे। उधर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए नामांकन पत्र भारतीय अवाम पार्टी (राष्ट्रीय) से अरविन्द कुमार ने नामंकन पत्र दाखिल किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि गठबंधन के प्रत्याशी ने चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया है।

# ग्राम पंचायत सचिव ने मतदाताओं को किया जागरूक

- बोलीं- लोकतंत्र के इस पर्व में निर्भय होकर करें वोट
- 13 मई बहराइच, 20 मई कैसरगंज को वोट करें, पहले मतदान फिर जलपान की अपील

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रयासरत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी ,मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर,पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने लोगों को निर्भय होकर मतदान के लिए दिन प्रतिदिन जागरूक कर रही है। लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रकार से प्रयास कर रही हैं। शत प्रतिशत मतदान के लिए दौड़ प्रतियोगिता, निबंध लेखन के साथ-साथ कुछ ही दिन पूर्व बहराइच में मरी माता से पुलिस लाइन तक लेकर कई हजारों की संख्या में प्रशासनिक अधिकारी और छात्रों ने मिलकर मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को जागरुक कर शपथ दिलायी थी। इसी क्रम में 15 अप्रैल से लेकर 25 अप्रैल तक लोगों को जागरुक और बिना किसी भेदभाव, लालच व निडर होकर मतदान के लिए तहसील स्तर ब्लॉक स्तर के साथ-साथ ग्राम पंचायत स्तर पर भी लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को ग्राम पंचायत सचिव नीलम वर्मा के कुशल निर्देशन में ग्राम पंचायत नत्थनपुर,पवही,आगापुर, हैदरपुर नौबस्ता,सलहुआ,बुढ़ानपुर में मतदाता जागरूकता अभियान की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इन ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान,पंचायत सहायक, पंचायत सदस्य, आशा बहू आंगनवाड़ी,कोटेदार सहित ग्राम पंचायत के संभ्रांत व्यक्तियों ने मिलकर निर्भय, निष्पक्ष होकर शत प्रतिशत मतदान के लिए शपथ ली। ग्राम पंचायत सचिव नीलम वर्मा ने ग्राम पंचायत नत्थनपुर में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शिव दर्शन पाठक, पंचायत सहायक शशि यादव, कोटेदार प्रतिनिधि गंगा प्रसाद, कंपोजिट विद्यालय प्रधानाध्यापक अकील अहमद, शिक्षा मित्र राजश्री मिश्रा ,फूल जहां सहित सैकड़ो ग्राम के सम्मानित संभ्रांत व्यक्तियों की उपस्थिति में सभी लोगों को शपथ दिलाई और लोगों ने वादा किया कि हम लोग प्रतिबद्धता से सर्वप्रथम मतदान करेंगे फिर जलपान करेंगे और अपने घर के पास पड़ोस और रिश्तेदारों को बताएंगे कि इस लोकतंत्र के पर्व में निष्पक्ष बिना किसी भेदभाव व लालच के मतदान करिए।

## संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर की जाएगी माइक्रोआर्ब्जवर्स की तैनाती

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से जिले के क्रिटिकल एवं संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर माइक्रोआब्र्ज़वर्स की तैनाती की जाएगी। मतदान केन्द्रों पर तैनात होने वाले माइक्रोआब्ज़र्वर्स के लिए किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे माइक्रोआब्जर्वर्स से ईडीसी सहित विभिन्न प्रपत्रों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि आम लोग भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अध्ययन अपने उत्तरदायित्वों के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी कार्मिक/सीडीओ रम्या आर, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. सी.के. वर्मा, अधि.अभि. ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग सुजीत कुमार सिन्हा सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- पर्यावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के बारे में स्कूल के बच्चों को किया प्रेरित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकोरा मोड़
निर्माण/स्थापना वर्ष 1992
जन वाचन

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रशासक, ग्रेटर शारदा सहायक समादेश क्षेत्र विकास प्राधिकारी/परियोजना, लखनऊ डॉ. हीरालाल आईएएस के मार्गदर्शन में जनजागरूकता अभियान के तहत ग्राम पंचायत-हेमरिया स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय टिकोरा मोड़ में कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, बहराइच के तत्वावधान में पृथ्वी दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में प्रधानाचार्य, सहायक अध्यापक व स्कूल के बच्चों की उपस्थिति में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पृथ्वी दिवस की महत्ता, पृथ्वी बचाओं-जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी आकांक्षा यादव द्वारा विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम को भूमि संरक्षण अधिकारी राम चन्द्र, विद्यालय के प्रधानाचार्य उदय शंकर त्रिपाठी, हीरालाल यादव अवर अभियन्ता एवं ओम प्रकाश पाण्डेय लेखाकार के द्वारा भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये। उक्त आयोजन में आमंत्रित पर्यावरणविद् रमेश चन्द्रा एवं उनके साथ सहयोगी पुष्पा ने भी भाग लियां एवं उनके द्वारा भी पर्यावरण को स्वच्छ व सुन्दर बनाने के बारे में महत्वपूर्ण प्रकाश डालते हुए स्कूल के बच्चों को प्रेरित किया गया। इसके उपरान्त पृथ्वी दिवस की महत्ता, पृथ्वी बचाओं-जीवन बचाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओं, पर्यावरण एवं जल संरक्षण व जलवायु परिवर्तन के सम्बन्ध में भूमि संरक्षण अधिकारी महोदया आकांक्षा यादव द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई।

# लैब टेक्निशियन ने किया गर्भवती का ऑपरेशन, नवजात की मौत

### महिला की हालत गंभीर

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

हरचंदपुर इलाके के एक निजी नर्सिंग होम में लापरवाही के कारण नवजात की मौत हो गई, जबकि महिला की हालत गंभीर हो गई। गर्भवती को परिवार के लोग प्रसव के लिए यहां लेकर आए थे। उनका आरोप है कि चिकित्सक के बजाय लैब टेक्नीशियन अन्य सहकर्मियों के साथ डिलीवरी करा रहा था। वहीं शिकायत के आधार पर पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

> सीएमओ डॉ बीरेंद्र सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। सीएचसी अधीक्षक को भेजकर जांच करवायी जाएगी, जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **वीरेंद्र सिंह**
> **(सीएमओ रायबरेली)**

हरचंदपुर थाना क्षेत्र के स्थानीय निवासी आनंद मोहन श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी पत्नी विशाखा श्रीवास्तव गर्भवती थी। रविवार को प्रसव पीड़ा होने पर उन्हें इलाके के उपमा सुर्जरानी पॉलीक्लिनिक में भर्ती कराया गया। यहां नर्सिंग होम संचालक नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि ऑपरेशन के जरिए डिलीवरी करानी होगी। इस दौरान देर रात पत्नी का दर्द अचानक बढ़ गया। इस पर चिकित्सक से डिलीवरी कराने के बजाय नीरज खुद ही अन्य सहयोगियों के साथ ऑपरेशन करने लगा।

इस दौरान नाल काटते समय नवजात की मौत हो गई। विशाखा की भी हालत गंभीर हो गई। आनंद मोहन श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि नीरज श्रीवास्तव के पास कोई डिग्री नहीं है। वह केवल लैब टेक्नीशियन है। ऑपरेशन के दौरान कोई सर्जन चिकित्सक मौजूद नहीं था। वहीं आनंद मोहन श्रीवास्तव ने 112 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने नर्सिंग होम संचालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया।

मामले को लेकर अभी नर्सिंग होम संचालक का पक्ष नहीं आ पाया है।

# संदिग्ध अवस्था में मिला अज्ञात बुजुर्ग महिला का शव, हड़कंप

**खीरों (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के बखत खेड़ा मजरे रमुवापुर दुबई में गंगा एक्सप्रेस वे के पास सोमवार सुबह 6 बजे खेतो में एक 70 वर्षीय लावारिस बुजुर्ग महिला का शव मिला।महिला का शव मिलने से आस पास हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की काफी भीड़ एकत्रित हो गई।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा।पुलिस द्वारा महिला के शव की पहचान कराने के

लिए आस पास लोगो से पूछताछ की पर शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। इस संबंध में खीरों थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है। शव की शिनाख्त कराई जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। कोतवाली क्षेत्र की एक मां ने महराजगंज कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि उसकी पुत्री उम्र 16 वर्ष के साथ 20.4.2024 की दोपहर 2:00 बजे हेमंत कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद निवासी गहिरा मजरे मोन द्वारा छेड़छाड़ की गई तथा विरोध करने पर मारपीट की गई। वही लड़की की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पॉक्सो एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### अभियंता ने अधीनस्थ अधिकारी को लात घूसों से पीटा

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रेल कोच के आईटी विभाग के उप मुख्य आंतरिक अभियंता अमित कुमार ने अपने अधीनस्थ वरिष्ठ अनुभाग अभियंता को उसके कार्यालय में जाकर जमकर लात घूसों स से मारा पीटा है और उसे मां बहन की गाली भी दिया है। मारपीट में गंभीर रूप से घायल वरिष्ठ अनुभाग अभियंता संतोष कुमार मौर्य ने बताया कि उनके उच्च अधिकारी अमित कुमार आए दिन कर्मचारियों का उत्पीड़न करते थे जिसकी शिकायत एक दर्जन से अधिक कर्मचारियों ने जीएम सहित उच्च अधिकारियों और यूनियन से की थी जिससे कुपित होकर अमित कुमार सोमवार को उनके कार्यालय मिनी एडमिन बिल्डिंग में आए और आते ही कहने लगे कि तुमने मेरी शिकायत की है और गलीज गलौज करते हुए जमकर मारा पीटा। संतोष मौर्य का कहना है कि मारपीट की घटना में उन्हें गंभीर चोटे आई हैं । डिप्टी सीएमई अमित ने उसे गिरा गिरा कर फर्श पर मारा पीटा। उसके मुंह नाक से ब्लड आने लगा था। मारपीट के बाद अमित गाली गलौज करते हुए निकल गया। उसे उसके साथी कर्मचारियों ने एंबुलेंस के द्वारा रेल कोच के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लालगंज सरकारी अस्पताल भेज दिया। सरकारी अस्पताल में मौजूद डॉक्टर आरके तिवारी ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर किया है ।

### मेधावियों को किया सम्मानित

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के उत्कर्ष पब्लिक इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा 2024 मे उत्तीर्ण इंटर एवं हाईस्कूल परीक्षा फॉर्म में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र एवं छात्राओं को नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, दयानंद पीजी कालेज के प्राचार्य डॉक्टर सुभाष चंद्र श्रीवास्तव ने सम्मानित किया तथा उन्होंने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना भी कीद्य विद्यालय में हाई स्कूल में आयुषी गुप्ता ने सर्वाधिक 94 प्रतिशत, मीनाक्षी ने 92प्रतिशत, राजवीर ने 91 प्रतिशत, नम्रता सिंह ने 90प्रतिशत वही इंटर में जीतू ने 94प्रतिशत, अशिका वर्मा ने 92प्रतिशत एवं रितिका शर्मा ने 90प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस मौके पर प्रवीण शुक्ला, सभासद सतीश तिवारी, जगदेव प्रसाद यादव, सामाजिक कार्यकर्ता अखिलेश चौधरी, विद्यालय के संस्थापक भगवान कुमार अवस्थी सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### तीन मई से सैयद शाह बाबा के सालाना उर्स आगाज

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बछरावां नगर में हिंदू मुस्लिम कौमी एकता का प्रतीक बछरावां का ऐतिहासिक सैयद शाह, मखदूम शाह व हाफिज रौनी रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स शरीफ मेला आपसी सद्भाव की भावना को मजबूत करने के लिए प्रतिवर्ष उर्स कमेटी द्वारा आयोजित किया जाता है। बछरावां में प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग पर हजरत सैयद शाह, मखदूम शाह व हाफिज रौनी रहमतुल्ला अलैह के सालाना उर्स शरीफ का तीन मई से आगाज होगा। तीन मई को जुम्मा की नमाज के बाद कुरान ख्वानी बाद नमाज इशा जश्ने ईद मिलादुन्नबी से शुरू होगा। जिसमें मुल्क के तमाम मौलाना शिरकत करेंगे। वही 4 मई दिन शनिवार को महफिले शमा जवाबी उजाला परवीन कानपुर व शरीफ परवाज कानपुर के बीच आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही साथ उर्स के अंतिम दिन 5 मई दिन इतवार को भी महफिलें शमा जवाबी सनम वारसी संभल मुरादाबाद व फैजान अजमेरी मैनपुरी एटा के बीच आयोजित किया जाएगा। इस उर्स का का आयोजन सेक्रेटरी निजामुद्दीन, खजांची शहाबुद्दीन, नायब सेक्रेटरी भैय्यन हुसैन, उर्स कमेटी के मीडिया प्रभारी अंकुर चौधरी, नायब खजांची रेशू मंसूरी, अनस मंसूरी, इमरान मंसूरी, प्रचारक तुषार मंसूरी, प्रचार मंत्री राजू मंसूरी व डॉक्टर सीएम त्रिपाठी की देखरेख में उर्स का आयोजन किया जाएगा।

# विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष का बेटा लापता

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष का बेटा लापता हो गया है। मामला सलोन थाना इलाके के सिटीजन पब्लिक स्कूल के पास का है। यहाँ के रहने वाले विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष का बेटा निखिल तिवारी ; 17 वर्षद्ध एक दिन पहले सलोन कस्बा किसी काम से गया था। देर रात तक परिजनों ने उसकी खोजबीन की लेकिन उसका पता नहीं चल सका। आज संजय तिवारी ने घर के सामने रहने वाले पटेल परिवार पर अपहरण किये जाने का शक जताते हुए तहरीर दी तो

पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**कुछ दिनों पहले मिली थी धमकी**

विहिप प्रखंड अध्यक्ष संजय तिवारी के मुताबिक घर के सामने रहने वाले पटेल परिवार से पुरानी रंजिश है जिसे लेकर कुछ दिन पहले ही उन लोगों ने धमकी दी थी।

लड़के के पिता संजय तिवारी ने बताया सामने रहने वाले राजेश पटेल और उनके परिवार के लोग आए दिन मुझे धमकी देते रहते थे। उनके साथ मेरा जमीन का कुछ विवाद चल रहा है और मुझे यह धमकी लगातार मिल रही थी कि तुम्हे मरवा देंगे। मुझे ऐसा लगता है इन्हीं लोगों ने मेरे बेटे का अपहरण कर लिया है।

इस संबंध में सलोन कोतवाल ने बताया कि अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कार्रवाई की जा रही है।

# दो बाइकों की टक्कर में दम्पति घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार दोपहर जितेंद्र उम्र लगभग 25 वर्ष पुत्र भोला निवासी रत्नापुर अपनी पत्नी उर्मिला उम्र लगभग 24 वर्ष को लेकर वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने बाछूपुर गांव जा रहे थे। इसी दरमियान लखनऊ प्रयागराज हाईवे पर टोल प्लाजा के पास एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।

हादसे में बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद उर्मिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। वहीं दूसरा बाइक सवार घटनास्थल से फरार हो गया हैद्य थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

### मारपीट करना पड़ा महंगा, सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** युवक और उसकी मां के साथ मारपीट करना पड़ा महंगा कोतवाली पुलिस ने गंभीर धाराओं में दर्ज किया मुकदमा। सुरेश कुमार पुत्र राम सागर निवासी पुरे कुमेदान मंजरे टीसाखानपुर थाना महराजगंज ने कोतवाली पुलिस को तहरीर में बताया कि 21 /4/ 2024 की दोपहर लगभग 1:30 बजे कन्हैया लाल पुत्र अज्ञात निवासी राजा का पुरवा अमेठी चंद्रभान पुत्र राम प्रकाश निवासी पुरे कुमेदान मंजरे टीसाखानापुर सतीश पुत्र छेद्दु निवासी अज्ञात एवं एक अज्ञात द्वारा मारपीट की और दांत तोड़ दिया जिससे वह बेहोश हो गया वहीं बचाने आई मां को भी मारा पीटा कोतवाली पुलिस ने सुरेश कुमार की तहरीर पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# तीन दिन से लापता नाबालिग किशोरी का कुएं में मिला शव

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

घर से 3 दिन पहले लापता दलित नाबालिक किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के बाहर कुएं में मिला, किशोरी का शव मिलने से गांव में मचा हड़कंप, मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीखेड़ा गांव का है जहां कामिनी पुत्री छेदा लाल उम्र लगभग 16 वर्ष जो घर से 3 दिन पहले लापता हो गई थी परिजनों ने अपनी बेटी को बहुत ढूंढा लेकिन लड़की नहीं मिली है सोमवार शाम को नाबालिक दलित किशोरी का शव गांव के बाहर कुएं में पड़ा मिला किशोरी का शव काफी हद तक सड़ चुका था और उसके शरीर पर कोई कपड़ा नहीं था, शव मिलने की सूचना पर गांव में हड़कंप मच गया और घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकालने के बाद कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की वहीं पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने का इंतजार कर रही है।

# हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर संविदाकर्मी की मौत

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।**

सरेनी कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रानीखेड़ा गांव में रविवार की रात को बिजली लाइन में आई खराबी ठीक करने गए एक संविदा कर्मचारियों की करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जरूरी लिखापढ़ी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथी कर्मचारियों ने बिजली विभाग पर सुरक्षा उपकरण न उपलब्ध कराने का आरोप लगाते हुए हादसे पर दुख व्यक्त किया। आपको बता दें कि

### सेफ्टी किट की अनुपलब्धता के कारण हुआ हादसा

रानीखेड़ा गांव निवासी राकेश कुमार पासवान (45) बिजली विभाग में संविदा लाइनमैन पद पर कार्यरत था। वह नीबी फीडर में रविवार की देर रात करीब ग्यारह बजे आई गड़बड़ी को ठीक करने गया था। इसी दरमियान ग्यारह हजार केवी की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आकर बुरी तरह से झुलस गया। वहां मौजूद लोगों ने उसे इलाज के लिए

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद परिवार में मातम पसर गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी कांती पासवान, बेटी अंजलि दो बेटे आयुष और अंकुश को रोता बिलखता छोड़ गया है।

साथी कर्मचारियों ने कर्मचारी की असमय मौत पर दुख व्यक्त किया। वहीं बिजली विभाग पर सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न कराने को लेकर आक्रोश जताया है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि विभाग सेफ्टी किट उपलब्ध कराता तो कर्मचारी की जान बच सकती थी। बताया कि विभाग की लापरवाही के कारण इससे पहले भी इस तरह की कई घटनाएं घट चुकी हैं। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि पंचायतनामा कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### लोकसभा चुनाव में वैश्य समाज एकजुट होकर भाजपा का करेगा समर्थन : रामगोपाल वैश्य

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रायबरेली जिले में कई वर्षों से वैश्य समाज की राजनीति में सक्रिय वैश्य समाज को अपनी सेवाएं देने वाले वैश्य समाज के जिला अध्यक्ष एवं नगर अध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल को लोकसभा क्षेत्र रायबरेली के साथ-साथ अमेठी लोकसभा क्षेत्र के सह प्रभारी का दायित्व भी सोपा गया है की वैश्य समाज का सत प्रतिशत वोट भाजपा के पक्ष में मतदान करें अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के संरक्षक उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता जी एवं अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के अध्यक्ष माननीय नीरज वोरा जी विधायक ने बीते दिनों जम्मू कश्मीर में संगठन के सम्मेलन के संपन्न होने पर तीसरी बार पूर्ण बहुमत से माननीय नरेंद्र मोदी जी को भारत का प्रधानमंत्री बनाने के लिए एवं सभी घोषित प्रत्याशी को विजई बनाने के लिए एक अभियान चलाकर मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे एवं अपने लोकसभा क्षेत्र के साथ-साथ अमेठी लोकसभा क्षेत्र पांच दिवसीय भ्रमण करके प्रवास करेंगे और एक कार्यक्रम की तैयारी करके सांसद जी को बुलाकर उन्हें विश्वास दिलाएंगे वैश्य समाज आपके तन मन से सहयोग करेगा।

# न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**लालगंज- रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी एवम् विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित शिक्षण संस्थान न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सुरेन्द्र सरस्वती नगर लालगंज में 22 अप्रैल 2023 दिन सोमवार को ÷ विश्व पृथ्वी दिवस÷ के उपलक्ष्य पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यालय में आयोजित इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की छात्र- छात्राओ ने पोस्टर, स्लोगन और पेंटिंग के माध्यम से सभी को एक संदेश दिया कि पृथ्वी को सुरक्षित रखने में ही हमारा जीवन संभव है। अन्यथा दिन प्रति दिन हम सभी को जीवन जीना दुर्लब हो जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवांग अवस्थी ने अपने अभिभाषण में पृथ्वी दिवस के संदर्भ में प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी की गुणवत्ता संरक्षण एवं संवर्धन का नैतिक दायित्व हम सभी पर है।

पृथ्वी के समस्त संसाधनों का उपयोग करते हुए हमारा नैतिक दायित्व है कि हम पृथ्वी की गुणवत्ता बनाए रखें, अन्यथा आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। कार्यक्रम की अगली कड़ी में विद्यालय की विज्ञान विषय की विज्ञान शिक्षिका आयुषी श्रीवास्तव ने विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रकाश डालते हुए आज के दिवस 2024 की थीम प्लैनेट वर्सेस प्लास्टिक पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में कक्षा- 8 सात्विक गुप्ता व कक्षा-7 की छात्रा अस्मिता सिंह ने भी पृथ्वी दिवस पर अपने -अपने विचार प्रस्तुत किए। तत्पश्चात उक्त विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कराई गई जिस में बच्चों ने बढ़- चढ़कर कर हिस्सा लिया। इसी क्रम में बच्चों द्वारा पृथ्वी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता कराई गई। अंत में डिजिटल बोर्ड के माध्यम से पृथ्वी को दूषित करने वाले अपशिष्टों को दिखाया गया। जिससे हमारी पृथ्वी किस तरह प्रभावित हो रही है इसका परिणाम वर्तमान में दिख भी रहा है।

### अत्यधिक जल दोहन और सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग पृथ्वी के लिए घातक : अरविंद

विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर राइज़िंग चाइल्ड स्कूल में विविध कार्यक्रम संपन्न हुए। रायबरेली शहर के प्रभुटाऊन स्थित विद्यालय में प्राइमरी और जूनियर विंग के बच्चों ने लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से अनेकों प्रस्तुतियां दी। पृथ्वी को प्लास्टिक से मुक्त रखने तथा अत्यधिक जल दोहन से बचाव के लिए बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने बताया कि बढ़ते प्रदूषण और अत्यधिक जल दोहन से पृथ्वी पर ख़तरा तेज़ी से बढ़ता जा रहा है, जिसको रोकना सभी का सामूहिक दायित्व है। प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक सबके जीवन के लिए बहुत घातक होती है, जिसका सभी को बहिष्कार करना चाहिये। उन्होंने यह भी कहा कि हरे पेड़ो की अत्यधिक कटान से पृथ्वी पर तेजी से जलवायु संकट पैदा हो रहा है, जिससे पृथ्वी असुरक्षित होती जा रही है, पृथ्वी को रहने लायक़ बनाए रखने के लिये, लोगों को जागरूक करना सभी का सामूहिक कर्तव्य है। सृष्टी, तेजस, वेदांश, आराध्या, शौर्य, आविशी, अर्निका, पार्थ, अयंतिका, यथार्थ, एंजल, आदि बच्चों ने स्लोगन, नाटिका एवं समूह नृत्य के माध्यम से पृथ्वी को बचाने का आह्वान किया।

### पृथ्वी को हरा-भरा बनाने के लिए बच्चों को किया जागरूक

**महराजगंज।** महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज में प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बच्चों को बताया कि 22 अप्रैल 1970 को वार्षिक कार्यक्रम के रूप में विश्व पृथ्वी दिवस मनाने की पहल संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा शुरू की गई जो आज पूरे विश्व में पृथ्वी पर शांति बनाए रखना प्रदूषण और प्राकृतिक संसाधनों के बहुत दोहन तथा पालीथीन का प्रयोग रोकने एवं पृथ्वी को हरा भरा बनाने हेतु बच्चों को जागरूक किया गया बच्चों ने पोस्टर के माध्यम से जागरूकता फैलाई। प्रधानाचार्य ने बच्चों को महावीर जयंती पर बच्चों को बताया की जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर महावीर स्वामी का जन्म चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष त्रयोदशी को हुआ था इस साल महावीर जयंती 21 अप्रैल 2024 दिन रविवार को हुई थी 599 ईसवी पूर्व महावीर स्वामी का जन्म बिहार के लिच्छिवी वंश में महाराज सिद्धार्थ माता त्रिशला के घर हुआ था महावीर स्वामी का नाम वर्धमान था। आपने जन कल्याण तथा विश्व शांति मानवता की सेवा हेतु अहिंसा सत्य अस्तेय अपरिग्रह ब्रह्मचर्य रूपी पांच सिद्धांतों को मानव जीवन में उतरने की शिक्षा दी जो आज भी सार्थक है। इस विश्व बंधुत्व मानव कल्याण इनके आदर्शों पर चलकर कर सकते हैं।

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

**पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएं भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी :-**

**04017/04018 आनन्द विहार टर्मिनल - शहीद कप्तान तुषार महाजन - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04017 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04018 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 05:00 | -- |
| 12:40 | -- | शहीद कप्तान तुषार महाजन | -- | 15:55 |

**चलने की तिथि : 04017 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक एवं **04018 शहीद कप्तान तुषार महाजन** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार) तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** गाजियाबाद, मेरठ सिटी, मुज्जफरनगर, सहरानपुर, यमुनानगर जगादरी, अंबाला कैंट, ढंडारी कलां, जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट एवं जम्मू तवी स्टेशन।

**04094/04093 आनन्द विहार टर्मिनल - पटना जं. - आनन्द विहार टर्मिनल आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04094 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04093 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:55 | आनन्द विहार टर्मिनल | 14:00 | -- |
| 16:45 | -- | पटना जं. | -- | 20:00 |

**चलने की तिथि : 04094 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 29.04.2024 से 24.06.2024 (सोमवार) तक एवं **04093 पटना जं.** से दिनांक 30.04.2024 से 25.06.2024 (मंगलवार) तक।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहराव:** कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं. एवं दानापुर स्टेशन।

**04096/04095 आनन्द विहार ट. - अयोध्या कैंट - आनन्द विहार ट. आरक्षित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 2 दिन) | 38 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04096 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04095 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 09:00 | आनन्द विहार टर्मिनल | 22:30 | -- |
| 22:00 | -- | अयोध्या कैंट | -- | 09:00 |

**चलने की तिथि : 04096 आनन्द विहार टर्मिनल** से दिनांक 27.04.2024 से 29.06.2024 (शनिवार एवं सोमवार) तक एवं **04095 अयोध्या कैंट** से दिनांक 28.04.2024 से 30.06.2024 (रविवार एवं मंगलवार) तक।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान
**ठहराव:** गाजियाबाद, मुरादाबाद, बेरली एवं लखनऊ स्टेशन।

**01083/01084 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी | 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01083 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:50 | लोकमान्य तिलक ट. | 00:25 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | -- | गोरखपुर | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01083 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 25.04.2024 एवं 30.04.2024 को एवं **01084 गोरखपुर** से दिनांक 27.04.2024 एवं 02.05.2024 को।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं, भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।**

**01085/01086 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गोरखपुर - लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी | 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 01085 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 01086 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:50 | लोकमान्य तिलक ट. | 00:25 | -- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 19:45 | 19:55 |
| 09:30 | -- | गोरखपुर | -- | 15:30 |

**चलने की तिथि : 01085 लोकमान्य तिलक टर्मिनस** से दिनांक 26.04.2024 एवं 01.05.2024 को एवं **01086 गोरखपुर** से दिनांक 28.04.2024 एवं 03.05.2024 को।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** ठाणे, कल्याण जं., ईगतपुरी, नाशिक रोड, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा एवं बस्ती स्टेशन।

**08479/08480 पुरी - नई दिल्ली - पुरी ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | 18 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 08479 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 08480 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 08:45 | पुरी | 07:45 | -- |
| 18:30 | -- | नई दिल्ली | -- | 21:30 |

**चलने की तिथि : 08479 पुरी** से दिनांक 30.04, 07.05, 14.05, 21.05, 28.05, 04.06, 11.06, 18.06 एवं 25.06.2024 को एवं **08480 नई दिल्ली** से दिनांक 01.05, 08.05, 15.05, 22.05, 29.05, 05.06, 12.06, 19.06 एवं 26.06.2024 को।
**स्थान:** प्रथम वाता, 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** साक्षीगोपाल, खोरधा रोड़, भुवनेश्वर, कटक, जखपुरा, हरिचन्दनपुर, केन्दुझरगढ़, बांशपानी, डांगोवापोसी, चाईबासा, चाण्डिल जं., मूरी जं., बोकारो स्टील सिटी, राजाबेड़ा, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जं. गोमो, कोडरमा जं., गया, सासाराम जं, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, कानपुर सेंट्रल एवं टुंडला स्टेशन।

**04656/04655 जम्मू तवी - उदयपुर सिटी - जम्मू तवी गरीब रथ एक्सप्रेस स्पेशल रेलगाड़ी (साप्ताहिक) | 20 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 04656 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04655 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 05:20 | जम्मू तवी | 15:10 | -- |
| 07:30 | -- | उदयपुर सिटी | -- | 14:05 |

**चलने की तिथि : 04656 जम्मू तवी** से दिनांक 25.04.2024 से 27.06.2024 (गुरूवार) तक एवं **04655 उदयपुर सिटी** से दिनांक 26.04.2024 से 28.06.2024 (शुक्रवार) तक
**स्थान:** 3 टियर वाता., वाता. कुर्सीयान
**ठहराव:** पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना, धूरी, जाखल, हिसार, भिवानी, रिवाड़ी, अलवर, बाँदीकुई, जयपुर, किशनगढ़, अजमेर, नसीराबाद, बिजयनगर, मांडल, भीलवाड़ा, चन्देरिया, बेड़च, मावली एवं राणा प्रताप नगर स्टेशन।

**09424 सुल्तानपुर जं. - साबरमती स्पेशल रेलगाड़ी (अनारक्षित) | 01 फेरा**

| स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं. 01084 | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| साबरमती | 07:00 | -- |
| सुल्तानपुर जं. | -- | 05:00 |

**चलने की तिथि : 09424 सुल्तानपुर** से दिनांक 23.04.2024 (मंगलवार) को
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** लखनऊ, कानपुर सेंट्रल, टुंडला जं., आगरा फोर्ट, अछनेरा जं., भरतपुर जं., बाँदीकुई, जयपुर, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, पिण्डवाड़ा, आबूरोड, पालनपुर, जं., एवं महेसाना जं. स्टेशन।

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1204/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बेलगाम हथियार

पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट की इस चिंता से सहमत हुआ जा सकता है कि समारोहों और अपराध में लाइसेंसी हथियारों का खूब इस्तेमाल हो रहा है। तंत्र की लापरवाही से उपजे हालात से खिन्न न्यायाधीश को कहना पड़ा कि पंजाब में लाइसेंसी हथियार जारी करने की कोई गाइड लाइन है? दरअसल, कोर्ट की पहल पर 13 नवंबर, 2022 को पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेश में सार्वजनिक स्थानों तथा सोशल मीडिया पर फायर आर्म्स के उपयोग व प्रदर्शन पर रोक लगा दी गई थी। लेकिन इसके बावजूद कई जगहों पर सोशल मीडिया पर हथियारों के प्रदर्शन के मामले प्रकाश में आए थे। इतना ही नहीं शादी-विवाह व निजी कार्यक्रमों में 'हर्ष फायरिंग' के मामले भी अक्सर देखे जाते रहे हैं। निश्चित रूप से आग्नेय हथियारों का अविवेकशील उपयोग कभी भी दुर्घटनाओं को जन्म दे सकता है। वहीं हथियारों के उपयोग में सावधानी न बरते जाने से सार्वजनिक स्थलों में दुर्घटना की गुंजाइश लगातार बनी रहती है। लेकिन कोर्ट के आदेश व सरकार के प्रयासों के बावजूद इन परिस्थितियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। जिसके चलते कोर्ट को सख्त टिप्पणी करने को मजबूर होना पड़ा है। इस बाबत हाईकोर्ट ने पंजाब के डीजीपी से सवाल किये कि क्या आर्म्ड लाइसेंस जारी करने मे शस्त्र अधिनियम 1959 के तहत कोई प्रोटोकॉल, दिशा-निर्देश या मानदंड निर्धारित हैं? पिछले पांच वर्ष में कितने आर्म्ड लाइसेंस जारी किये गये हैं? साथ ही स्पष्ट किया जाना चाहिए कि ये हथियार किस मकसद से जारी किये गए हैं?दरअसल, यह विडंबना ही है कि शासन-प्रशासन के स्तर पर ऐसे गंभीर व संवेदनशील मुद्दों पर पहल होनी चाहिए, उसकी याद हाईकोर्ट को दिलानी पड़ रही है। सत्ताधीश लोकलुभावन राजनीति के चलते समाज के अनेक महत्वपूर्ण मुद्दों को नजरअंदाज करते हैं। यही वजह है कि हाईकोर्ट को पूछना पड़ा कि 13 नवंबर, 2022 से प्रत्येक जिले में फायर आर्म्स के प्रदर्शन की जांच के लिये कितनी अचानक विजिट की गई? दरअसल, इस मुश्किल वक्त में जब लोग छोटी-छोटी बात पर आवेशित होकर हथियार निकाल लेते हैं, हथियारों का नियमन बेहद संवेदनशील ढंग से किया जाना चाहिए। वहीं दूसरी ओर हथियारों के लाइसेंस जारी करवाने के खेल में जो बिचौलियों की भूमिका होती है, उसे खत्म करने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जाने चाहिए। साथ ही उन विभागीय काली भेड़ों की भी जांच हो जो लेनदेन करके अपात्र व्यक्तियों व संदिग्ध चरित्र के व्यक्तियों को लाइसेंस दिलाने में कामयाब हो जाते हैं। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सीमावर्ती पंजाब में अवैध हथियारों की बरामदगी के लिये विशेष अभियान चलाया जाना चाहिए। जो समाज व कानून व्यवस्था के लिये बेहद घातक साबित हो रहे हैं।

# म्यांमार में रोहिंग्या का इस्लामिक आतंक और दुनिया की चुप्पी

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

म्यांमार में इस्लामिक आतंकवादी समूहों ने 1600 से अधिक हिंदुओं और 120 बौद्धों को बंधक बनाकर रखा है। दुखद यह है कि इन पर हो रहे मानवीय अत्याचार के खिलाफ अब तक कोई भी अंतरराष्ट्रीय संस्था की प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है । यूएन एवं अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं तो छोड़िए, जिनका काम ही मानवाधिकारों की रक्षा करना है, उसके हित में काम करना है और जो छोटी-छोटी बातों को भी कई बार तूल देकर वैश्विक रूप देने एवं किसी के भी खिलाफ माहौल बनाने में महारत रखती हैं, वह संस्थाएं भी इस विषय पर चुप्पी साधकर बैठी हैं, जैसे कि हिन्दू और बौद्धों के साथ होनेवाला यह अत्याचार कोई खबर ही न हो! देखा जाए तो पहले भी जब 2017 में रोहिंग्या आतंकी समूहों ने रखाइन राज्य में महिलाओं और बच्चों सहित 99 हिंदुओं का नरसंहार किया था, तब भी यह खबर तुरंत सामने नहीं आ सकी थी, किंतु रोहिंग्याओं ने इस घटना को अंजाम देते वक्त जिन हिन्दू महिलाओं और बच्चों को जबरन कलमा पढ़वाकर इस्लाम में कन्वर्ट किया और इन्हीं में से कुछ किसी तरह से भागने में कामयाब रहीं, तब इन महिलाओं की दुखद कहानियों से दुनिया को पता चला था कि ये रोहिंग्या इस्लाम को हर हाल में अधिक से अधिक फैलाने के लिए काम करनेवाले और दूसरे धर्मों के प्रति कितने क्रूर हैं।

म्यांमार की सरकार ने रोहिंग्याओं द्वारा एक के बाद एक अनेक हत्याकांडों को अंजाम देने और बढ़ते अत्याचार को देखते हुए अपने देश में सख्त कानून बनाए और उन्हें सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया, जिसमें प्रमुख तौर पर विवाह, परिवार नियोजन, आंदोलन की स्वतंत्रता, रोजगार, शिक्षा, धार्मिक पसंद-नापसंद पर बने कानूनों को देखा जा सकता है। अब इन कानूनों के पालन में ये रोहिंग्या फिट नहीं बैठ रहे थे तो इन्होंने यहां से पलायन करना आरंभ किया और इस पर पूरा आरोप म्यांमार की सरकार पर थोप दिया कि वह इन्हें यहां रहने नहीं दे रही है। फिर दुनिया भर में इनकी दयनीय तस्वीरें छपने लगीं। ये रोहिंग्या, शरणार्थी का दर्जा लेकर और कई देशों में अवैध तरीके से घुस गए। फिर देखते ही देखते कई अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार से जुड़ी संस्थाएं स्यापा करने लगीं कि हाय, इन रोहिंग्याओं के साथ म्यांमार की बौद्ध सरकार कितना बुरा बर्ताव कर रही है। लेकिन, हकीकत यही है कि अपनी आदत की मुताबिक ये जहां भी गए, वहीं इन्होंने अराजकता और हिंसा फैलाना जारी रखा है।

वास्तव में म्यांमार में दमन के बाद करीब एक दशक में रोहिंग्या मुस्लिम भारत, नेपाल, बांग्लादेश, थाईलैंड, इंडोनेशिया, पाकिस्तान समेत 18 देशों में पहुंचे। एशिया में जिन देशों में इनकी घुसपैठ हुई, उनमें से छह देशों की सरकारों के लिए ये परेशानी का सबब बने हुए हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण आज भारत है। यहां भारत में यह हिंसा, अपराध और आतंकवादी गतिविधियां कर रहे हैं। वर्तमान में भारत का कोई राज्य नहीं बचा, जहां इनकी घुसपैठ न हो । दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूंह), उत्तराखण्ड के हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगों को अभी बहुत समय नहीं बीता है, इस हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों के हाथ होने की बात सामने आ चुकी है। नूंह की हिंसा में शामिल दो रोहिंग्या युवकों सैफुल्ला और महबूब समेत कई अन्य अब तक एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। बेंगलुरु में भी इनकी अवैध बसाहट संकट पैदा कर रही है। अभी हाल ही में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीस) ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन से बांग्लादेशी नागरिक मो. राशिद अहमद को अरेस्ट किया है। राशिद फर्जी दस्तावेज तैयार कर बंग्लादेशी और रोहिंग्याओं की भारत में घुसपैठ कराता था । एटीएस ने उसके पास सें कूटरचित दस्तावेज से तैयार किया हुआ आधार कार्ड, दारूल उलूम देवबंद मदरसे का आईडी कार्ड और मोबाइल बरामद किया। राशिद बंग्लादेश के लक्ष्मीपुर चटगांव में मदारी गांव का रहने वाला है। उसने बताया कि आठ साल पहले बंग्लादेश से टूरिस्ट वीजा लेकर भारत आया था। वह अवैध रूप से बंग्लादेशियों-रोहिंग्याओं को भारत में बसाने वाले गिरोह का सदस्य है। इस गिरोह के सक्रिय सदस्य शेख नजीबुल हक और अबु हुरैरा गाजी भी हैं। जिन्होंने उसके फर्जी दस्तावेजों के आधार पर आधार कार्ड बनवाया। इसके बाद 2016 में देवबंद में बसाने में मदद की और फिर अपने गिरोह में शामिल कर लिया। राशिद को भारत में अवैध रूप से रह रहे बंग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के कूटरचित दस्तावेज बनवाने का काम सौंपा गया था। पूछताछ में राशिद ने कई नाम भी बताए हैं जिनकी उसने घुसपैठ कराई और फिर उनके कूटरचित भारतीय दस्तावेज तैयार कराए हैं। इससे पहले यूपी एटीएस ने झकरकटी बस अड्डे से 8 रोहिंग्या मुस्लिमों को अरेस्ट किया था। इनमें सुबीर, मो जकारिया, म्यामार निवासी मो शोएब, नूर मुस्तफा, फारसा, सबकूर नाहर, नूर हबीब और रजिया को अरेस्ट किया था। यह सभी रोहिंग्या नागरिक बंग्लादेशी सीमा पार कर अवैध रूप से भारत की सीमा में दाखिल हुए थे। सोचने वाली बात है, आज देश में न जाने कितने राशिद घूम रहे हैं, जो रातदिन रोहिंग्याओं को अवैध तरीके से भारत में बसा रहे हैं। रोहिंग्या मुस्लिमों के आतंकवादी संगठन अका-उल-मुजाहिदीन के पाकिस्तान में इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई), जैश-ए-मोहम्मद (जेएम) और लश्करे-तोयबा के साथ संबंध उजागर हो चुके हैं। ऐसी खबरें भी हैं कि जम्मू में अवैध रूप से रहने वाले रोहिंग्याओं ने सनजूवान में सेना शिविर के स्थान के बारे में जैशे-मुहम्मद के आतंकवादियों की मदद की थी। सूचना के आधार पर ही जेएम ने एक सेना शिविर पर हमला किया, जिसमें छह भारतीय सैनिक शहीद हुए थे। अब तक देश के अलग-अलग राज्यों में कई प्रकरण सामने आ चुके हैं जिनमें पाया गया कि कैसे ये रोहिंग्या मुसलमान अपराधों में लिप्त हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बनभूलपुरा इलाके में तकरीबन 5,000 रोहिंग्या मुसलमान और अन्य बाहरी लोग रहते हैं। बांग्लादेश के रास्ते भारत में दाखिल हुए रोहिंग्याओं ने नेपाल के बाद भारत के मैदानी और पहाड़ दोनों ही स्थानों पर अपनी अवैध बस्तियां बनाना जारी रखा है। रोहिंग्याओं ने कमोबेश यही स्थिति बांग्लादेश में बनाई हुई है। यहां 10.10 लाख रोहिंग्या संकट का सबब बने हुए हैं। रोहिंग्या शरणार्थियों के शिविर बांग्लादेश के चटगांव क्षेत्र में हैं जो इस्लामी चरमपंथ और अलगाववादी गतिविधियों के लिए कुख्यात है।

**भारत में यह हिंसा, अपराध और आतंकवादी गतिविधियां कर रहे हैं। वर्तमान में भारत का कोई राज्य नहीं बचा, जहां इनकी घुसपैठ न हो। दिल्ली से सटे हरियाणा के मेवात (नूंह), उत्तराखण्ड के हल्द्वानी, बनभूलपुरा इलाके में हुए दंगों को अभी बहुत समय नहीं बीता है, इस हिंसा में रोहिंग्या मुसलमानों के हाथ होने की बात सामने आ चुकी है। नूंह की हिंसा में शामिल दो रोहिंग्या युवकों सैफुल्ला और महबूब समेत कई अन्य अब तक एसटीएफ द्वारा गिरफ्तार किए गए हैं। प्रतिबंधित कट्टरपंथी पीएफआई संगठन से इनके संबंधों की तस्दीक हो चुकी है। बेंगलुरु में भी इनकी अवैध बसाहट संकट पैदा कर रही है। अभी हाल ही में एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीस) ने कानपुर सेंट्रल स्टेशन से बांग्लादेशी नागरिक मो. राशिद अहमद को अरेस्ट किया है। राशिद फर्जी दस्तावेज तैयार कर बंग्लादेशी और रोहिंग्याओं की भारत में घुसपैठ कराता था।**

## विचार

# मतदान में गिरावट लोकतंत्र के लिए अशुभ

**योगेश कुमार सोनी**

यह चुनाव के महासंग्राम लोकसभा 2024 का आगाज हो चुका है। पहले चरण की वोटिंग भी हो चुकी है जिसमें पहले की अपेक्षा कम वोटिंग हुई है। पहले चरण के तहत 19 अप्रैल को 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर वोटिंग हुई। सभी सीटों पर 62.37 फीसदी मतदान हुआ। सबसे ज्यादा वोटिंग त्रिपुरा में 80.17 फीसदी हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत, मेघालय में 74.21 प्रतिशत, पुडुचेरी में 73.50 प्रतिशत और असम में 72.10 प्रतिशत मतदान हुआ। अगर 2019 में हुए मतदान के पहले चरण से तुलना की जाए तो इस बार पहले फेज में कम वोटिंग हुई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चर्चा करें तो आठ सीटों पर लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 60.59 प्रतिशत मतदान हुआ। सबसे ज्यादा 66.65 प्रतिशत मतदान सहारनपुर में हुआ जबकि रामपुर 55.75 प्रतिशत मतदान के साथ सबसे कम वोटिंग हुई। वर्ष 2019 के मुकाबले पहले चरण की इन सीटों पर करीब 5.9 फीसदी कम वोट पड़े हैं। अपेक्षाकृत कम मतदान की वजह से नतीजों को लेकर सियासी दलों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। हालांकि इसके अलावा भी हर जगह के आंकड़े बताने के लिए हैं लेकिन सवालों का सवाल यह है कि आखिर जिस ऊर्जा से साथ पक्ष-विपक्ष चुनाव प्रचार कर रहा है उस स्तर पर लोग वोट डालने में रुचि क्यों नही ले रहे। इसके पीछे हर किसी की अलग-अलग मंशा या वजह हो सकती है लेकिन जनता का लोकतंत्र के इतने बडे महापर्व में अपनी भागीदारी न निभाना लोकतंत्र के गलत संदेश देने जैसे है। बीते कई वर्षों से हम समझ व देख रहे हैं कि हमारे एक वोट की कीमत है लेकिन न जाने हम इसको किस आधार पर हल्के में ले लेते हैं। स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि जितना लोग सोशल मीडिया पर अपनी जागरुकता दिखाते हैं उतनी हकीकत में नहीं। तमाम लोग अपना समर्थन अपनी-अपनी पसंदीदा पार्टी व नेता को खुलेआम देते हैं लेकिन उसका फायदा नेता या आपको तभी तो मिलेगा जब उसके लिए वोट डालकर अपनी शक्तियों का प्रयोग करेंगे। एक आंकड़े के अनुसार देश में 18 साल की उम्र पूरी करने वाले युवाओं में से महज 38 प्रतिशत ने 2024 के चुनाव के लिए खुद को मतदाता के रूप में रजिस्टर्ड कराया है। राजनीतिक विशेषज्ञ इस घटनाक्रम से चिंतित हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या युवाओं की लोकतंत्र में रुचि खत्म हो गई है? या वह वोट डालना व्यर्थ मानने लगे।

वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे। हम इस बात को जानते हैं कि भारत युवाओं का देश हैं और सबसे ज्यादा युवा भी हमारे यहां ही हैं। पूरी जिंदगी पड़ी होती है मौज-मस्ती के लिए लिए मात्र एक घंटा निकाल कर वोट डालना उनको बहुत भारी लगता है। युवा चर्चा तो ऐसे करते हैं मानो वह अपनी पूर्ण रूप से स्थिति दर्ज कराएंगे लेकिन चुनाव वाले दिन बिल्कुल गायब हो जाते हैं।

जब से दशकभर पूर्व भी जो युवा पहली बार वोट डालते थे वह वोटिंग वाले दिन को बहुत उत्साहित तरीके से जीते थे और उनको लगता था यह दिन उनके लिए बेहद विशेष हैं। लेकिन अब धीरे-धीरे रफ्तार कम होने लगी जो लोकतंत्र के लिए घातक है। दरअसल अब दौर बिना किसी की गुणवत्ता की जांच के आधार पर चल पड़ा और भेड़चाल का ट्रेंड ज्यादा है। यदि किसी ने कॉलेज या ऑफिस में कह दिया वह तो चुनाव वाले दिन बाहर जा रहा है तो अधिकतर लोग उसको ही फॉलो करने लगते हैं और अपने वोट को व्यर्थ करने में बिल्कुल भी नही हिचकिचाते। जितनी ऊर्जा कॉलेज या अन्य किसी भी तरह के चुनाव में देखने को मिलती है उतनी उपस्थिति वह चुनाव में दर्ज नहीं करवा पा रहे। देखा जा रहा है कि चुनाव पहले से ज्यादा रोमांचक होते जा रहा है जिसका सबसे बडा कारण सोशल मीडिया माना जाता है।

चूंकि हर छोटी व बड़ी घटना तुरंत आपके मोबाइल पर आ जाती है कि जिससे किसी भी पार्टी व नेता का घटना अनुसार सकारात्मक व नकारात्मक तस्वीर बन जाती है। इसके अलावा इतिहास व वर्तमान को समझने के लिए तुरंत गूगल भी किया जा सकता है लेकिन इन बातों के लिए राजनीति में रुचि लेना बहुत जरूरी है। यदि आप देश के भविष्य के लिए जागरूक हैं तभी आप समझ पाएंगे अन्यथा सब व्यर्थ है। बहरहाल जैसा कि सात चरणों में होने वाले इस लोकसभा चुनाव में अभी 6 चरण बचे हैं, मेरी युवाओं व अन्य से अपील है कि वे अपने मत का गंभीरता समझें और वोट जरूर देने जाएं। देश की तस्वीर बदलने के लिए उपस्थिति दर्ज कराना उतना ही अनिवार्य है जितना सब्जी में नमक डालना। इसके अलावा घर के बड़े-बुजुर्ग भी युवाओं व बाकी सदस्यों को वोट डालने के लिए प्रेरित करें जिससे उनकी वोट के प्रति रुचि बनी रहे।

कुछ लोग कहते हैं कि उनकी राजनीति में कोई रुचि नहीं तो वह इसलिए वोट नहीं डालते लेकिन उनको समझना होगा कि वोट डालने से वह राजनीतिज्ञ नहीं बन जाते। एक जिम्मेदार नागरिक का फर्ज व कर्तव्य होता है वोट डालना जिसका उसे जरूर प्रयोग करना चाहिए।

**वोट वाले दिन की छुट्टी को वह एंजॉय करना चाहते हैं और उनको लगता है कि वोट डालना तो बुजुर्गों व खाली लोगों का काम हैं। लेकिन युवा बहुत बड़ी गलतफहमी में हैं चूंकि वह यह नहीं समझ पा रहे कि एक तथ्यहीन भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। आज वह अपने वोट की कीमत नहीं समझ रहे तो आने वाले समय में आने वाली पीढ़ी के लिए भी इसकी गंभीरता खत्म कर देंगे।**

# शिक्षा ही मुसलमानों का भविष्य बनाएगी

**शकील अख्तर**

51 मुस्लिम स्टूडेंट का यूपीएससी में चयन कई तरीके से देखा जा रहा है। मुसलमान इस समय सबके निशाने पर हैं और समस्या यह है कि उसे संभालने वाला दिशा देने वाला कोई नहीं है। राजनीतिक नेतृत्व है नहीं। सामाजिक कभी रहा नहीं। और धार्मिक उसे पीछे की तरफ खींचने वाला है। ऐसे में यही इन छात्रों का अपनी व्यक्तिगत मेहनत, परिवार के सपोर्ट से आगे निकलना दिशा दिखलाता है। हर समाज की अपनी समस्याएं हैं अंदरूनी। और उनसे लड़ना उसका अपना काम है। भारत में बाकी लोगों ने काफी हद तक सफलता पाई है। खासतौर से दलित ओबीसी ने। मगर मुसलमान की खुद अपनी कमियों से लड़ाई शुरु हो ही नहीं पाई है। शिक्षा, आधुनिक शिक्षा ही वह एक मात्र तरीका है जिससे वह आगे बढ़ सकता है। आज हालत क्या है शिक्षा की? बहुत ही खराब। प्राथमिक स्कूल जो एजुकेशन की पहली सीढ़ी है। वहां 10 प्रतिशत मुस्लिम बच्चे पहुंच ही नहीं पाते। मतलब कभी गए ही नहीं। यह आयु वर्ग 6 से 14 साल के बच्चों का है। इसमें जो स्कूल गए उनमें से 15 प्रतिशत की प्राथमिक स्कूल से ही शिक्षा छूट जाती है। कुल आंकड़ा ऐसे आता है कि 25 प्रतिशत 6 से 14 साल की उम्र वाले मुस्लिम बच्चे या तो कभी स्कूल गए नहीं हैं या 14 साल की उम्र तक स्कूल से बाहर हो गए हैं। समझने के लिए बता दें कि एससी एसटी समुदाय में यह आंकड़ा केवल 6 प्रतिशत है। 2006 में आई सच्चर कमेटी की रिपोर्ट का यही अंश सबसे ज्यादा प्रचारित हुआ था कि मुसलमानों की हालत दलितों से बदतर है। दरअसल सच्चर कमेटी की रिपोर्ट एक बड़ी चेतावनी थी मुस्लिम समुदाय के लिए मगर वह अनसुनी रह गई। बात आगे ले जाने से पहले यहां यह और बता दें कि उपर दिए आंकड़े सच्चर कमेटी के बाद के हैं। यह रिपोर्ट 2023 के अंत में आई है। यह नेशनल यूनिवर्सिटी आफ एजुकेशन एंड एडमिनिस्ट्रेशन की रिपोर्ट है। जिसे शैक्षिक प्रबंधन सूचना प्रणाली विभाग के प्रो अरुण मेहता ने तैयार और विश्लेषित किया है। बहुत ही चिंताजनक है यह रिपोर्ट। आकंड़ों के द्वारा समझना थोड़ा मुश्किल होता है। मगर वही सही तस्वीर बताते हैं। रिपोर्ट बताती है कि कक्षा 6 से 8 तक देश भर में 6. 67 करोड़ छात्र होते हैं। यहां मुस्लिम छात्रों का प्रतिशत 14.42 होता है। अब देखिए इसके बाद गिरावट आना शुरू होती है। माध्यमिक स्तर पर कक्षा 9-10 में मुस्लिम छात्रों का प्रतिशत कम होता है। और यह 12. 62 रह जाता है। कक्षा 11-12 जिसे उच्च माध्यमिक स्तर कहते हैं यह और गिरकर 10.76 प्रतिशत रह जाता है। मतलब कुल पढ़ने वालों में मुस्लिम बच्चे 10. 76 प्रतिशत ही होते हैं। और विश्वविध्यालयों में केवल 4.9 प्रतिशत ही पहुंचते हैं। आबादी मुसलमानों की देश में 15 प्रतिशत के करीब है। और उच्च शिक्षा में पहुंच रहे हैं केवल 4.9 प्रतिशत। और नौकरियों में जाते-जाते तो प्रतिशत बहुत ही कम रह जाता है। बात यूपीएससी से शुरू की थी तो उसी का आंकड़ा बताते हैं कि आईएएस केवल तीन प्रतिशत हैं। आईपीएस चार फीसदी और विदेश सेवा में केवल 1.8 प्रतिशत। तो इससे आप समझ सकते हैं कि इस साल सफल यूपीएससी उम्मीदवारों में जब 51 मुस्लिम लड़के और लड़कियों के नाम आए तो यह बड़ी खबर क्यों बनी। यूपीएससी में लगातार मुस्लिम उम्मीदवारों का चयन कम होता जा रहा था। और जब थोड़ी सी इसमें वृद्धि हुई तो बहुत ही शत्रुतापूर्ण मानसिकता के साथ इसे आईएएस जिहाद कहा गया। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया था। एक टीवी चौनल ने गलत आंकड़ों पर आंकड़े देकर बताया था कि सरकार ने मुसलमानों को फायदा पहुंचाया। यहां तक झूठ कहा गया कि मुसलमानों को आयु में छूट है। उन्हें ज्यादा बार परीक्षा देने दी जा रही है। उनके कट आफ मार्क्स कम हैं। और यहां तक कि मुसलमानों के लिए फ्री कोचिंग सेंटर है। यह सारे आरोप झूठे थे। और झूठे साबित हुए। मगर उद्देश्य तो माहौल बनाना था। हिन्दु-मुसलमान करना था। और यह किया गया।

# राशिफल

**मेषः**- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**बृषभः**- मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

**मिथुनः**- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्कः**- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः**- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः**- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंत्रण रख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

**तुलाः**- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः**- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः**- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः**- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः**- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः**- किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# ईवीएम की आड़ में अपनी हार की पेशबंदी करने लगा विपक्ष

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

मोदी विरोधी मोर्चा के नेता आजकल एक और कैंपेन कर रहे हैं। वो कह रहे हैं कि मोदी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की वजह से जीतते हैं। वैसे ईवीएम को गलत ठहराने वाला राग तो पुराना है। 17 अप्रैल को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में चुनाव प्रचार के दौरान दावा किया कि अगर ईवीएम से छेड़छाड़ न हो तो भाजपा 180 सीटों पर सिमट जाएगी। जो राजनीतिक दल और नेता पिछले पांच साल तक जमीन पर उतरे नहीं, आज जब उन्हें अपनी हार साफ तौर पर दिख रही है तो उन्होंने ईवीएम की हार में पेशबंदी शुरू कर दी है। आखिरकार अपनी गलतियों, कमियां और कमजोरियों का ठीकरा किसी के सिर तो फोड़ना ही है, ऐसे में बेजुबान ईवीएम से बेहतर विकल्प कोई दूसरा नहीं हो सकता।

देश में आम चुनाव के पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। करोड़ों देशवासियों ने उन्हीं ईवीएम का बटन दबाकर अपना वोट दिया है, जिन पर अधिकतर विपक्षी दल प्रलाप कर रहे हैं। वे दल चुनावी दौड़ में शामिल हैं, उनके सांसद और विधायक चुने जाने हैं, लेकिन वे ईवीएम पर अब भी संदेह कर रहे हैं। ईवीएम की शुरुआत कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के ही कार्यकाल में हुई थी। 2004 के उस दौर से लेकर आज तक करीब 340 करोड़ मतदाता अपने संवैधानिक मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं और चार लोकसभा चुनाव ईवीएम के जरिए सम्पन्न कराए जा चुके हैं। 26 विधानसभा चुनाव और एक लोकसभा चुनाव में वीवीपैट पर्ची का भी इस्तेमाल किया जा चुका है। इसी ईवीएम के दम पर आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में तीन बार और पंजाब में एक बार चुनाव जीता। 2012 में समाजवादी पार्टी को उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला। बहुजन समाज पार्टी को 2007 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत मिला और कांग्रेस ने 2023 में तेलंगाना जीता। 2018 के विधानसभा चुनाव में राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सत्तारूढ़ हुई थी। तब भी मतदान ईवीएम के जरिए ही हुआ था। वर्तमान में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना और पंजाब आदि राज्यों में गैर-भाजपा दलों की सरकारें हैं, जो ईवीएम के जरिए ही सत्तासीन हुई हैं। अगर विपक्ष को लगता है कि ईवीएम में हेरफेर किया गया है, तो वो प्रचार करने ही क्यों जाता है? विपक्ष उन राज्यों में चयनात्मक आलोचना करता है, जहां वो चुनाव हार जाता है। असल में विपक्ष को अपनी हार को स्वीकार करने और समझने की जरूरत है। ईवीएम को लेकर अकसर प्रलाप मचाया जाता है और चुनाव आयोग को भी कठघरे में खड़ा किया जाता रहा है, यह प्रवृत्ति दुराग्रह पूर्ण है। आयोग ने ईवीएम को हैक करने या उसके सिस्टम से छेड़छाड़ करने के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया था, कुछ दल गए भी, लेकिन कोई भी आपत्ति नहीं उठा सका या गड़बड़ी को साबित नहीं कर सका। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने निर्णय सुरक्षित रखा है। वास्तव में प्रश्न यह है कि विपक्ष का चरित्र इतना दोगला क्यों है? संवैधानिक व्यवस्था के ही विरुद्ध क्यों है? ईवीएम का प्रयोग छोड़कर बैलेट वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च न्यायालय पृथक कर चुका है। साल 2009 के आम चुनाव में जब भाजपा के नेता ईवीएम पर सवाल उठा रहे थे, ठीक उसी वक्त ओडिशा कांग्रेस के नेता जेबी पटनायक ने भी राज्य विधानसभा में बीजू जनता दल की जीत की वजह ईवीएम को ठहराया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस के नेता और असम के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे और कहा था कि भाजपा की जीत की वजह ईवीएम है। ऐसे में ये कहा जा सकता है कि भारत में जब तक पार्टियां चुनाव नहीं हारने लगतीं तब तक उन्हें ईवीएम मशीन से कोई शिकायत नहीं होती। मौजूदा समय में भारत का प्रत्येक राजनीतिक दल कभी न कभी ईवीएम का विरोध कर चुका है। ऐसे में संसद की संयुक्त संसदीय समिति को ईवीएम के इस्तेमाल की जांच करनी चाहिए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक आम चुनाव में 55 लाख से अधिक ईवीएम का प्रयोग किया जाता है और करीब 1.5 करोड़ चुनावकर्मी मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेते हैं। सभी एक विशेष पार्टी के पक्षधर हो जाएं या ईवीएम का प्रोग्राम एक ही पार्टी के पक्ष में तय कर दिया जाए और इतने चुनावकर्मी एक साथ 'भ्रष्ट' हो जाएं, यह बिल्कुल भी संभव नहीं है। ईवीएम किसी लैपटॉप, कम्प्यूटर अथवा इंटरनेट नेटवर्क से जुड़ी हुई नहीं है, उसे हैक करना या छेड़छाड़ करना भी संभव नहीं है, अलबत्ता मशीन में तकनीकी खराबी जरूर आ सकती है। उस स्थिति में ईवीएम बदलने की पारदर्शी व्यवस्था है। वैसे चुनाव आयोग समय-समय पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन को आधुनिक बनाने की दिशा में काम करता रहा है।

**आयोग ने ईवीएम को हैक करने या उसके सिस्टम से छेड़छाड़ करने के मद्देनजर सभी राजनीतिक दलों को आमंत्रित किया था, कुछ दल गए भी, लेकिन कोई भी आपत्ति नहीं उठा सका या गड़बड़ी को साबित नहीं कर सका। एक बार फिर यह मामला सर्वोच्च न्यायालय के विचाराधीन है। दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने निर्णय सुरक्षित रखा है। वास्तव में प्रश्न यह है कि विपक्ष का चरित्र इतना दोगला क्यों है? संवैधानिक व्यवस्था के ही विरुद्ध क्यों है? ईवीएम का प्रयोग छोड़कर बैलेट वाले मतदान के पाषाणकाल की ओर लौटना क्यों चाहता है? हालांकि बूथ छापने, लूटने और फर्जी मतदान के उस दौर को सर्वोच्च न्यायालय पृथक कर चुका है। साल 2009 के आम चुनाव में जब भाजपा के नेता ईवीएम पर सवाल उठा रहे थे, ठीक उसी वक्त ओडिशा कांग्रेस के नेता जेबी पटनायक ने भी राज्य विधानसभा में बीजू जनता दल की जीत की वजह ईवीएम को ठहराया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद कांग्रेस के नेता और असम के मुख्यमंत्री तरुण गोगोई ने भी ईवीएम पर सवाल उठाए थे।**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# चुनाव के दृष्टिगत वाहनों की सघन चेकिंग जारी

- यूपी-एमपी सरहद पर आने-जाने वाले वाहनों पर उड़न दस्ते बनाए हैं पैनी नजर

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

### प्रभारी यातायात निरीक्षक ने चलाया विशेष चेकिंग अभियान

पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराधों की रोकथाम एवं जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने व यातायात व्यवस्था को अक्षुण्य बनाये रखने के उद्देश्य से निरन्तर सघन चेकिंग/जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। प्रभारी यातायात महोबा सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थलों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया साथ ही दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु बिना हेलमेट/शीटबेल्ट लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध अभियान चलाया गया व दुर्घटना से बचाव हेतु हेलमेट/शीटबेल्ट के महत्व को बताते हुए यातायात नियमों का पाठ पढाया गया। इसी क्रम में शहर के मुख्य स्थानों पर काली फिल्म, हूटर, दोषपूर्ण नम्बर प्लेट, हेलमेट, सीट बेल्ट की चेकिंग की गई एवं चालान किए गए। यातायात पुलिस टीम द्वारा आमजनमानस/वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए सभी को यातायात नियमों का पालन किये जाने की अपील की जा रही है, जिससे जनपद महोबा में सड़क दुर्घटनाओं को होने से रोका जा सके।

लोकसभा चुनाव को लेकर जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने धरपकड व वाहन चेकिंग का अभियान छेड़ रखा है।

किसी राजनैतिक दल को सभा के वक्त व अन्य किसी माध्यम से अत्याधिक प्रचार प्रसार खर्च नगदी या वोटरों को लुभाने के लिए पैसों का आवंटन व अवैध शास्त्रों तथा अराजक तत्वों की आवाजाही पर निगरानी रखने के लिए पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ उड़न दस्ता दल का गठन किया गया है। जो जिले के चिन्हित महत्वपूर्ण स्थलों में तथा राष्ट्रीय राजमार्ग में लगातार भ्रमण कर आने जाने वाले वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क निगरानी कर रहा है। साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों की नुक्कड़ सभा का वीडियो ग्राफी करते हुए वाहनों की चेकिंग भी कर की जा रही है। उड़न दस्ता टीम में खंड विकास अधिकारी संतराम पुलिस दरोगा हरि भजन कांस्टेबल अजय अभिषेक कुमार टीम सक्रियता के साथ चेकिंग कर रही है। वाहन चेकिंग के दौरान रुपयों की बरामदगी की जा रही है। उड़ान दस्ता टीम की इस महत्वपूर्ण कार्यवाही से लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। जिसके चलते कोई भी पैसा ना लेकर राजनीतिक पचड़े से बचकर अपनी यात्रा कर रहा है उड़न दस्ता की सघन्य चेकिंग के दौरान बाहनो को अच्छी तरीके से चैक किया जा रहा है। साथ ही अराजकतत्वों पर विशेष नजर रखी जा रही है। जनपद के सटे हुए हरपालपुर मध्य प्रदेश मार्ग में आने जाने वाले लोगों से यात्रा का कारण पूछा जा रहा है। महोबा जनपद की सीमाओ पर प्रवेश करने वालों से भी आने जाने का कारण पूछ चेकिंग की जा रही है। वहीं पनवाड़ी विकासखंड के ग्राम सलैया में राजनीतिक दल के नुक्कड़ सभा में पहुंचकर वीडियो ग्राफी की गई है।

# स्कूल की बाउंड्रीवाल निर्माण में विलंब से आक्रोश

- ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा राजनैतिक विद्वेष भावना के तहत नहीं होने दिया जा रहा निर्माण कार्य

**चरखारी महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व माध्यमिक विद्यालय पड़ोरा में बाउंड्रीबाल का निर्माण कार्य न हो पाने के कारण विद्यालय में सुअर घूमते नजर आ रहे है। जिससे विद्यालय में अध्यनरत छात्र छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञातत्व है कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय पड़ोरा कंपोजिट में बाउंड्रीबाल का निर्माण कार्य चल रहा है जिसको ग्राम प्रधान प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह द्वारा प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार मिश्रा को धमका कर बिना किसी नोटिस एवं गैर कानूनी तरीके से उक्त बाउंड्रीबाल के निर्माण कार्य को रुकवा दिया गया है तथा मजदूरों को फोन पर धमकाते हुए कहा है कि मेरे विद्यालय में मजदूरी करने नही जाना। उक्त विद्यालय में बाउंड्रीबाल न होने के कारण गाँव के लोगों द्वारा विद्यालय में कूड़ा करकट फेका जाता है जो सीधे उड़कर विद्यालय के अन्दर आ जाता है। जिससे छात्र छात्राओं को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरविंद कुमार मिश्रा से बात करने पर बताया गया की विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीबाल अति आवश्यक है तथा आगामी 20 मई को जिले में होने वाले मतदान के दिन विद्यालय में बूथ बाउंड्री न होने के कारण विद्यालय असुरक्षित रहेगा।

विद्यालय में प्रधान द्वारा मिशन कायाकल्प एवं विद्यालय के विकास के लिए कोई कार्य ही नही करने दिया जा रहा है।जिससे गांव के नोनिहालों का भविष्य संवर नही पा रहा है। वही प्रधान प्रीतिनिधि लक्ष्मण सिंह आए दिन अनावश्यक अपनी दबंगई से विद्यालय कार्य बाधा डालते रहते है।

## खबरें एक नजर में

### यशवर्धन दूसरी बार सिविल सेवा में चयनित

**राठ, समृद्धि न्यूज।** ब्रह्मानन्द महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र सिंह के पुत्र डॉ यशवर्धन सिंह ने यूपीएससी 2023 सिविल सेवा परीक्षा में 571 रैंक के साथ सफलता प्राप्त की। इसके पूर्व प्रथम प्रयास यूपीएससी 2022 में 728 रैंक से चयनित हुए थे।डॉ यशवर्धन 2017 की एम्स, जिपमर, नीट सभी मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में उत्कृष्ट रैंक के साथ चयनित हुए थे। उन्होंने किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ से 2023 में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की। सिविल सेवा में रुचि रही। जिस कारण मेडिकल की पढ़ाई के साथ यूपीएससी की तैयारी भी करते रहे। उनकी मेहनत रंग लाई और लगातार दो बार देश की कठिन व सर्वाधिक प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित होकर अपने परिवार के साथ ही क्षेत्र का मान बढ़ाया। यशवर्धन सिंह की इस सफलता पर उनके घर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

### दो ट्रक गेहूं लापता करने का लगाया आरोप

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** ट्रांसपोर्ट कंपनी से भेजे गए गेहूं से भरे दो ट्रक अपने गंतव्य तक नहीं पहुंचे लिहाजा कंपनी के मालिक ने पांच लोगों पर गेहूं चोरी करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया है। मझगवां थाना क्षेत्र के लिधौरा गांव निवासी चेतन सिंह ने पुलिस को बताया कि वह नवीन गल्ला मंडी में ट्रांसपोर्ट कंपनी संचाजित करते हैं। एक अप्रैल को उन्होंने इटावा निवासी जनवेद के ट्रक से 36 टन गेहूं ताल नगर अलीगढ़ भेजा था। जिसकी कीमत 9 लाख 47 हजार रुपये है। वहीं 4 अप्रैल को इटावा के सोनेलाल यादव के ट्रक से 35 टन गेहूं अलीगढ़ भेजा। जिसकी कीमत 8 लाख 57 हजार रुपये बताई। बताया दोनों ट्रक अपने गंतव्य पर नहीं पहुंचे और माल सहित लापता है। उन्होंने फोन पर सुदीश कुमार, सोहनलाल जनवेद कुमार से कहा तो इन लोगों ने अपनी गाड़ी लाकर माल पल्टी करा ले जाने की बात कही। बताया उन्होंने दूसरी गाड़ियां भेजीं तो फोन भी बंद कर लिए हैं। कोतवाली में जनवेद कुमार, सुदीश कुमार, रामजी, सोनेलाल यादव व जीतू के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

### रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरु

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** चार आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली पुलिस ने गांव के ही युवक पर ट्रैक्टर चढ़ा व जनहानि के मामले में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की है। क्षेत्र के बिहरका गांव निवासी वासुदेव पुत्र दृगपाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसी के गांव के राम सुंदर,सुधीर, भोला, छोटू सिंह आदि ने जबरिया उसे पर ट्रैक्टर के पहिए रगड़ दिया और जब इस मामले का वक्त पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उस पर पत्थर बाजी कर जनहानि पहुंचाई।कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज ने बताया कि मामले कीरिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी गयी है।

### बनेगा भगवान परशुराम का भव्य मंदिर

**राठ, समृद्धि न्यूज।** बुंदेलखंड ब्राह्मण एकता समिति भगवान परशुराम जी का भव्य मंदिर बनाने जा रही है। समिति के अध्यक्ष जीतेंद्र कुमार द्विवेदी ने बताया मां श्यामला देवी मंदिर के पास समिति ने जमीन खरीदी थी। जिस पर मंदिर व धर्मशाला निर्माण कराया जाना है। बताया मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन के लिए लखनऊ जाकर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक को आमंत्रित किया। उपमुख्यमंत्री ने चुनाव बाद भूमि पूजन में पहुंचने का आश्वासन दिया। समिति के संरक्षक नन्हे महाराज अतरौली, अरविंद पटैरिया, सुभाष मिश्रा, राकेश पालीवाल आदि रहे।

### बहू को भगाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** ससुर की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने बहु को पहला फुसला कर ले जाने के मामले को गंभीरता से लेते हुए दो युवकों को खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू करती हैं।कोतवाली क्षेत्र के इचौली गांव निवासी ससुर प्रहलाद ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि बीते गुरुवार को गांव के ही युवक बहु को पहला फुसला कर ले गए जिससे उसके चार बच्चों अपने आप को असहज महसूस कर रहे हैं ससुर की तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गांव के दो युवक मुल्लू प्रजापति व पट्टू कोरी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 366 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

### पैतालिस लीटर कच्ची शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** अपराध व अपराधियो में अंकुश लगाने के मकसद से पुलिस के द्वारा की गई ताबड़तोड़ कार्रवाइयों में तीन लोगों के विरुद्ध 45 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ तीनों लोगों को गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थान पर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया हुसैन बाबू पुत्र नत्थू खान निवासी हुसैनीया, कल्लू, व रवि कुमार नगर के काशीराम कॉलोनी से चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए तीनों आरोपियों से शराब की अवैध बिक्री के मामले पर 45 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ गिरफ्तार करने के उपरांत विधिक कार्यवाही की है।

### बीबीए-बीसीए के विद्यार्थियों ने प्रोडक्शन प्रक्रिया का किया अध्ययन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** बीबीए व बीसीए के छात्र/छात्राओं को जैस एक्सपोर्टस आगरा का भ्रमण करने का अवसर प्राप्त हुआ। कम्पनी की एमडी के निर्देशन में छात्र/छात्राओं को प्रोडक्सन हाउस में प्रोडक्सन प्रोसेज देखने का अवसर प्राप्त हुआ। छात्र/छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रोडक्सन हाउस की प्रक्रिया का गहनता से अध्ययन किया और देखा कि किस प्रकार मशीनीकरण द्वारा निर्माण प्रक्रिया को सरलतम रूप प्रदान किया जा सकता है। कम्पनी के चेयरमेन द्वारा प्रोडक्सन से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी प्रदान की गयी। छात्र/छात्राओं ने अपने मन की शंकाओं का समाधान भी प्राप्त किया। महाविद्यालय के वाइस चेयरमेन अंकित तिवारी द्वारा विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी बीबीए व बीसीए के छात्र/छात्राओं को इण्डस्टीयल विजिट कराने का सरहनीय प्रयास रहा। इस विजिट को सफल वनाने में महाविद्यालय के प्राचार्य योगेश कुमार, प्रवल गुप्ता व विभागाध्यक्षों का विशेष सहयोग रहा।

# ग्राम विकास अधिकारी की तहरीर पर पुलिस ने दबंग के खिलाफ लिखा मुकदमा

**पनवाड़ी/महोबा, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम स्योंढी में तैनात एक ग्राम विकास अधिकारी को विगत दिनों से उसी गांव के एक दबंग व्यक्ति द्वारा शोसल साइड के माध्यम से भद्दी भद्दी टिप्पणी कर तथा फोन पर अलग अलग तरीकों से बेबुनियाद आरोप लगा मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा था। जिससे तंग आकर शनिवार को एडीओ पंचायत कमलेश कुमार अनुरागी की अगुवाई में ग्राम विकास अधिकारी विनय सिंह परिहार ने धर्मवीर, निर्देश, अभिषेक चौरसिया, अरविंद तिवारी, हरबंस अनुरागी, गणेश शंकर, रामआसरे यादव आदि सचिवों की मौजूदगी में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार पाण्डेय को उक्त दबंग के खिलाफ़ लिखित तहरीर दी थी। पुलिस ने प्रकरण की जांच कर दबंग के खिलाफ़ धारा 353/504/67 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उक्त की खोजबीन शुरू कर दी है।

### मतदाताओं को दिलायी गयी शपथ

**राठ (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सोमवार को गोहांड ब्लॉक के ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय के निर्देश पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी के तहत ब्लाक गोहांड के ग्राम पंचायत औता में बीडीओ गोहाण्ड शिवनारायण कश्यप के नेतृत्व में प्रत्येक ग्राम पंचायत में जागरूकता रैली निकाली जा रही है। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायतों में मतदाताओं को शपथ दिलाई गई। जिसमें ग्राम पंचायत सचिव विनोद, सहायक विकास अधिकारी गोहाण्ड मेहरवान सिंह, ग्राम प्रधान औंता भारतसिंह, पंचायत सहायक,रोजगार सेवक सहित ग्राम स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# हरे पेड़ों के व्यवसायिक कटान पर रोक जरूरी : गंगाचरण राजपूत

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पूर्व सांसद गंगा चरण राजपूत ने जिलाधिकारी व वन मन्त्री से बुन्देलखण्ड के जंगलों को लकड़ी मफियाओं से मुक्त कराने की मांग की है

चरखारी व आसपास के क्षेत्र में गैर प्रतिबंधित लकड़ी हरे पेड़ों की कटान तथा व्यवसायिक रूप से चल रही ढुलान को रोके जाने की मांग जिलाधिकारी व वन मंत्री उत्तर प्रदेश से पूर्व सांसद ने की है तथा कहा कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र पठारी क्षेत्र हैं और गैर प्रतिबंधित लकड़ी के जंगल ही यहां के पर्यावरण के साथी व सहयोगी हैं जिनका काटा जाना बुन्देलखण्डवासियों के लिए घातक होगा।

बताते चलें कि प्रदेश सरकार द्वारा गैर प्रतिबंधित लकड़ी के कटान पर रोक हटाई गयी है और जैसे ही प्रदेश स्तर पर शासनादेश जारी हुआ वैसे ही लकड़ी मफियाओं की नजर बुन्देलखण्ड क्षेत्र पर पड़ गयी। चूंकि बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विशेषतौर पर चरखारी क्षेत्र में पहाड़ पथरीले व पठारी हैं जिसमें उगने वाले पेड़ गैर प्रतिबंधित लकड़ियों से ही भरे पड़े हैं तथा हरियाली तथा पर्यावरण को अनुकूल बनाए जाने के सहयोगी हैं लेकिन प्रदेश सरकार द्वरा गैर प्रतिबंधित की कटान पर छूट मिलते ही लकड़ी मफियाओं ने चरखारी में डेरा जमा लिया है जहां से रोजाना दर्जनों ट्रक लकड़ी व्यवसायिक प्रयोग के लिए ढोई जा रही है तथा लकड़ी की अच्छी रकम मिलने से स्थानीय लोग अब गैर प्रतिबंधित के साथ ही प्रतिबंधित लकड़ी की कटान करते हुए पैसा कमाने में जुट गए हैं। विगत एक पखवारा से स्थानीय मीडिया पेड़ों की हो रही अंधाधुन्ध कटान को लेकर समाचार प्रकाशित करते हुए रोक की मांग उठा रही है।

पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत ने मीडिया में चल रही खबरों को संज्ञान में लेते हुए अब कटान को रोके जाने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। श्री राजपूत ने जिलाधिकारी महोबा एवं वन मन्त्री को पत्र लिखते हुए चरखारी क्षेत्र में हो रही कटान व लकड़ी की ढुलान पर रोक लगाए जाने की मांग की है। श्री राजपूत ने कहा कि चरखारी जैसे पठारी क्षेत्र में गैर प्रतिबंधित लकड़ी के जंगल हैं जो कि पर्यावरण सन्तुलन को बनाए रखने में सहयोगी हैं इनका व्यवसायिक रूप से कटान होने से तेजी से जंगल नष्ट हो रहे हैं। एवं पर्यावरण असंतुलित हो रहा है

# मौदहा-सुमेरपुर में जल संस्थान के नलकूपों में नहीं हो रहा विद्युत कनेक्शन

- पैसा एडवांस होने के कारण विद्युत विभाग नहीं दे रहा है आगणन

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत विभाग की लापरवाही से दो महीने बाद भी जल संस्थान द्वारा निर्मित राजकीय नलकूपों में विद्युत कनेक्शन नही हुआ है। जिससे लोगो को पीने के पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के मुताबिक राज्य सरकार पेयजल की समस्या हल करने के लिये जितनी संवेदनशील है उतनी है उतनी ही विद्युत विभाग लापरवाही बरत रहा है।जल संस्थान के अधिशासी अभियंता राहुल सिंह ने बताया कि मौदहा के फत्तेपुर मोहाल व सुमेरपुर कस्वा में पेयजल समस्या हल करने के लिये शासन ने दो नये राजकीय नलकूपों का निर्माण कराया था ताकि गर्मियों में पेयजल की कोई दिक्कत न होने पाये नलकूप स्थापित हो जाने के दो माह बाद व्यतीत हो गये मगर विद्युत विआग ने अभी तक कनेक्शन का इस्टीमेट नही दिया है जब कि इस मामले में वह कई मर्तवा पत्र लिख चुके है मगर कोई सुनवायी नही हुई है। शासन ने विद्युत कनेक्शन के लिये एडवांस में बजट भी दे दिया है मगर विद्युत विभाग कोई सहयोग नही कर रहा है। जिससे पेयजल की समस्या ज्यो की त्यो बनी हुई है। इधर दोनो स्थानों मे पेयजल पर्याप्त न मिलने के कारण लोग परेशान घूम रहे है। इस मामले में विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता एनपी सिंह का कहना है कि वह शीघ्र ही इस मामले को हल करेगे। जल्द की कनेक्शन दिया जायेगा। ताकि दोनो राजकीय नलकूप संचालित हो सके।

### महिला ने कीटनाशक दवा खाकर दी जान

**कुरारा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।** कुछ दिनों के लिए गांव में रहने की पति की जिद के चलते एक महिला ने सोमवार को कीटनाशक दवा खा ली जिससे उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। पुलिस के मुताबिक कुरारा थाना क्षेत्र के जमरेहीऊपर गांव निवासी कुलदीप व उसकी पत्नी हमीरपुर शहर में रहते थे कुलदीप आन लाइन फार्म भरने का काम करता था। कुछ दिन पहले कुलदीप की मां को चोट लग गयी थी। कुलदीप ने पत्नी से गांव में रहकर मां से सेवा करने को कहा मगर वह तैयार नही हुई वह पति से हमीरपुर चलने की जिद करने लगी। इसी बात को लेकर पति पत्नी से विवाद हो गया।जब सभी लोग घर से बाहर चले गये तो तभी कुलदीप की पत्नी साक्षी(28) ने कीटनाशक दवा पी ली जानकारी होने पर ससुर प्रमोद कुमार व परिवीरीजन उसे सीएचसी कुरारा ले गये जहा पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के एक तीन वर्षीय पुत्र हर्ष है। अस्पताल की सूचना के बाद पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्डम के लिए भेजा है।

# नदी में नहाने गयी महिला की डूबकर मौत

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के ग्राम छिमौली में चंद्रावल नदी में नहाने गई एक महिला की डूबने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी होने पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।गांव के रामकिशोर वर्मा की पुत्री पिंकी (35) पत्नी अशोक निविया खेड़ा कानपुर देहात में ब्याही है। वर्तमान समय में वह अपने पिता की खेती बाड़ी में सहयोग करने के लिए बच्चों समेत मायके छिमौली आई थी।

सोमवार की सुबह पिंकी गांव के बगल से बह रही चंद्रावल नदी में नहाने गई थी तभी अनजाने में वह नदी के किनारे गढ्ढों में समा गई। उसका शव नदी के पानी में तैरता देख ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इस घटना की जानकारी होते ही उसके परिजन रोते बिलखते नदी की ओर भागे। घटना की सूचना मिलने पर नदी के किनारे ग्रामीणों का जमावड़ा लगना शुरू हो गया वहीं कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

मृतका अपने पीछे दो पुत्र व दो पुत्रियों को बिलखता छोड़ गई है।

### पंडित रामनरेश एक्सीलेंट इंटर कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

**उदी इटावा, समृद्धि न्यूज।** जनपद इटावा के विकास खंड बढपुरा क्षेत्र के अंतर्गत संचालित पंडित रामनरेश एक्सीलेंट इंटर कॉलेज पहला वित्तविहीन कॉलेज है, जिसमें कॉलेज के प्रबंधक पं. राज नारायण शुक्ला ने बताया की विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, जिसमें हाई स्कूल छात्र शिवम राजपूत ने 558 अंक 93 प्रतिशत प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, तो कुमारी दीपिका भदौरिया ने 552 अंक 92 प्रतिशत प्रकार द्वितीय स्थान जिसमें गणित विषय में पूरे 100 अंक हासिल किए तृतीय तृ स्थान उन्नति भदौरिया 548, 91.5 प्रतिशत ने अंको के साथ प्राप्त किया इसी क्रम में इंटरमीडिएट के छात्रों में दीक्षा भदौरिया ने 414 अंक पाकर द्वितीय स्थान तथा सुशील कुमार ने 438 अंक पाकर कर प्रथम स्थान प्राप्त किया विद्यालय के मैनेजर राजनारायन शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों की उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनको बधाई दी, और कहा कि वह आने वाले समय में अपना प्रदर्शन इसी प्रकार जारी रखें ताकि उनको समाज और देश में एक नई पहचान मिल सके इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ को भी बधाई दी कि आप लोग इसी लगन और मेहनत के साथ अपना प्रयत्न जारी रखें।

# साजिशन खुद को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व मे थाना बसरेहर पुलिस ने पुरानी रंजिश के चलते साजिश रचकर स्वयं को गोली मारने वाला आरोपी गिरफ्तार कर कब्जे से घटना मे प्रयुक्त अवैध तमंचा, 2 जिंदा व 1 खोखा कारतूस बरामद किया।

थाना बसरेहर पर जानकारी प्राप्त हुयी कि ग्राम नगला चैनसुख मे पवन कुमार पुत्र गोपीचन्द निवासी ग्राम नगला हरराय, बसरेहर, इटावा को हाथ मे गोली लग गई है जिसके संबंध मे तत्काल थाना बसरेहर पुलिस टीम ग्राम नगला चैनसुख पहुंची एवं घायल को उपचार हेतु पीजीआई सैफई भर्ती कराया गया । उच्चाधिकारियों एवं जनपदीय फोरेसिंक टीम द्वारा घटनास्थल का गहनता से निरीक्षण किया गया। इसी क्रम मे पुलिस टीमों द्वारा पूछताछ/साक्ष्य संकलित किये गये जिसके दौरान पवन उपरोक्त की भूमिका संदिग्ध प्रतीत होने पर उससे एवं उसके साथियों से पूछताछ की गयी। तदोपरान्त थाना बसरेहर पुलिस टीम द्वारा प्रत्येक पहलू पर गहनता से जांच करने पर प्रकाश मे आया कि पवन उपरोक्त द्वारा ही पुरानी रंजिश के चलते दूसरे पक्ष को फंसाने के लिये स्वयं को गोली मारी गयी थी। थाना बसरेहर पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत संदिग्ध/व्यक्ति वाहन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर पवन कुमार पुत्र गोपीचन्द निवासी ग्राम नगला हरराय थाना बसरेहर को भदामई पुल के पास भादवा सावरान वाले रोड से गिरफ्तार किया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्त पवन ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी को फसाने के लिये 16 अप्रैल 2024 को मैने इसी तमंचे से स्वयं अपने दाहिने हाथ मे गोली मारी थी तथा आज मै इस तमंचे को छुपाने के लिये जा रहा था जिससे पुलिस कार्यवाही से बचा जा सके। इस सफलता में कपिल चौधरी थानाध्यक्ष बसरेहर, उ.नि. राजेन्द्र सिंह, का. विनोद कुमार, का. करमवीर का सराहनीय योगदान रहा। इटावा पुलिस द्वारा सभी लोगों से अपील की जाती है कि कोई भी व्यक्ति निजी स्वार्थ के चलते किसी को फसांने, झूठी सूचना देने एवं पुलिस को गुमराह करने जैसा आपराधिक कृत्य कदापि ना करें। अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही अमल मे लाई जायेगी।

# आग से गेंहू की फसल जलकर राख

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

लवेदी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम विधीपुरा में अचानक आग लगने से एक किसान की दो वीघा पकी खड़ी गैंहू की फसल जल गयी राह निकल रहे भाजपा नेता एवं उनकी साथियों ने पेड की टहनियों को तोड़कर आग को बुझाया नहीं तो आसपास के खेत के गैंहू भी जलकर स्वाहा हो जाते।

इस सम्बंध में बताया जाता है कि लवेदी थाना अन्तर्गत ग्राम विधीपुरा निवासी किसान रामजीवन सविता पुत्र रिंगेलाल के खेतों में पके खड़े गैंहू की फसल में अचानक आग लग जाने से फसल जलने लगी जिसे देख लखना से अपने गाँव जा रहे भाजपा नेता अंशू चौहान व उनके साथी बेटू श्री वास्तव रेशू चौहान, मनी चौहान, रानू चौहान, डव्लू चौहान, मनीष पाड़े, अंगद दुबे, विवेक कुशवाह, जगदीश माथुर ने रुककर सड़क के किनारे खडे आम के पेड़ की टहनियों को तोड़कर आग पर मार मार करके आग पर काबू पा लिया नहीं तो इसके आसपास की सभी फसलें जलकर नष्ट हो जाती। और इतनी जल्दी फायर बिग्रेड भी नहीं पहुंच पाती। इस आगजनी मामले में आग बुझाने बाले भाजपा नेता व उनके साथियों को गाँव व क्षेत्र के लोगों के द्वारा जमकर तारीफ की जा रही है। वहीं आगजनी के शिकार हुए किसान भी इन लोगों की तारीफ करते नजर आ रहे हैं।

# पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी बनाम प्लास्टिक विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

Shot on OnePlus

PAANKUNWAR
मतदाता जागरूकता

**पृथ्वी** को बचाना है तो पालीथिन को हटाना है। यह आहवान विश्व पृथ्वी दिवस पर नेचर कंजर्वेशन एंड ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पृथ्वी बनाम प्लास्टिक विषय पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एआरटओ बृजेश कुमार ने कहा कि पृथ्वी पर बढ़ते प्रदूषण की सर्वाधिक हिस्सेदारी एशियाई देशों की है हमारे देश में जलवायु अच्छी होने के कारण हमें पर्यावरण के साथ तालमेल बैठा कर जीवन जीने की कला सीखनी चाहिए। प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग होने से हमारा गृह प्रदूषण की चपेट में है। हमें इसके उपयोग से बचना चाहिए। जिला समन्वयक विज्ञान क्लब डॉ मुकेश यादव ने कहा कि पॉलिथीन का चलन आम हो गया है पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े जूट या केले से बने थैलों का इस्तेमाल करना चाहिए। उन्होने कहा कि पृथ्वी को बचाना है तो प्लास्टिक को हटाना है। डॉ कैलाश चंद्र यादव प्रधानाचार्य ने कहा विद्यार्थी देश के निर्माण में अपना योगदान देते हैं अपने गृह को स्वच्छ प्रदूषण और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए शपथ लें तो आने वाले समय में प्लास्टिक कचरे को काम किया जा सकता है। सामाजसेवी संजय सक्सेना ने कहा कि कोई भी कार्य मुश्किल नहीं होता बस करने का संकल्प होना चाहिए कोई भी चीज एक दिन में परिवर्तित नहीं होती परिवर्तन के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए संस्था सचिव जल संरक्षक निर्मल सिंह ने कहा की पॉलिथीन या प्लास्टिक का 10 प्रतिशात ही री-साइकिल किया जा पा रहा है यदि हम पॉलिथीन पर अपने निर्भरता को कम करें तो अपने प्रथ्वी को प्रदूषण से बचा सकते हैं । इस मौके पर पौधारोपण भी किया गया। भाषण और पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी पाने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

# निष्पक्ष-पारदर्शी निर्वाचन कराना हम सबकी जिम्मेदारी: डीएम

## अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत हुई विधिक कार्रवाई

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारियों को संबोधित करते डीएम।

जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी का प्रथम प्रशिक्षण राजकीय मेडिकल कॉलेज में दो पालियों में आयोजित किया गया, पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारियों को उनके दायित्वों के बारे में विस्तार से बताते हुए स्वयं प्रशिक्षण दिया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन को सम्पन्न कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने मॉकपोल के बारे में बताया कि मॉकपोल की प्रक्रिया वास्तविक मतदान प्रक्रिया शुरू होने से 90 मिनट पहले प्रारंभ की जाती है, यदि पोलिंग एजेंट मौजूद नहीं है तो 15 मिनट का इंतजार के बाद मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ कर देनी चाहिए। ईवीएम मशीन एवं वीवीपैट की मतदान के दौरान तैयारी, सर्वप्रथम बैलेट यूनिट के तार को वीवीपैट के पिछले हिस्से से एवं वीवीपैट के तार को सीयू जोड़ना चाहिए।

सीयू को स्विच ऑन करने के बाद वीवीपैट में सात प्रकार की पर्चियां कट कर बॉक्स में गिरेंगी, जो वीवीपैट सही होने का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि सीयू के स्क्रीन के डिस्प्ले पर सीयू का सीरियल नंबर, समय, दिनांक, प्रत्याशियों की संख्या, बैटरी प्रतिशत निम्न विवरण प्रदर्शित होंगे।

उन्होंने कहा कि मॉकपोल प्रारंभ करने से पूर्व सर्वप्रथम क्लियर बटन दबाकर सभी गणना को शून्य कर मतदान अभिकर्ताओं को दिखाएं यदि क्लियर बटन दबाने पर सीयू पर इनवेलिड दिखाई देता है तो पहले क्लोज वह रिजल्ट बटन दबाकर क्लियर बटन दबाए और मतों को शून्य करें। सीयू के निचले हिस्से पर टोटल बटन दबाकर मतदान अभिकर्ताओं को दिखा सकते हैं कि मशीन में कोई वोट नहीं है। तत्पश्चात कम से कम 50 वोटो का मतदान मॉकपोल के लिए अभिकर्ताओं की उपस्थिति में किया जाएगा। यह सुनिश्चित किया जाए की लड़ने वाले समस्त प्रत्याशियों एवं नोटा पर मत रिकॉर्ड किए जाने चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिवाकांत द्विवेदी ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान दोनों पालियों में 9 पीठासीन अधिकारी तथा 4 प्रथम मतदान अधिकारी अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत विधिक कार्रवाई की गई।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे विशाल यादव आदि अधिकारियों सहित मास्टर ट्रेनरों ने प्रशिक्षण दिया।

# पथरेहटा खंड संख्या छह पर हो रहा अवैध खनन

- सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी की गाइडलाइन का नहीं हो रहा पालन
- पिछली बार खनिज विभाग ने लगाया था 30 लाख का जुर्माना
- अवैध खनन से हो रही लाखों के राजस्व की क्षति

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

शासन प्रशासन भले ही लाख प्रयास कर लें लेकिन खनन माफिया सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं हाल ही में हुई खनिज विभाग की कार्यवाही के बाद भी पथरेहटा खंड संख्या 6 संचालक लगातार अपनी सीमा के बाहर अवैध खनन करने में लगा है। जिससे पर्यावरण को तो भारी नुकसान पहुंच ही रहा है साथ ही शासन को भी लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है।

जिलाधिकारी जालौन के निर्देश के क्रम में अवैध खनन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग की टीम ने अप्रैल माह की शुरुआत में ही पथरेहटा खंड संख्या 6 पर पहुंचकर छापा मार कार्यवाही की थी। जिसमें मोरम खंड पर नियम विरुद्ध अवैध खनन पाया गया था।

विभागीय टीम द्वारा बारीकी से की गई जांच पड़ताल में पट्टाधारक द्वारा अपनी सीमा से बाहर अवैध खनन, मोरम खंड पर लगे कैमरों से छेड़छाड़ सहित तमाम अनियमितताएं मोरम खंड पर पाई गई थी इसके लिए खनिज विभाग ने पट्टाधारक पर लगभग 30 लाख के जुर्माने की कार्यवाही की थी। लेकिन फिर भी पट्टाधारक अवैध खनन करने से बाज नहीं आ रहा हैं। क्षेत्रीय लोगों की माने तो आज भी मोरम खंड पर हैवी पोकलैंड मशीनों से दिन रात अवैध खनन किया जा रहा है।

निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक गहराई तक खुदाई किए जाने से मोरम खंड का स्वरूप ही बदल गया है। अब पट्टाधारक अपनी स्वीकृत खनिज पट्टा भूमि के बाहर भी धरती का सीना छलनी करने में लगा है। जिससे शासन को करोड़ों के राजस्व की क्षति हो रही है। यदि सक्षम अधिकारी द्वारा औचक निरीक्षण कर खनिज विभाग की टीम के साथ कायदे से जांच कर ली जाए तो भारी मात्रा में अवैध खनन मिल सकता है।

# चमारी में गरीबों का हक मार रहा कोटेदार

## नि:शुल्क राशन योजना

- अब पहले की तरह घटतौली नहीं करते कोटेदार, सीधे एक तिहाई राशन काट लेते हैं

**उरई जालौन, समृद्धि न्यूज।**

सरकार ने भले ही गरीबों को मिलने वाले खाद्यान्न को निशुल्क राशन योजना के तहत 5 साल और बढ़ा दिया हो ताकि गरीबों को इसका लाभ और अधिक मिल सके लेकिन गांव में बैठे कोटेदार शासन की इस मंशा को कतई पूरा नहीं होने दे रहे। कदौरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चमारी में कोटेदार अपनी मनमर्जी से राशन कार्ड धारकों को राशन बाटता है। जिसे राशन पर 15 किलो चावल मिलने चाहिए उसे मात्र 10 किलो चावल में ही तसल्ली करनी पड़ती है और 5 किलो मोटा अनाज भी गायब है। कई बार यह आंकड़ा राशन लेने आने वालों की स्थिति को देखकर ऊपर नीचे भी हो जाता है।

लेकिन यह तो तय है कि किसी भी राशन कार्ड धारक को शासन से निशुल्क मिलने वाला पूरा राशन उपलब्ध नहीं कराया जाता है। यदि कोई कम राशन की वजह पूछने की हिमाकत करता है तो कोटेदार गरजकर कहता है कि यदि पूरा राशन तुम्हें दे देंगे तो फिर हम किस लिए यहां बैठे हैं। यानी कि कोटेदार समझता है कि उसका काम राशन कार्ड धारकों को राशन बांटना मात्र ही नहीं है बल्कि उनके हिस्से में से लगभग एक तिहाई राशन निकाल लेना भी उसके लिए उतना ही जरूरी है जितना कि राशन वितरण। जब कोटेदार से इसकी वजह पूछी गई तो पहले तो उसने इधर-उधर की बातें कर मामले को दबाने का प्रयास किया जब वह सफल नहीं हुआ तो फिर अपने विभाग पर ही आरोप लगाने लगा।

### छुरी के साथ युवक गिरफ्तार

**जालौन (उरई)।** किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में खड़े युवक को चौकी पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी युवक के पास से एक छुरी बरामद की। चौकी प्रभारी दामोदर सिंह को सूचना मिली कि छत्रसाल रोड पर एक संदिग्ध युवक किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में जा रहा है। सूचना मिलते ही वह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस को देखते वहां से भागने का प्रयास कर रहे युवक बाबू निवासी रापटगंज को पकड़कर जब उसकी तलाशी ली गई तो युवक के पास से एक छुरी बरामद की है। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# स्कूल व प्राइवेट बस में टक्कर मार डिवाइडर पर चढ़ा डंपर

**उरई,जालौन। समृद्धि न्यूज**

- हादसे के समय स्कूल बस में तीन बच्चे थे सवार

तेज रफ्तार जा रहे डंपर के चालक ने ओवरटेक करने के चक्कर में अनियंत्रित होकर एक प्राइवेट बस और स्कूल बस में टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद डंपर डिवाइडर पर जा चढ़ा। मौका पाकर डंपर का चालक भाग निकला।

सोमवार की सुबह सातमील के पास एक प्राइवेट बस जालौन की ओर आने के लिए खड़ी थी। सुबह सात बजे के करीब एक स्कूल बस भी जालौन की ओर आ रही थी। जैसे ही स्कूल बस सातमील के पास पहुंची तभी उरई की ओर से तेज रफ्तार खाली डंपर पीछे से वहां आ गया। तेज रफ्तार डंपर के चालक ने स्कूल बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया लेकिन वह अनियंत्रित होकर स्कूल बस से टकरा गया। इसके बाद डंपर ने वहां खड़ी प्राइवेट बस को भी टक्कर मार दी। दोनों वाहनों को टक्कर मारने के बाद भी चालक डंपर को नियंत्रित नहीं कर सका और डंपर डिवाइडर पर जाकर खड़ा हो गया। उधर, मौका पाकर डंपर का चालक वहां से भाग निकला। वहीं, हादसे के समय स्कूल बस में तीन बच्चे सवार थे जो सुरक्षित हैं बस में भी सवारियां न होने से कोई घायल नहीं हुआ। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले लिया है।

# प्रधानाचार्य पर लगा विद्यालय का माहौल खराब करने का आरोप

**कालपी, जालौन। समृद्धि न्यूज**

बापा इण्टर कालेज के आधा दर्जन शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है जिसमें कार्यवाहक प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों पर विद्यालय का माहौल खराब करने का आरोप लगाया है।

नगर स्थित ठक्कर बापा इण्टर कालेज का शैक्षणिक वातावरण विगत कई वर्षो से ठीक नही है जिससे छात्रों की संख्या भी कम हो रही है। गत दिनों विद्यालय के शिक्षक ने प्रबंधन और एक शिक्षक तथा लिपिक पर संगीन आरोप लगाये थे और यह मामला अभी चल ही रहा है कि अब विद्यालय के अन्य शिक्षक भी विद्यालय के शैक्षणिक माहौल से आहत है। सोमवार को इसी विद्यालय के शिक्षक संजय मौर्या, अनन्त गुप्ता, रोहित सोनी, श्वेता पोरवाल, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी बलवान सिंह और उदय नरायन ने उप जिलाधिकारी हेमन्त पटेल को शिकायती पत्र सौंपा है जिसमें उन्होंने विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सुशील कुमार शिक्षक महेशचन्द्र मोहन व सौरभ प्रकाश पर विद्यालय में अराजकता फैलाने व शैक्षणिक माहौल खराब करने का आरोप लगातू हुये कहा है कि इनकी करतूत से विद्यालय में कोई भी अपने बच्चों का प्रवेश नहीं कराना चाह रहा है।

जबकि वह लोग इसके लिए घर घर सम्पर्क भी कर रहे लेकिन कार्यवाहक प्रधानाचार्य एवं उनके हमराह शिक्षक जातीय विद्वेष की बाते कर माहौल खराब कर रहे हैं इतना ही नहीं शिक्षकों ने उक्त तीनों लोग विद्यालय परिसर में नशा आदि का सेवन करते हैं जो ठीक नहीं है। नाराज शिक्षकों की माने तो उक्त लोगों ने महिला शिक्षक के साथ भी अभद्र व्यवहार किया है। वही उप जिलाधिकारी ने शिक्षकों को जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया है। वही विद्यालय के प्रबंधक रोहित विधार्थी के अनुसार मामला संज्ञान में आया है कि विद्यालय के कुछ शिक्षक यहा का शैक्षणिक माहौल को खराब कर रहे हैं जिनकी जांच की जा रही है अगर मामला सही निकला तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### जल जीवन मिशन के तहत लगायी जा रही पानी की टंकी

**उतरौला, बलरामपुर।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्रामसभा स्तर पर पानी की टंकी लगाया जा रहा है कि लोगों को शुद्ध पानी मिल सके, किंतु ग्रामीणों को नही मिल पा रही है सरकार के जल जीवन मिशन का लाभ। विकास खण्ड उतरौला अन्तर्गत ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या में पिछले एक वर्ष से जल जीवन मिशन का टैंक कार्यदाई संस्था द्वारा बनाया जा रहा है लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अभी कार्य पूरा नही हुआ। पाइप डालने के नाम पर पूरे गांव के सड़को की खुदाई कर दी गई और आज तक उन सड़को को सही नही किया गया। ग्रामीण भगवत प्रसाद मिश्र, वेद व्रत मिश्र, रणधीर मिश्र, दुर्गा यादव, राधे श्याम यादव, सीताराम कश्यप ने बताया कि कार्यदाई संस्था वाले थोड़ा सा कार्य सुरु करेगें फिर भग जाते है न इन्हे कोई देखने वाला है , और न ही कोई आधिकारी जांच में आता है ग्रामीणों में काफ़ी रोष व्याप्त है।

### 24 अप्रैल से शुरू होगी चौरासी कोसी परिक्रमा

**अयोध्या।** हनुमान मंडल की अवध धाम चौरासी कोसी परिक्रमा 24 अप्रैल यानी बुधवार से प्रारंभ होगी। इसमें शामिल होने के लिए परिक्रमार्थियों का दल कल मंगलवार को कारसेवकपुरम से मखभूमि (मखौड़ा) के लिए प्रस्थान करेगा। यही वह स्थान है जहां राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ कराया था। हनुमान मंडल परिक्रमा के प्रभारी सुरेन्द्र सिंह के अनुसार अनंत काल से चली आ रही चौरासी कोसी परिक्रमा 84 लाख यौनयों के भव बंधन से मुक्त कराने वाली है। बैशाख कृष्ण प्रतिपदा तदनुसार 24 अप्रैल को प्रातः छह बजे मखभूमि से प्रारंभ होकर परिक्रमा बैशाख शुक्ल सप्तमी यानि 14 मई को संपन्न होगी। इस प्रकार परिक्रमा का यह धार्मिक अनुष्ठान 21 दिवसीय होगा। इस बीच परिक्रमा रामायणकालीन कई महत्वपूर्ण ऋषियों की तपस्थली से होकर निकलेगी। मान्यता है कि तमाम सिद्ध ऋषियों ने त्रेता युग में अवध क्षेत्र में तपस्या करके इस क्षेत्र को सकारात्मक ऊर्जा का केन्द्र बनाकर इसे प्रभु के अवतरण योग्य बनाया था।

### हनुमान जयंती की तैयारियां पूरी, आज होंगे कार्यक्रम

**जालौन (उरई)।** रामभक्त हनुमानजी के प्रकाटोत्सव को लेकर मंदिरों में तैयारियां की जा रही है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में स्थित हनुमानजी के मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है और धार्मिक आयोजनों की रूपरेखा तैयार की जा रही है। ग्राम लहचूरा में दो दिवसीय मेला एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। मेले को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। आज हनुमानजी की प्रतिमा पर झंडे चढ़ाए जाएंगे। रामभक्त हनुमानजी के प्रकटोत्सव पर नगर व ग्रामीण क्षेत्र के छोटे बड़े मंदिरों को फूल व बिजली की झालरों से सजाया जा रहा है। लंबे समय बाद यह संयोग बना है कि हनुमानजी का प्रकटोत्सव पर्व मंगलवार को पड़ा है। इस शुभ संयोग को लेकर भक्तों में खासा उत्साह है। नगर के मंदिर में श्रीराम चरित मानस का अखंड पाठ हो रहे हैं। इसके साथ ही हवन व प्रसाद वितरण किया जाना है। नगर के पेट्रोल पंप स्थित संकट मोचन श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर पर भगवान के श्रृंगार के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ व श्रीराम चरित मानस पाठ होगा। इसके साथ ही बिरिया खेड़ा हनुमान मंदिर में आज से श्रीराम चरित मानस के पाठ का शुभारंभ हो गया है।

# प्रवासी भारतीयों ने लगाई रामलला दरबार में हाजिरी

**अयोध्या। समृद्धि न्यूज**

अपने आराध्य के प्रति आस्था निवेदित करने के लिए सोमवार को हनुमान चालीसा पाठ व श्रीरामलला के जयकारों के साथ 30 देशों के 90 प्रवासी भारतीयों संग 400 श्रद्धालुओं की टोली ने अयोध्या पहुंचकर रामलला का दर्शन किया।इस टोली का नेतृत्व वैश्विक भारत ब्रांड एंबेस्डर व दिल्ली स्ट्डी ग्रुप अध्यक्ष पूर्व भाजपा विधायक डॉ. विजय जौली ने किया।दर्शन पूजन के दौरान सभी श्रद्धालुओं को रामनामी दुपट्टा ओढ़ा कर और माथे पर चंदन का तिलक लगााया गया। बीती शाम उक्तसभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर श्री राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। इसमें प्रमुख रूप से भूटान राजदूत मेजर जनरल वेत्सोप नामग्याल, काउंसलर दोरजिक किंजांग,चीन गणराज्य (ताइवान) प्रतिनिधि कुमारी त्साई जेन चुन, भारत में रोमानिया महावाणिज्य दूत विजय मेहता व टुवालू महावाणिज्य दूत डॉ. दीपक जैन और निर्वासित तिब्बत संसद स्पीकर खेंपो सोनम तेनफेल उपस्थित रहे। दर्शन करने वाले प्रवासी भारतीयों में ऑस्ट्रेलिया, ब्रुनेई, भूटान, कनाडा, कोलंबिया, कंबोडिया, जॉर्जिया, गुयाना, केन्या, कजाकिस्तान, मलेशिया, मोजाम्बिक, मकाऊ, नाइजीरिया, नेपाल, नॉर्वे, रोमानिया, रवांडा, स्पेन, सिंगापुर, सिंट मार्टेन,चीन गणराज्य (ताइवान), ताजिकिस्तान, त्रिनिदाद एण्ड टोबैगो, तुवालु, तिब्बत, युगांडा, यूनाइटेड किंगडम,संयुक्त अरब अमीरात, उज्बेकिस्तान व संयुक्त राज्य अमेरिका इत्यादि देशों के प्रतिनिधि शामिल रहे। सभी के भोजन की व्यवस्था दिल्ली के समाजसेवी गोपाल गर्ग ने की।

# युवती को बहला फुसलाकर भगाने की एफआईआर दर्ज

**जालौन (उरई)।** युवती को बहला फुसलाकर युवक द्वारा भगा ले जाने की शिकायत पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 18 वर्षीय बेटी को सिरसाकलार थाना क्षेत्र के ग्राम तरसौल निवासी शशिकांत ने अपने प्रेमजाल में बहका दिया। रविवार को बेटी गांव में स्थित दुकान पर सामान लेने के लिए गई थी। वहीं से शशिकांत उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। काफी तलाश करने के बाद भी दोनों का कहीं पता नहीं चला। पिता ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है।

# हैंडपंपों से अतिक्रमण व सबमर्सिबल पंप हटवाने की हुई मांग

**जालौन, उरई। समृद्धि न्यूज**

गांवों और नगर में सरकारी हैंडपंपों पर अवैध कब्जे और हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप डालने से लोग परेशान हैं। परेशान लोगों ने सरकारी हैंडपंपों पर किए गए अवैध कब्जों को हटवाने एवं हैंडपंप से सबमर्सिबल पंप हटवाने की मांग डीएम से की है जिससे लोगों को सरकारी हैंडपंप का लाभ मिल सके।

नगर व ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जगह जगह सरकारी हैंडपंपों को लगवाया गया है। लेकिन घरों के सामने लगे हैंडपंपों को ग्रामीणों ने दीवार उठाकर घेर लिया है अथवा सार्वजनिक स्थान पर लगे हैंडपंपों के आसपास अतिक्रमण कर उनको ढक दिया है। नगर में देवनगर चौराहे के पास लगे सरकारी हैंडपंप को ठेले ठिलिया वालों ने घेर रखा है जिससे लोगों को हैंडपंप दिखता नहीं है। ऐसे में उन्हें या तो पेयजल के लिए परेशान होना पड़ता है अथवा रुपये खर्च कर बोतलबंद पानी पीना पड़ता है। इसी प्रकार कुछ स्थानों पर लोगों ने हैंडपंप में सबमर्सिबल पंप डलवा लिए है और उसका पानी एक दो घर के लोग इस्तेमाल करते हैं। मोहल्ले के लोग यदि ऐसे नलों पर पानी भरने जाते हैं तो उन्हें भगा दिया जाता है। इसको लेकर कई बार गांवों में झगड़े तक की नौबत आ जाती है। ऐसे हैंडपंप सरकारी सम्पत्ति होने के बाद भी लोगों को इनका लाभ नहीं मिल पाता रहा है।

# कायाकल्प स्वास्थ्य टीम ने किया सीएचसी का निरीक्षण

**सहजनवां,गोरखपुर।** नगर पंचायत घघसरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठर्रापार में सोमवार को लखनऊ की स्वास्थ्य टीम कायाकल्प द्वारा निरीक्षण किया गया और कुछ बिंदुओं पर चिकित्सालय को दिशा निर्देश भी दिए गए। जांच टीम सबसे पहले दवा वितरण कक्ष में गयी, जहाँ सब कुछ ठीक पाया गया। इसके बाद प्रसूता कक्ष, मरजेंसी कक्ष, दवा स्टाक रूम,बच्चों के टीकाकरण कक्ष,मरीज भर्ती रूम, एक्सरे रूम देख कर संतोष की सांस ली। चिकित्सालय प्रांगण में पछुआ हवा के झोंके से आए- रद्दी कागज, पन्नी वगैरह गंदगी को देखकर सख्त लहजे में तत्काल सफाई कराने का आदेश दिया। कायाकल्प जांच टीम की अगुआई कर रहे- डाक्टर अरविंद व डाक्टर मुस्तफा खान ने सीएचसी अधीक्षक डाक्टर सतीश सिंह से हास्पिटल बाउंड्रीवाल लगवाने पर विशेष जोर दिया।उक्त अवसर पर अधीक्षक डाक्टर सतीश सिंह के अलावा वरिष्ठ कंपाउंडर सुशील कुमार शुक्ल, निरहू यादव, संगीता, कुसुमलता, प्रियंका, सीमा कुमार, शिल्पी पाण्डेय मौजूद रहे ।

# विजयगढ़ दुर्ग पर दो दिवसीय विशाल हिंदू मेला शुरू

**सोनभद्र, समृद्धि न्यूज।**

विजयगढ़ दुर्ग प्रबंधन समिति सोनभद्र की ओर से विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विजयगढ़ दुर्ग पर 22 अप्रैल सोमवार से दो दिवसीय विशाल हिंदू मेला शुरू हो गया है। मेले में भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें, जिनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ध्वज पूजन के साथ ही अखंड हरिकीर्तन शुरू हो गई, जबकि रात्रि में वृंदावन से पधारे कलाकारों के जरिए रासलीला प्रस्तुत की जाएगी। विशाल हिंदू मेला विजयगढ़ दुर्ग के संयोजक/ गुप्त काशी सेवा ट्रस्ट के संस्थापक एडवोकेट रवि प्रकाश चौबे ने बताया कि विजयगढ़ दुर्ग पर विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी 22 अप्रैल सोमवार से ध्वज पूजन के साथ ही दो दिवसीय विशाल हिंदू मेला शुरू हो गया है। जिसमें भरी संख्या में श्रद्धालु पहुंचें। इसके मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूज्य संत समर्थ स्वामी रामदास महाराज बलसाड़ गुजरात के अलावा विशिष्ट अतिथि पूज्य श्रीमणि दास जी महाराज हरियाणा, नागा मौनी बाबा, प्रयाग गिरी जी महाराज, स्वामी ध्यानानंद जी महाराज, स्वामी ऊदल दास जी महाराज राजा विजयगढ़ चंद्र विक्रम पदम शरण शाह, अजीत सिंह अमेरिका,बजरंग दल प्रांत संयोजक सत्य प्रताप सिंह,विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री अवधेश चौबे, ग्राम प्रधान बुल्लू मौर्य, छोटे सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

उन्होंने यह भी बताया कि 23 अप्रैल मंगलवार को ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सायं तीन बजे हवन, सायं पांच बजे श्री राम सरोवर दीपदान आरती, सायं छह बजे धर्मसभा की बैठक, रात्रि 10 बजे प्रसाद वितरण और रात्रि साढ़े दस बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# अभिनंदन समारोह व काव्य गोष्ठी आयोजित

**सोनभद्र।** शहीद स्थल प्रवंधन ट्रस्ट करारी सोनभद्र के तत्वावधान में सोमवार दोपहर हिंदी साहित्य पत्रिका असुविधा संपादक रामनाथ शिवेंद्र के आवास पर वरिष्ठ साहित्यकार अजयशेखर के अध्यक्षता में अभिनंदन समारोह व काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा समाजसेवा से जुड़े वरिष्ठ नागरिक राधा प्रसाद चौहान का सारस्वत अभिनंदन अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह प्रशस्ति पत्र माल्यार्पण साहित्य पुस्तकें लेखनी पुस्तिका सधनराशि देकर सारस्वत सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि धूमिल मुनीर बखस आलम नामवर सिंह बच्चन सिंह काशीनाथ सिंह से दौरान शोधकार्य आपका मधुर संबंध रहा है और आजीवन आपने शिक्षा समाजसेवा को समर्पित रहे।

# नगर पालिका उतरौला के वार्डो में लगे हैंडपम्प खराब

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

नगर के वार्डों में लगे अधिकतर हैंड पंप खराब होने के कारण यहां के बाशिंदों को पेयजल की समस्या सताने लगी है। बताते चलें कि एक तरफ गर्मी अपना रूप दिखाने लगी है नगर में लगे अधिकतर हैंडपंप रिबोर की बाट जोह रहे हैं इसके बाद भी बढ़ती गर्मी को देखते हुए पेयजल की समस्या पर किसी का ध्यान नही जा रहा है।नगर क्षेत्र के मोहल्ला गांधी नगर,आर्य नगर ,रफी नगर व मोहल्ला सुभाष नगर में लगे कई हैंडपंप दूषित पानी दे रहे हैं तो कई जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते खराब पड़े हैं। जिससे मोहल्ला के निवासियों को पेयजल की समस्या सताने लगी है। आलम यह है कि जो हैंडपंप सही हैं और पानी दे रहे हैं।

उन पर लोगों की पानी भरने के लिए लाइन लगी रहती है। दिनो दिन बढ़ रही गर्मी को देखते हुए नगर पालिका प्रशासन को जल्द से जल्द खराब हैंड पंपों को सही कराना चाहिए ताकि गर्मी में लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिल सके।

# गर्मी शुरू होते ही मिनरल वाटर का धंधा जोरो पर

## शुद्ध पानी निर्माण के लिए पानी को कथित फिल्टर मशीन से निकालकर फ्रीजर में करते हैं ठंडा

**उतरौला,बलरामपुर समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में मिनरल वाटर के नाम पर खुले आम पानी से भरे डिब्बों की बिक्री की जा रही है। पानी की गुणवत्ता क्या है इस पर प्रश्न चिन्ह लगा हुआ है। शहर के मोहल्लों में घर घर एवं दुकानदारों से लेकर सरकारी दफ्तरों में भी आरो वाटर की कैन रखी जा रही है। लेकिन खाद्य विभाग सहित किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों की इस पर नजर नहीं पड़ रही है कि संचालित हो रहे मिनरल वाटर शुद्ध है या नहीं। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र में मिनरल वाटर के नाम से दर्जनों पानी के प्लांट संचालित हो रहे हैं। यह प्लांट संचालक मिनरल वाटर के नाम पर मोटी कमाई करके अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। मगर इनकी शुद्धता और तय मानकों का पालन कराने के लिए किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने अब तक कोई सुध नहीं ली है।

गर्मी का मौसम शुरू होते ही मुख्यालय सहित कस्बों में मिनरल वाटर का धंधा जोरो पर है। शुद्ध मिनरल वाटर के नाम पर बिक रहे पानी भरे डिब्बे आम घरों से लेकर दुकानों व सरकारी कार्यालयों में भी देखे जा सकते हैं। जिसे लोग शुद्ध पानी समझकर पी रहे हैं जबकि कुछ लोगों का कहना है कि शुद्ध मिनरल पानी की गुणवत्ता सील बंद डिब्बे या बोतल में होती है। पानी विक्रेताओं द्वारा ऐसे पानी को बेचने से खुले डिब्बों में पानी की शुद्धता की कोई गारंटी नहीं रहती है। नगर में खुलेआम बिकने वाले इस मिनरल वाटर के बारे में बताया जाता है कि इस कथित शुद्ध पानी निर्माण के लिए लोग छोटे से कमरे में बोरिंग कराकर उस पानी को कथित फिल्टर मशीन से निकालकर फ्रीजर में ठंडा करते हैं इसके बाद दस बीस लीटर के डिब्बों में भरकर बिक्री के लिए तैयार कर दिया जाता है उक्त मिनरल वाटर के डिब्बों को संचालकों द्वारा बीस रूपये से तीस रूपये कीमत तक बेचा जाता है। धड़ल्ले से बिक रहे कथित मिनरल वाटर को लेकर ताज्जुब जब होता है कि इस पानी को जिम्मेदार अधिकारी तक पीते देखे जाते हैं।

# पानी की समस्या से जूझ रहे विद्युतकर्मी

**केकराही,सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

33/11 के.वी. उपकेन्द्र पसही. सोनभद्र

पसही विद्युत उपकेंद्र पर पानी की विकट समस्या गहराती जा रही है पानी को पीने के लिए विद्युत कर्मी भटक रहे हैं। जानकारी के बावजूद भी यहां किसी ने पानी और शौचालय की व्यवस्था किसी के द्वारा नहीं की गई। बता दे की पसही विद्युत उपकेंद्र से संचालित होने वाले छह फिडरो करमा,केकराही,कुशी,हिन्दुवारी,खैरपुर, बहुआरा, लगभग 180 गांव के 20 से 22 हजार उपभोक्ताओं को इस उप केंद्र से विद्युत आपूर्ति की सुविधा मिलती है जहां आज तक ना तो कोई शौचालय की व्यवस्था की गई है नहीं पीने की पानी की कोई सुविधा है जबकि इस उप केंद्र पर कर्मचारियों सहित उपभोक्ताओं का आना-जाना लगा रहता है अब इस बढ़ती हुई भीषण गर्मी में उपकेंद्र पर पहुंचने के बाद पानी के लिए भटकते हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए सरकार द्वारा पीने की पानी की सुविधा के लिए तमाम प्रकार के उपाय किए जा रहे हैं टैंकरों की व्यवस्था की जा रही है नल टोटी की सुविधा दी जा रही है परंतु यह उपकेंद्र अभी तक इससे अछूता ही है जानकारी के बावजूद भी इस तरफ न तो किसी जनप्रतिनिधि ,न ही किसी उच्च अधिकारियों द्वारा पहल की गई है।

उपकेंद्र पर तैनात अवर अभियंता राजेंद्र कुमार ने बताया कि पानी की कोई यहां सुविधा नहीं है विशेष आवश्यकता पर बोतल का पानी खरीद कर किसी प्रकार काम चलाया जा रहा है वह भी पर्याप्त नहीं है । पानी के लिए सिविल में इसकी लिखित जानकारी दे दी गई है अब देखना है कि समस्या से कब तक निजात लोगों को मिल पाता है ।

### समाजवादी पार्टी ने सभी अटकलों पर लगाया विराम

# सपा ने तेज प्रताप को घोषित किया कन्नौज से अपना प्रत्याशी

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**सभी अटकलों** पर विराम लगाते हुए समाजवादी पार्टी ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के भतीजे और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को कन्नौज लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। हांलाकि बीते दिनो पूर्व अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं। सोमवार को सपा ने तेज प्रताप का नाम घोषित करके सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही सपा का गढ़ मानी जाने वाली कन्नौज की सीट पर सभी की निगाहें टिकी हुई थीं। विगत 16 मार्च को चुनाव की तारीख सामने आने के बाद अखिलेश यादव का कन्नौज का दौरा होने लगा, जिससे जहां पार्टी के कार्यकर्ता जोश में दिखने लगे वहीं लोग कयास लगाने लगे कि अखिलेश स्वंय कन्नौज से चुनाव लड़ेंगे। यहां तक सपा जिलाध्यक्ष ने भी प्रेस कान्फ्रेन्स के दौरान अखिलेश यादव के चुनाव लड़ने की बात पुरजोर से कही। लेकिन अब सपा ने तेज प्रताप यादव को कन्नौज से अपना प्रत्याशी घोषित कर विरोधियों को भी चौंका दिया है। तेज प्रताप यादव वर्ष 2014 से 2019 तक मैनपुरी से सांसद रहे थे। इस सीट पर वर्ष 2014 के चुनाव में मुलायम सिंह यादव ने जीत हासिल की थी। इसके बाद उन्होंने सीट छोड़ दी और अपने पौत्र तेजप्रताप को उपचुनाव लड़वा दिया था। यह चुनाव जीतकर तेज प्रताप सांसद बने थे। तेज प्रताप यादव मुलायम सिंह यादव के बड़े भाई रतन सिंह के पोते हैं। तेज प्रताप के पिता रणवीर सिंह यादव का 36 साल की उम्र में ही निधन हो गया था। वे ब्लॉक प्रमुख थे। तेज प्रताप यादव की माता जी मृदुला यादव भी सैफई से ब्लॉक प्रमुख रही चुकी हैं। रणवीर सिंह यादव और अखिलेश यादव चचेरे भाई हैं। इस लिहाज से तेज प्रताप यादव सपा प्रमुख अखिलेश यादव के भतीजे हैं। तेज प्रताप यादव मैनपुरी के सांसद उस समय बने जिस समय मुलायम सिंह यादव ने मैनपुरी और आजमगढ़ दोनों जगह से चुनाव लड़ा था। जिसके बाद उन्होंने मैनपुरी से सीट छोड़ दी थी। तब मैनपुरी उपचुनाव हुआ था। जिसमें तेज प्रताप यादव चुनाव लड़े थे। जहां वो साल 2014 से लेकर साल 2019 तक मैनपुरी लोकसभा सीट से सांसद रहे थे। तेज प्रताप यादव ने कर्नल ब्राउन कैंब्रिज स्कूल देहरादून और दिल्ली पब्लिक स्कूल नोएडा से पढ़ाई की है। इसके बाद उन्होंने लीड्स यूनिवर्सिटी बिजनेस स्कूल से एमबीए की डिग्री हासिल की है। उनका ननिहाल फिरोजाबाद के सिरसागंज क्षेत्र में आता है। उनकी शादी साल 2015 में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की छोटी बेटी राजलक्ष्मी के साथ हुई है।

# मतदान कर स्वच्छ छवि बाले प्रत्याशी को सदन तक पहुंचायें: अखलाक हुसैन

### चेयरमैन प्रतिनिधि ने मतदान के लिये नागरिकों को किया जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

देश के सर्वागीणं विकास के लिये शत प्रतिशत मतदान बेहद जरूरी है। क्योकि मतदान से चुनकर ही स्वच्छ व ईमानदार छवि बाला नेता सदन मे पहुच कर बेरोजगारो व जनता के हक की लडाई पूरी ईमानदारी के साथ लड सकेगा। और नागरिकों की समस्याओं को निस्तारित करानें के साथ साथ जनहित के कार्य करानें के लिये सदैव तत्पर रहेगा। यह बात सोमवार को समधन नगर पंचायत कार्यालय में समर्थकों के समक्ष चेयरमैन प्रतिनिधि अखलाक हुसैन सिददीकी नें कही।

नागरिकों को मतदान का महत्व बताते चेयरमैन प्रतिनिधि

कहा कि लोक सभा सदस्य का चुनाव व पद दोनो ही क्षेत्र व देश की जनता के लिये वेहद ही महत्वपूर्ण हैं। इसलिये सभी अपना बोट डाल कर सदन तक स्वच्छ छवि बाले प्रत्याशी को सदन तक पहुॅचायें। कहा कि मताधिकार का प्रयोग करना हम सभी का दायित्व है। इस दौरान सभासद फ्हमीर हुसैन, मो. जाकिर, मो. सलमान हुसैन, मो. फैसल उर्फलंबरदार, मो. अयाज, मो. मुन्ने खान, कासिम खान, मो. यूसुफ आदि मौजूद रहे।

# खबरें चलते-चलते

## स्वास्थ्य कर्मियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

**छिबरामऊ कन्नौज।** सो सैया अस्पताल में कर्मचारी स्वास्थ्य कर्मी को पिछले तीन माह सेमंडे नहीं मिल सका जिसके चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैहालत यह है कि नए वित्तीय शुरू हुए काफी दिन हो गए। लेकिन अभी तक पिछले वित्तीय वर्ष का ही मानदेय नहीं दिया जा सका दिल्ली नगला गांव स्थित सौसिया अस्पताल में हर साल स्वास्थ्य कर्मियों को मानदेयआधार में लटक जाता है इस बार भी स्वास्थ्य कर्मियों को तीन माह से वेतन नहीं मिल सका जिससे दो माह का मानदेय पिछले वित्त वर्ष के जनवरी और फरवरी का महा का अंधेरे में फंस चुका हुआ है लेकिन अस्पताल प्रशासन हर बार बजट न होने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लेता है स्वस्थ कर्मियों के मुताबिक लगभग दो साल पहले भीकई महीनो का वेतन उन लोगों को अंधेरे में फंस गया था काफी प्रयास के बाद उन लोगों को वेतन मिल सका इस तरह की स्थिति अस्पताल प्रशासन की लापरवाही के चलते फिर खड़ी होती नजर आ रही है जिसके कारण वित्तीय वर्ष 2023 24 समाप्त होने के बाद 30 जनवरी और फरवरी माह का वेतन नहीं मिल सका जिसके चलते 3 महीने का मानदेय बकाया चल रहा है।

## मार्ग दुर्घटना में घायल छात्र ने पीजीआई में लीअंतिम सांस

**छिबरामऊ कन्नौज।** हृदय विदारक घटना।। आनंद पांडे निवासी अकबरपुर की दो बेटियां व दोनों सगी बहनें दिव्या एवं वैष्णवी असमय ही सड़क दुर्घटना में कालकल्वित हो गईं। मार्ग दुर्घटना के बाद उपचार के लिए दोनों बहनों को 100 सैया संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर दिव्या को मृत्यु घोषित कर दिया गया वैष्णवी को कानपुर के लिए रेफर किया गया कानपुर से पीजीआई लखनऊ के लिए रेफर किया गया कल वैष्णो देवी ने पीजीआई में अंतिम सांस ली। 17 अप्रैल को महाकाल का देवी मंदिर से दर्शन के लिए घर से आ रही छात्रों को टक्कर लगने से गंभीर रूप से घायल घटनास्थल पर ही एक छात्र नेम तोड़ दिया दूसरी बहन पीजीआई लखनऊ में जिंदगी मौत से संघर्ष करते हुए हार गई और कल दम तोड़ दिया घटना की जानकारी परिजनों के मिलते ही घर में कोहराम मच गया।

## श्री आदिशक्ति महामाई का आज से होगा दो दिवसीय मेला

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री आदिशक्ति महामाई का मेला एवं रात्रि सांस्कृतिक कार्यक्रम रंगारंग प्रोग्राम 23 अप्रैल से लेकर 24 अप्रैल तक ग्राम ऊंचा में आयोजन किया जाएगा। बताया कि श्री आदिशक्ति महामाई का दिन में मेला एवं रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होता है। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु आस्थापूर्ण ढंग से भाग लेते हैं। यह जानकारी मेला कमेटी के नवमनोनीत अध्यक्ष बबलू तिवारी ने दी। इस दौरान कोषाध्यक्ष अंकित मिश्रा, विमल तिवारी, मोनू यादव, राहुल दुबे, मोनू शर्मा, सन्तोष दुबे, रामनिवास मिश्रा, अंकज कुशवाहा, महेन्द्र कुशवाहा, रवि यादव, इमरान खान, रिषभ दुबे, शैलेश पाल, मानसिंह बाथम, अवधेश सक्सेना, अचूम दुबे आदि मौजूद रहे।

## भाजयुमो नगर अध्यक्ष से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विगत दिन पूर्व नगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होने गए भाजयुमो नगर अध्यक्ष के साथ तीन लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी मानव गुप्ता पुत्र अनूप राय गुप्ता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 20 अप्रैल की शाम नगर के जीटी रोड स्थित अलकर्मा गेस्ट हाउस में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में गया था जहां अमन वर्मा, आंचल गुप्ता, ध्रुब गुप्ता ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए गर्दन दबा दी जिसका विरोध करने पर उक्त गणों ने लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। इस दौरान उसके गले में पड़ी सोने की चैन कहीं गिर गई। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चैत के महीने में जेठ जैसी तपन आसमान से बरस रही आग

**छिबरामऊ कन्नौज।** मौसम का मिजाज दिन पर दिन तलाक होता जा रहा है गर्मी आम लोगों से लेकर हर किसी को बहाल कर रही है तलाक धूप के कारण लोगों में बीमारी पनव रही हैवहीं प्रशासन की ओर से भी लोगों को हित में से बचने की सलाह दी जा रही है सो सैया अस्पताल में लोगों की भी उम्र रही है सोमवार को तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों के लिए परेशानी का सवाब बन गई पैदल चलने वालों के लिए चलना मुश्किल हो गया पुरुष गमछा बाग का के साथ आंखों पर चश्मा लगा रहे हैं वहीं महिलाएं दुपट्टे व इंस्टॉल लगाएगा सफर करती नजर आई लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से निकलेवही शाम के वक्त लोगों को मामूली राहत मिली अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान लोगों के लिए मुसीबत बना है सोमवार को तापमान लगभग 39 डिग्री सेल्सियस बा न्यूनतम तापमान रहाचैत के महीने में स जैसी गर्मी ने आम आदमी को बहाल कर दिया सुबह 9.00 बजे से ही हो रही तलाक धूप दैनिक कामकाज पर निकलने वाले लोगों को प्रभावित कर रही है सोमवार को भी सुबह धूप और गर्मी के साथ हुई भाई भी 10.00 बजे से गर्म हवा के थपेड़े ने लोगों को फिर से छिपने को मजबूर कर दिया लगातार बढ़ रही गर्मी के कारण पशु पक्षी को भी संकट उठाना पड़ रहा है दोपहर 12.00 तक भीड़भाड़ वाले बाजारों में भी सन्नाटा साथ नजर आया दुकानदारों की की माने तोअब शाम को ही व्यापार ठीक चल रहा है गर्मी के कारण लोग धूप और लुक बचाव कर रहे हैं।

## कार की टक्कर से बाइक सवार चाचा की मौत, भतीजा घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कार की टक्कर से मोटर साइकिल सवार चाचा की मौत हो गयी, जबकि भतीजा गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार सोमवार को नवाबगंज थाना अंतर्गत वीरपुर पेट्रोल पंप के पास शिवनंदन सिंह पुत्र रामनाथ उम्र 52 वर्ष निवासी शिवरई मठ अपने भतीजे गुरु दीप सिंह के साथ मोटरसाइकिल से रिश्तेदारी में कहीं दावत में जा रहे थे, तभी इको कार ने उनकी बाइक में जबरदस्त टक्कर मारी। जिससे जिससे शिवनंदन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई एवं भतीजा गुरदीप सिंह गम्भीर रुप से घालय हो गया। गंभीर हालत में उसे डॉ0 राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया गया। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी किरण देवी को छोड़ गया। उसके एक भी बच्चा नहीं था। वह मेहनत मजदूरी करके अपना गुजारा करता था। मृतक पांच भाइयों में दूसरे नंबर का था।

# कंटेनर ने बाइक में मारी टक्कर एक की मौत दो गंभीर रूप से घायल

### कंटेनर के चालक को मौके से ही गिरफ्तार किया गया

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**शहर** के पूर्वी बाईपास पर कंटेनर ने बाइक में मारी टक्कर दो महिला सहित एक पुरुष घायल हो गया। जानकारी के अनुसार स्प्लेंडर प्लस पर दो महिला सहित एक व्यक्ति गंदे रूप से घायल हो गएबाइक चालक राकेश नायक पुत्र रमेश सिंह निवासी मुंशीपुरा थाना फफूंद जिला औरैया का रहने वाला है आज सुबह अपनी नानी को देखने के लिए उसकी मां और बहन साथ में रामनगर छिबरामऊ आए हुए थे छिबरामऊ से घर वापस जा रहे थे वैसे ही पूर्वी बाईपास पर कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें बहन उपासना नायक पुत्री रमेश सिंह घटना स्तर पर ही मौत हो चालक की मां पिंकी देवी उम्र 55 वर्ष पत्नी रमेश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई चालक भी चोट आई है जैसे ही घटना स्तर पर भीलवाड़ा एकत्रित हो गई मौके पर एल ई ओ मौके पर पहुंच गए कंटेनर का चालक को कैसे तैसे पब्लिक से बचाया और आने जाने वालों ने एंबुलेंस बुलाकर मृतक का सब से सैया अस्पताल पहुंचा घायल पिंकी देवी को भी से सैया अस्पताल पहुंचाया घायल को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया मृतक का सब पुलिस ने कब्जे में लेकर मंचुरी में रखा गया है मृतक के परिवारजन का इंतजार किया जा रहा है मृतक के भाई ने बताया कि मेरी बहन की शादी 15 दिन पूर्व में होना था और यह गाड़ी भी दहेज की लिए खरीदी गई थी ना बहन बच्ची ना गाड़ी बची रोते पिघलते हुए और हाईवे पर लगभग 30 मिनट तक जाम लग रहा 30 मिनट के बाद जब पुलिस आकर मौके पर जाम को खुलवाया।

# मतदाताओं को किया गया जागरूक दिलाई शपथ मतदान के लिए

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**2024 लोकसभा** आम चुनाव के लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार कानू गोवा अधिशासी अधिकारी ने शहर के नेहरू नगर में मतदाताओं को मतदान के लिए किया जागरूक। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश अनुसार अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह कनुगो सत्येंद्र कुमार शुक्ला राजस्व निरीक्षक में शहर के मोहल्ला नेहरू नगर में मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और और दिलाई शपथ की पहले मतदान बाद में अन्य कोई काम कर लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।

# श्री हनुमान जयंती के अवसर पर धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ भंडारा आज

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

**श्री हनुमान जयंती** के उपलक्ष में शहर के हनुमानगढ़ी मंदिर बाबा की बगिया गणेश चौधरी मैं अखंड पाठ व सुंदरकांड पाठ का आयोजन हुआ प्रारंभ। श्री हनुमान जयंती के उपलक्ष पर शहर के हनुमानगढ़ मंदिर परिसर में अखंड पाठ का आयोजन प्रारंभ हुआ अखंड पाठ के समापन के बाद श्री हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा प्राचीन हनुमान मंदिर मैं मंदिर के पर सर में अखंड पाठ का आयोजन प्रारंभ हुआ कल श्री हनुमान जयंती अखंड पाठ समाप्त होने के बाद भंडारा का आयोजन किया जाएगा शहर के मोहल्ला गणेश चौधरी मदन दुबे के आवास पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन आज देर रात में किया जाएगा कल श्री हनुमान जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग प्रदान कर स्वच्छता में सहयोग करें

### ईओ नें नागरिकों को आमंत्रण पत्र प्रदान कर मतदान हेतु आमंत्रित किया

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**शासनादेश** के अनुपालन एवं जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी के आदेशानुसार नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 09 हर्ष नगर में अधिशासी अधिकारी ने जहा एकओर भ्रमण कर नागरिकों को मतदान करने हेतु प्रोत्साहित करते हुये आमंत्रण पत्र प्रदान कर मतदान हेतु आमंत्रित किया गया, वहीं दूसरी ओर गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग प्रदान किए जाने की अपील भी की गई है। सोमवार को नगर पालिका परिषद के वार्ड संख्या 09 हर्ष नगर में अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित नें भ्रमण कर नागरिकों से वार्ता करते हुये मतदान करनें के लिये प्रेरित किया। वहीं पूरे कार्यक्रम को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में करते हुये अधिशासी अधिकारी द्वारा नागरिकों से सफ़ाई व्यवस्था में सहयोग देने तथा गीला एवं सूखा कूड़ा अलग अलग प्रदान किए जाने तथा पालिका द्वारा स्थापित आरआरआर सेंटर में सहयोग हेतु प्रोत्साहित किया। इसके बाद वार्ड में आयोजित गोष्ठी में अधिशासी अधिकारी नें कहा कि किसी भी राष्ट्र की उन्नति में मतदान की अहम भूमिका होती है। उन्होने मतदाताओ से मतदान में भारी संख्या में बढ चढकर हिस्सा लेने की अपील भी की है। अंत में मतदाता शपथ के साथ कार्यक्रम समाप्त किया गया। इस दौरान सभासद निर्मल श्रीवास्तव, प्रधान लिपिक आरपी सिंह, जिलेदार सिंह, जर्नादन मिश्रा, मनाज तिवारी, प्रसन्नजीत मिश्रा, मोहित गुप्ता, जगदीश सिंह, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

मतदान अवश्य करें।
बिंदिया, कंगना... मतदान की स्याही सबसे बड़ा श्रृंगार।
नगर पालिका परिषद
STAR RATING
नगर दस्तक अभियान
Knock Knock We are at your door

नागरिकों को मतदान के प्रति प्रेरित करते ईओ अनिल पंडित — समृद्धि न्यूज

**नामांकन** — गरीब आदमी पार्टी से श्रीकृष्ण ने ठोकी ताल, प्रस्तावक व समर्थकों के साथ सादगी से किया नामांकन

# बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**सोमवार को** बसपा प्रत्याशी ने अपना नामाकंन पत्र दाखिल कर दिया। इसके अलावा गरीब आदमी पार्टी के प्रत्याशी श्रीकृष्ण ने अपने प्रस्तावक व समर्थक के साथ कलेक्टेऊट पहुंचकर सादगी के साथ अपना नामांकन पत्र दाखिल कर कन्नौज लोकसभा से ताल ठोकी है। अब तक कन्नौज में दो ही प्रत्याशियों के नामांकन हुये हैं, हांलाकि अभी नामांकन प्रक्रिया के लिए तीन दिन शेष बचे हैं।

सोमवार को शहर के काजी टोला मोहल्ला स्थित बसपा के चुनाव कार्यालय में सुबह से ही कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटने लगी थी। कार्यकर्ताओं में बसपा उम्मीदवार इमरान बिन जफ्र के नामाकंन कराए जाने को लेकर बेहद उत्साह था। जनपद कानपुर के जाजमऊ निवासी बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफ्र दोपहर को अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं के साथ कलक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टेऊट गेट पर उनके काफिले को रोक दिया गया। महज पांच समर्थकों के साथ बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफ्र कलेक्टेऊट स्थित नामाकंन कक्ष में पहुंचे। यहां उन्होने अपना नामांकन पत्र दो सेटों में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इमरान बिन जफ्र के साथ बसपा जिलाध्यक्ष बबलू गौतम मौजूद रहे। नामाकंन पत्र दाखिल करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफ्र ने कहा कि बीते वर्षो में जमीनी स्तर पर कन्नौज में न ही सपा ने कोई विकास कार्य कराया और न ही भाजपा सांसद ने, उन्होने कहा कि कन्नौज विकास से अभी कोसों दूर है। कहा कि सांसद के गोद लिए गांव की स्थिति बेहद खराब है। सपा और भाजपा पर झूठे विकास कराने का आरोप लगाते हुए कहा कि अगर विकास की हकीकत देखनी है तो गांवों को देखो, जहां आज भी विकास कोसों दूर है। बताते चलें कि बसपा मुखिया मायावती ने इस बार कन्नौज सीट से इमरान बिन जफ्र पर दांव लगाया है। उनका मानना है कि इमरान कन्नौज से अच्छा जनसमर्थन मिलने के कारण चुनाव में जीत की पताका फ्हराएंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2014 में इमरान बिन जफ्र कन्नौज से आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। इस बार इमरान ने बसपा का दामन थाम लिया है। इमरान के नामांकन के साथ ही जनसंपर्क अभियान ने भी तेजी पकड़ ली है। अब ये तो आने वाला समय ही बताएगा कि इस बार के चुनाव के बाद कन्नौज का नया सांसद कौन होगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी को नामांकन पत्र प्रस्तुत करते बसपा प्रत्याशी इमरान बिन जफर — समृद्धि न्यूज

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# निष्पक्ष मतदान कराने के लिए फर्रुखाबाद में डेरा डालेंगे शिवपाल सिंह यादव

- पार्टी ने जनता की सेवा करने के लिए डॉ0 नबल किशोर को बनाया प्रत्याशी
- भीड़ देख गदगद दिखायी दिये, नेता को सुनने के लिए उमड़ी भारी भीड़
- चुनाव में किसी को नहीं करने देंगे गुंडई, प्रत्याशी की पत्नी प्रियंका शाक्य वोटरों को लुभाया

जनता का अभिवादन करते शिवपाल सिंह यादव व सपा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर समृद्धि न्यूज

मोहम्मदाबाद/नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**मोहम्मदाबाद** में सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने जनसभा की। जिसमें उन्होंने लोगों से सपा प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील की। भारी भीड़ देखकर शिवपाल सिंह यादव गदगद नजर आये।

जानकारी के अनुसार सोमवार को मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम रोहिल्ला चौराहे पर शनि मंदिर के निकट मैदान में विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं व लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे सुरेंद्र सिंह गौर ने सभी वक्ताओं को मंच पर बुलाया तथा सभी ने अपने-अपने वक्तव्य में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य के लिए वोट देने की अपील की। पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मुन्नू बाबू ने अपने वक्तव्य में कहा कि उन्होंने जो अपने कार्यकाल में सड़क बनवाई थी आज तक उन सड़कों पर दोबारा किसी भी सरकार ने कोई काम नहीं कराया। भला भाजपा सरकार से क्या उम्मीद की जा सकती है। ऐसे सभी नेताओं ने अपने भाषणों में भाजपा पर गिन-गिनकर तीर चलाये। वहीं सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य ने कहा कि जनता ने यदि उन्हें सांसद बनाती है, तो जनता सांसद निधि का पूरा हिसाब रखेगी। यही नहीं मिलने वाले वेतन पर जनता का पूरा अधिकार होगा। सरकार भले ही हमारे नाम से वेतन हमारे खाते में भेजे, लेकिन वह धनराशि बच्चों की निःशुल्क शिक्षा पर खर्च की जायेगी। उन्होंने बताया कि सांसद बनने के बाद उन्होंने विदेश पढ़ाई करने के लिए जो छात्र जायेंगे, उनकी पूरी मदद की जायेगी। उन्होंने बताया कि वह जनता के अपने संसदीय क्षेत्र की जनता का निःशुल्क इलाज करते रहेंगे। किसी भी जनमानस को कोई समस्या खड़ी नहीं होने देंगे। प्रत्याशी नवल किशोर शाक्य की पत्नी प्रियंका शाक्य ने भी जनता को नमन कर वोट मांगे। जैसे ही कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता शिवपाल सिंह यादव ने बोलना शुरु किया, तो तालियों की गड़गड़ाहट से पांडाल गूंज उठा। अपार भीड़ देखकर शिवपाल सिंह बोले कि आप लोग काफी देर से हमारा इंतजार कर रहे हैं। जितना पसीना आज बहाया है,

शिवपाल सिंह यादव को गौतमबुद्ध की प्रतिमा भेंट करते सपा प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर

उससे अधिक मतदान वाले दिन बहा देना सपा के पक्ष में का प्रतिशत बढ़ा देना। जीत आपकी होगी। उन्होंने कहा कि डॉ0 नबल किशोर को पार्टी ने फर्रुखाबाद की जनता की सेवा करने के लिए मैदान में उतारा है और आप सब की बारी है कि इन्हें वोट देकर भारी मतों से जितायें और सेवा करवायें। उन्होंने बताया कि बदायूं में मतदान होने के बाद वह फर्रुखाबाद में ही रहेंगे। किसी की भी गुंडई नहीं चलेगी। निष्पक्ष मतदान होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वह शालीनता के साथ घर-घर जाकर सपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करें। मतदान वाले दिन सभी कार्यकर्ता लगकर वोट डलवाए जिससे प्रतिशत 95 परसेंट तक करवा दें और वह किसी बात की चिंता ना करें। 7 तारीख के बाद वह फर्रुखाबाद जनपद में होंगे और किसी तरह की कोई बेईमानी नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य, प्रत्याशी की पत्नी प्रियंका शाक्य, समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामसेवक सिंह यादव, पूर्व जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, डॉक्टर मनन, कमालगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, मौलाना इरफान उल हक कादरी, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, कांग्रेस की कार्यवाहक जिला अध्यक्ष शकुंतला गौतम, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान, कार्यक्रम के प्रभारी विनीत कुशवाहा, पार्टी के जिला महासचिव इलियास मंसूरी, पूर्व सांसद चंद्रभूषण सिंह मन्नू बाबू, प्रदीप यादव नदौरा, विजेंद्र सिंह प्रधान सोना जानकीपुर, प्रताप सिंह यादव, सर्वेश अंबेडकर, लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष अनुराग यादव, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर, कुतुबुद्दीनपुर के प्रधान राजीव यादव, पूर्व प्रधान अजय राज यादव, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष शिवम यादव, समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के सह मीडिया प्रभारी मोबीन खान सहित बड़ी तादात में समर्थक मौजूद रहे। सपा प्रत्याशी ने शिवपाल सिंह यादव को गौतमबुद्ध की प्रतिमा, 51 किलो की माला व गदा तथा तलवार भेंट की। इसके अलावा अन्य उपहार भी दिये गये।

## डीएम व एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीएम समृद्धि न्यूज

कन्या जूनियर हाई स्कूल कक्षा 1 से 8 तक संविलियन मदनपुर

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के मद्देनजर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के खिमसेपुर, मदनपुर व संकिसा के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में उच्च प्राथमिक विद्यालय खिमसेपुर में कक्षों में लाइट कम पाई गई। जिसे बढ़ाने के निर्देश के साथ ही साथ स्लेव सही कराने व रेलिंग लगवाने के निर्देश दिए। प्राथमिक विद्यालय मदनपुर में स्कूल को रोड से जोड़ने वाला रास्ता खराब पाया गया। जिसे ठीक कराने के निर्देश दिये। प्राथमिक विद्यालय संकिसा में स्कूल के सामने नाली पर जाल डलवाने व स्कूल के कक्षो में लाइट बढ़ाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिये गए। इस अवसर पर महेन्द्र सिंह ज्वाइंट मजिस्ट्रेट, गजराज सिंह उप जिलाधिकारी सदर व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### युवती ने पिया जहर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** युवती ने घरेलू विवाद के चलते जहर पी लिया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव नर्सिंगपुर निवासी रुकम सिंह की 18 वर्षीय पुत्री साक्षी ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। गंभीर हालत में परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उसे लोहिया अस्पताल रफर कर दिया गया।

### चार प्रत्याशी ने खरीदे पर्चे, कोई नहीं हुआ नामांकन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए सोमवार को चार प्रत्याशियों ने पर्चे खरीदे, किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन नहीं किया। जिसमें प्रियंका शाक्य पत्नी नवल किशोर शाक्य निवासी श्याम नगर मझोला कायमगंज ने निर्दलीय प्रत्याशी के रुप में पर्चा खरीदा। यदुनाथ सिंह पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम हरकरनपुर पोस्ट सिकंदपुर खास, जनपद फर्रुखाबाद ने अखिल भारतीय अशोक सेना के प्रत्याशी के रुप में पर्चा खरीदा। प्रमोद कुमार पुत्र पहलवान सिंह निवासी सलेमपुर खुर्द थाना मदनापुर तहसील तिलहर जपद शाहजहांपुर ने भारतीय कृषक दल के प्रत्याशी के रुप में पर्चा खरीदा। वहीं श्यामवीर सिंह पुत्र स्व0 बलवंत सिंह निवासी ज्योना, पोस्ट रसीदपुर मेई कायमगंज फर्रुखाबाद ने भारतीय नागरिक पार्टी के प्रत्याशी के रुप में पर्चा खरीदा।

## खबरें चलते-चलते

### पति ने पत्नी को मारी गोली, मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव रामदत्त नगर निवासी महेशचन्द्र पाल की 35 वर्षीय बेटी ममता की उसके पति सुखवीर द्वारा बीती रात्रि गोली मारकर हत्या कर दी गई। 18 वर्ष पहले ममता की शादी सुखवीर पाल पुत्र रामभरोसे निवासी नगला बघार थाना मेरापुर से हुइ थी। दोनो से 4 बच्चे है। घटना के सम्बन्ध मे थाने मे दी गयी तहरीर में मृतका के भाई कुलदीप पुत्र महेश पाल निवासी रामदत्त नगर थाना मोहम्मदाबाद ने तहरीर देते हुये बताया है कि मेरी बहिन ममता के बहनोई सुखवीर से दो पुत्र और दो पुत्रियां रुबी 15 वर्ष, रुचि 13 वर्ष, नीरू 8 वर्ष, प्रवीन 7 वर्ष है। मेरे बहनोई सुखवीर रुचि 13 वर्ष की शादी 30 वर्षीय दुजांह लड़के से करना चाहते थ। मेरी बहिन ममता मना करती थी। बहिन ममता अपनी पुत्री नीरू 8 वर्ष के साथ मेरे घर पर थी। जो घटना के समय 21.04.2024 की रात्रि 11:30 बजे घर पर सो रही थी। मेरे माता पिता ट्रैक्टर से गेहूं की कटाई करने गये थे। उसी समय मुखविर की सूचना पर बहनोई सुखवीर अपने अन्य साथियो के साथ आये और ममता से मारपीट करते हुये गोली मार दी। गोली की आवाज सुनकर तमाम लोग आ गये। जिनकी मदद से मै बहिन को सरकारी अस्पताल मोहम्मदाबाद लाया। जहां पर डाक्टरो ने मृत घोषित कर दिया।

### पत्नी बोली साहब मेरी जेठानी हड़पना चाहती है सम्पत्ति, पति का है संरक्षण

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़ित महिला ने अपने पति, जेठ, जेठानी तथा जेठ के पुत्र के विरुद्ध थाना पुलिस को तहरीर दी। पुलिस को दी गई तहरीर में पत्नी ने आरोप लगाया है।कि मेरे पति के मेरी जेठानी से अवैध सम्बन्ध हैं। मेरे पति की सम्पत्ति अपने नाम करवाना चाहती है। जेठ व जेठानी के पास मेरी एक लाख रुपये की नकदी और जेवर हैं। जो मुझे नहीं दे रहे हैं। मेरे पति व जेठ तथा जेठानी मुझे व मेरे बच्चों को घर पर नहीं रहने देते हैं। मैं अपने बच्चों को अपने मायके में रहकर पढ़ाती हूँ। 11 अप्रैल को जब मैं अपने बच्चों के साथ ससुराल आई तो मेरी जेठानी ने घर में ताला डाल दिया। इस बात का विरोध करने पर पति राम खिलाड़ी व जेठ उमेश तथा जेठानी मुन्नी देवी एवं जेठ उमेश के पुत्र विमल ने गाली-गलौज कर लाइसेंसी बंदूक से जान से मारने की धमकी दी। घटना के मामले में मेरापुर पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव नौली निवासिनी पीड़ित महिला नीलम देवी की तहरीर के आधार पर पति राम खिलाड़ी व जेठ उमेश तथा जेठानी मुन्नी देवी एवं जेठ उमेश के पुत्र विमल के विरुद्ध गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

### टेंपो से गिरकर अधेड़ घायल, भर्ती

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** टेंपो चालक की लापरवाही से टेंपो में बैठी सवारी गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। जानकारी के अनुसार बादशाह निवासी गांव राजे रायपुर थाना मिर्जापुर जनपद शाहजहांपुर जिला फर्रुखाबाद के गांव कड़हर अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। जो कि 21 अप्रैल चाचूपुर से कड़हर मार्ग पर चलने वाले टेंपो संख्या यू.पी.76के4860 से सवार होकर जा रहा था। टेंपो को चालक जयसिंह निवासी चाचूपुर थाना राजेपुर चला रहा था। कस्बा सलेमपुर के निकट ऊबड़खाबड़ रास्ते में बहुत ही तेज स्पीड में चलने की वजह से टेंपो में सवार बादशाह उछलकर नीचे जा गिरा। जिसके सर से टेंपो का पिछला पहिया निकलने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर परिजनो ने प्राइवेट नर्सिंग होम में भर्ती कराया। 22 अप्रैल को पीड़ित के पुत्र मुन्ना लाल ने थाना राजेपुर में लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष राजेपुर रणविजय सिंह ने पीड़ित को शत प्रतिशत न्याय दिलाने का आश्वासन दिया।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के गांव ललई निवासी आशीष मिश्रा (22), शमसाबाद क्षेत्र के गांव नेगवा निवासी चरन सिंह (35) व मान सिंह की 18 वर्षीय पुत्री सपना मार्ग दुर्घटना मे घायल हो गए। घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद सपना को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## प्रतिबंधित मांस सहित आरोपी गिरफ्तार

पुलिस हिरासत में आरोपी समृद्धि न्यूज

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** प्रतिबंधित मांस की तस्करी कर रहे युवक को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस आरोपित को थाने ले आयी। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार गांव कटिया निवासी रियाज खां सोमवार सुबह जनपद कासगंज के भरगैन से प्रतिबंधित मांस की तस्करी करने के लिए ट्रेन से कटिया ला रहा था। उसी समय किसी ग्रामीण ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज दारोगा शिव बहादुर सिंह ने आरोपित युवक को प्रतिबंधित मांस सहित कंपिल रोड स्टेशन से दबोच लिया। युवक के पास से भारी मात्रा में प्रतिबंधित मांस बरामद हुआ। पुलिस आरोपित युवक व मांस को थाने ले आयी। थाने पहुंचे पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 सुखदेव ने मांस के नमूने लिए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। दोपहर बाद आरोपित को जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी जितेंद्र चौधरी ने बताया आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### लोडर चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा नवाबगंज के अलीगंज तिराहा से 50 कदम आगे अलीगंज मार्ग पर अपने मकान के पास खड़ी थी। रात में अज्ञात चोरों ने टाटा लोडर चोरी कर लिया। जिसकी सूचना प्रार्थिनी पूजा देवी पत्नी जसवीर सिंह निवासी चिकन वाली गली नवाबगंज ने थाना पुलिस को दी। जिसमें बताया कि मेरी गाड़ी मकान के पास काफी समय से खड़ी रहती है, तभी रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा गाड़ी चोरी कर ली गयी। पुलिस ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

### जानवर के हमले में घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** जानवर के हमले में युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला सदवाड़ा निवासी शनी शर्मा (28) पर जानवर ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। लोगों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

## ब्यूटी पार्लर के काम का भुगतान न करने पर वर-वधू पक्ष आमने सामने

- जमकर चले ईंट पत्थर, बारात में आयीं पांच गाड़ियां हुई क्षतिग्रस्त

कंपिल, समृद्धि न्यूज

थाने में मौजूद वर वधू व अन्य लोग

**ब्यूटी** पार्लर के काम का भुगतान न करने पर वर वधू पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी-डंडे व ईट पत्थर चले। मारपीट के दौरान बारात में आयी पांच गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गयीं। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आयी। जानकारी के अनुसार जनपद एटा थाना बागवाला के एक गांव निवासी युवक का विवाह क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती के साथ तय हुआ था। रविवार देर रात बारात युवती के गांव पहुंची। द्वारचार कार्यक्रम के बाद जयमाला की तैयारी होने लगी। इसी दौरान वर पक्ष ने ब्यूटी पार्लर के कार्य के रुपए देने से इनकार कर दिया। जिससे वधू पक्ष के लोग भड़क गए और गाली-गलौज करने लगे। मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष आमने सामने हो गए तथा जमकर लाठी-डंडे, ईट पत्थर चले। वधू पक्ष ने बारात में आयी गाड़ियां तोड़ दीं। वर पक्ष के लोगों ने घटना की सूचना 112 नंबर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में मारपीट होती रही। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आयी। सोमवार दोपहर तक थाने में चली पंचायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पुलिस ने थाने में वरमाला डलवाकर युवक व युवती का विवाह करा दिया। जिसके बाद विवाह की रस्में पूरी कर शादी सम्पन्न हो गयी। दोनों पक्ष अपने घर चले गए। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया दोनों पक्षों को समझाकर विवाह सम्पन्न करा दिया गया है।

### छत से गिरकर दो घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला नुन्हाई निवासी अफसर का 6 वर्षीय पुत्र अबुजेब व थाना नवावगंज के गांव वमरुल्लापुर निवासी संतोष का 8 वर्षीय पुत्र बादल छत से गिरकर घायल हो गए। परिजन अस्पताल लाये। जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद बादल को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हुआ अखण्ड रामायण का पाठ

फर्रुखाबाद, समृद्धि नूज

अखण्ड रायायण का पाठ करते आचार्य रजनीश मिश्रा आदि व मौजूद भक्तगण समृद्धि न्यूज

**भगवान हनुमान** की जयंती के पावन पर्व पर आयोजित अखण्ड रामायण पाठ में भक्तों की आस्था का सैलाब उमड़ा। संगीतमय रामायण पाठ में श्रद्धालु भक्ति भाव से सराबोर होकर जमकर झूमे। श्रद्धा और भक्ति के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अखण्ड पाठ में भाग लिया। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में सब्जी मंडी फतेहगढ़ स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में सोमवर को आचार्य रजनीश मिश्रा, पंडित सुखदेव मिश्रा तथा पंडित हृदेश दीक्षित ने अखण्ड रामायण पाठ कार्यक्रम का विधि विदान से पूजन कर प्रारम्भ किया।

मुख्य यजमान उत्कर्ष अग्रवाल एवं कोमल अग्रवाल ने रामचरित मानस का मंत्रोचारण से पूजन किया। संगीतमय अखण्ड पाठ कार्यक्रम में श्रद्धालु भक्ति और श्रद्धा के साथ जमकर झूमे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम, जानकी सीता तथा संकट मोचन श्री हनुमानजी का पूजन किया। कार्यक्रम में महेशचंद्र पाल, विनीत सक्सेना, करन सिंह, शैलेश दीक्षित, राधा देवी, नेहा दीक्षित, शिशिर अग्रवाल, गीता वर्मा आदि भक्तगण मौजूद रहे।

## फूड सेफ्टी वाहन ने लिये 38 नमूने, जिसमें 35 विशुद्ध तथा तीन नमूने अशुद्ध पाये गये

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नमूने लेता फूड सेफ्टी वाहन समृद्धि न्यूज

**फूड सेफ्टी** वाहन द्वारा खाद्य पदार्थों की मौके पर जांच की गयी। उक्त वाहन द्वारा संकिसा रोड मोहम्मदाबाद पर नमूना जाँच का किया गया। साथ ही 53 खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं आम जनमानस को स्थान संकिसा रोड मोहम्मदाबाद में नमूना जांच कार्य का प्रशिक्षण प्रदान करते हुए जागरुक किया गया तथा मिलावट की जांच, स्वच्छता व सेफ फूड के बारे में बताया गया। फूड सेफ्टी वाहन के साथ आये गुलाब सिंह व खाद्य सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार मिश्रा द्वारा नमूनों की जांच की गयी। जो निम्न है। अंकुर के दो नमूनों में एक विशुद्ध व एक अशुद्ध, दिनेश के दो नमूने विशुद्ध, हरजेंद्र के दो नमूने विशुद्ध, राम किराना स्टोर के दो नमूने विशुद्ध, सोनू किराना स्टोर के तीन नमूने विशुद्ध, दीपक किराना स्टोर के तीन नमूने विशुद्ध, प्रदीप के तीन नमूने विशुद्ध, रिषभ के तीन नमूनों में दो विशुद्ध तथा एक अशुद्ध पाया गया। अवनीश के दो नमूने विशुद्ध पाये गये। पप्पू यादव के दो नमूने विशुद्ध पाये गये। पंकज राजपूत का एक नमूना अशुद्ध तथा एक नमूना विशुद्ध पाया गया। रमेशचंद्र किराना के दो नमूने विशुद्ध पाये गये। पवन का एक नमूना विशुद्ध पाया गया। संजीव किराना के दो नमूने विशुद्ध पाये गये। विकास गुप्ता का एक नमूना विशुद्ध पाया गया। राजवीर पाल के दो नमूने विशुद्ध पाये गये। राजू के दो नमूने विशुद्ध पाये गये। अंकित गुप्ता, अतुल का एक-एक नमूना विशुद्ध पाया गया।

### एसपी के आदेश पर मारपीट एवं जान से मारने का मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अमानाबाद निवासी पिंकू कुशवाहा पुत्र जगदीश कुशवाहा ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में बताया दिनांक 4 अप्रैल को प्रार्थी अपने काम से कोटेदार के यहां गया और वहां पर आराम करने लगा। अचानक वहां पर विपक्षीगण आ गए और आते ही गाली-गलौज शुरू कर दी। जिसमें लालाराम पुत्र ना मालूम, शिवानंद पुत्र राजवीर राजपूत निवासीगढ़ ग्राम अमानाबाद के हाथ में लाठी-डंडा था। विरोध करने पर मारपीट शुरु कर दी। शोर शराबा सुनकर राजवीर शर्मा एवं उनकी पत्नी और मां एवं राजवीर के पिता रामआसरे शर्मा आ गये। जिनको आता देखकर विपक्षीगण प्रार्थी को धमकी देते हुए भाग गए और कहां साला आज तो बच गया दोबारा मिला तो जान से मार देंगे। उक्त घटना में प्राथी का मोबाइल भी तोड़ दिया। उक्त घटना की जानकारी प्रार्थी द्वारा 112 नंबर पर पुलिस को दी गयी, लेकिन 112 नंबर पुलिस आई और इस मामले में आज तक कोई भी कार्रवाई नहीं की गयी। थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# भाजपा झूठ बोलने वाली पार्टी है: शिवपाल सिंह यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

▸ सपा के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का फीता काटकर शिवपाल सिंह ने किया उद्घाटन

**समाजवादी** पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य के ढिलावल स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने आये सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि सभी लोग डा0 नवल किशोर शाक्य को जिताये। भाजपा हमेशा झूठ बोलने का काम कर रही है। 2 घंटे देरी से आये शिवपाल सिंह यादव ने फीता काटकर केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। भीड़ के चलते अफरा-तफरी का माहौल रहा। उन्होंने मेज पर खड़े होकर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा झूठ बोलने वाली बेईमान धोखेबाज पार्टी है। भाषण के दौरान कई बार कार्यकर्ताओं ने नारे लगाये। इस कारण हंगामा होता रहा। उन्होंने कहा कि डा0 नवल किशोर शाक्य ऐसे चिकित्सक है जो बीमारी का इलाज करते है। वह भाजपा का भी इलाज कर देगें। शिवपाल सिंह यादव के आगमन के दौरान संचालन स्वयं प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य ने किया। इससे पूर्व सभा का संचालन मंदीप यादव कर रहे थे। विशिष्ठ अतिथि के रुप में प्रोफेसर लक्ष्मण यादव ने कहा कि यह चुनाव देश की तकदीर बदलेगा। इंडिया गठबंधन के सभी कार्यकर्ता अपना-अपना एक-एक वोट डालकर इंडिया गठबंधन की रक्षा करते हुए सपा प्रत्याशी को जितवाये। साथ ही पत्रकारों के सवाल का जबाव देते हुए शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि श्रीराम हमारे दिल में है। पूजा करने वाले केवल पाखंडी होने के साथ भ्रामक प्रचार कर रहे है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल रहा। इस मौके पर पूर्व सांसद चन्द्रभूषण सिंह मुन्नूबाबू, जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव, पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विजय यादव, जिला पंचायत सदस्य नरेन्द्र शाक्य, मनोज मिश्रा, प्रवेश शाक्य, प्रदेश सचिव मंदीप, जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह गौर, आनन्द यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बेंचेलाल यादव, बृजेश सिंह यादव, मदन पाल, अनिल कुमार, दीप सिंह, सौदान सिंह, अवधेश सिंह, कश्मीर सिंह, रमेश कठेरिया, मुजीबुल हसन, डा0 नवरंग यादव, साजिद अली, इजहार खां, अनुराग यादव, हर्ष गंगवार, जहान सिंह लोधी, रफी अहमद, ओमप्रकाश शर्मा, बीना शर्मा, शिवशंकर शर्मा, रामप्रकाश यादव कल्लू, नफीस मुंशी, देव सिंह यादव, हनुमान प्रसाद यादव, आनन्द यादव, अशोक कुमार यादव, चन्द्रेश राजपूत, नंदकिशोर दुबे, एमपी सिंह, नागेन्द्र शाक्य, रामऔतार शाक्य, मुजाहिद अंसारी, शिवशरन शाक्य, मिथुन शाक्य, चांद मोहम्मद सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते शिवपाल सिंह यादव

कार्यक्रम में मौजूद सपा नेता समृद्धि न्यूज

## खबरें एक नजर में

### महावीर स्वामी की नगर में धूमधाम से निकाली गई शोभायात्रा

महावीर स्वामी की शोभायात्रा में पालकी रथ व डांडिया नृत्य करती महिलायें

▸ महिलाओं ने किया डांडिया नृत्य, हुआ जगह-जगह स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। सधवाड़ा मोहल्ला में श्री महावीर स्वामी का पूजन अर्चन वंदन एवं जैन समाज की महिलाओं ने पालना उत्सव डांडिया के भाव नृत्य के साथ उत्सव मनाया। झंडा ध्वज पताका के साथ नगर के मुख्य मार्ग प्राचीन मंदिर सधवाड़ा से शुरु होकर सुतहट्टी, धुमना बाजार होती हुई जैन समाज की बगिया में पहुंची। वहां पर भजन कीर्तन एवं महाप्रसाद प्राप्त किया। शाम को यात्रा सत्य अहिंसा परमो धर्मा महावीर स्वामी के सिद्धांतों पर जैन समाज की बगिया बढ़पुर से रोडवेज बस अड्डा से लाल शराय, घुमना बाजार, नेहरू रोड़, चौक, लोहाई रोड़, नाला मछरट्टा, साहबगंज चौराहा होते हुए प्राचीन सधवाड़ा मंदिर में पहुंची। वहां महाआरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। व्यापारी नेता संजय गर्ग ने नेहरु रोड पर अपने प्रतिष्ठान के बाहर भगवान महावीर जन्म कल्याण महोत्सव की जयंती पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर श्वेता दुबे, श्याम गर्ग, मुकेश दुबे, नीरज, हरिओम, ऐलान सिंह मौजूद रहे। वहीं नेहरु रोड पर अपने प्रतिष्ठान के बाहर दीप संस्था प्रमुख निमिष टंडन ने भगवान महावीर स्वामी की शोभायात्रा का स्वागत किया। महावीर स्वामी की शोभायात्रा में नगर के गणमान्य व्यक्तियों ने जगह-जगह स्वागत किया एवं आरती कर प्रसाद वितरण किया। नगर में जैन समाज की महिलाओं ने डांडिया नृत्य पर सभी व्यक्तियों का मन मोह लिया। जगह-जगह पर भीषण गर्मी में पेयजल की व्यवस्था की गई। साथ में पुलिस विभाग के जवानों द्वारा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ यात्रा का समापन हुआ। जैन समाज के द्वारा महावीर के सिद्धांतों की वर्तमान समय में आवश्यकता है। इस यात्रा के द्वारा समाज परिवर्तन एवं स्वर्णिम भारत के निर्माण में अहम भूमिका का संदेश दिया। जलवायु परिवर्तन में महावीर स्वामी के सिद्धांतों का मानव सार्थक की भूमिका दी। अध्यक्ष ऋषभ शरण जैन, राहुल जैन, दिलीप जैन, प्रमोद जैन, दीपक जैन, अमन जैन, छेदा लाल जैन, विजय जैन, महिला मंडल जूली जैन, साधना जैन, संध्या जैन, दीप जैन, ममता जैन, मिनी जैन, अंजलि जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

### बच्चों के स्वास्थ्य की हुई जांच, दी गई सलाह

बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** देश की भावी पीढ़ी के सूत्रधारों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जिले के होम्योपैथिक विभाग का सफर जारी। सोमवार को राजेपुर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय उधरनपुर में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय के चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह एवं वार्डबॉय बृजेश कुमार ने सभी उपस्थित 48 छात्रों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया। जिनमें से कुल 20 बच्चे को विभिन्न रोग(सर्दी, जुकाम, बुखार, कान में मवाद, दर्द, सर दद, दांत कैविटी इत्यादि) से ग्रसित पाये गये। सभी रोगी छात्र छात्राओं को मौके पर ही संबंधित रोगों की होम्योपैथिक दवा वितरित की। साथ ही सभी छात्रों और शिक्षकों के समक्ष अप्रैल माह में संचालित संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हे इन संचारी रोगों के लक्षण, कारण, उपचार और इनसे बचने के सरल उपायों पर विस्तृत चर्चा कर उन्हे गर्मियों में बाहर दुकानों का खुला भोज्य एवं तरल पेय पदार्थो से बचने की सलाह देते हुए बताया कि हमेशा घर का बना ताजा और पौष्टिक खाना ही खाए। दिन में दो बार सही तरीके से ब्रश करें, नियमित व्यायाम करें, जल्दी सो, जल्दी उठे और गर्मी और धूप में जाने से पहले समुचित मात्रा में पानी पीकर ही घर से बाहर निकले। संचारी रोगों से बचाव के तौर पर चिकित्साधिकारी डॉ0 सुरेंद्र सिंह ने सभी बच्चों को वाशबेसिन पर ले जाकर हाथ साफ करने के सही तरीके का सजीव प्रदर्शन किया। चिकित्साधिकारी डॉ0 सिंह ने आगामी 13 मई को जनपद में होने वाले आम चुनाव के दृष्टिगत सभी बच्चों को, उनके सभी परिवारीजनों द्वारा मतदान के दिन मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

▸ मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज में गोष्ठी में चिकित्सकों ने रखे विचार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

कार्यक्रम में भाग लेते प्रशिक्षु चिकित्सक समृद्धि न्यूज

**मेजर एसडी** सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। प्राचार्या डा0 अंजना दीक्षित ने विश्व पृथ्वी दिवस को थीन गृह और प्लास्टिक टॉपिक पर चर्चा की। प्लास्टिक के प्रयोग से होने वाली बीमारियों और पृथ्वी पर प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को विस्तार पूर्वक बताया। डा0 सुनील गुप्ता ने प्लास्टिक का प्रयोग बंद करके पृथ्वी के वातावरण को शुद्ध रखने एवं पृथ्वी के सभी जीव जन्तुओं की विधिधता को बनाये रखने की अपील की। क्योंकि प्लास्टिक प्रदूषण की तरह फैल रहा है और इससे अनेक हानिकारिक बीमारियां पैदा हो रही है। जैसे कैंसर तथा प्रकृति को भी नुकसान कर रही है। कार्यक्रम में कॉलेज कोआर्डिनेटर डा0 नीतू, डा0 शीलू गुप्ता, डा0 बीएच गुप्ता, डा0 निरंजन एस, डा0 देवाशीष विश्वास, डा0 शिवओम दीक्षित, डा0 रीता सिंह, डा0 संकल्प सिंह, डा0 कीर्ति, डा0 भाग्यश्री, डा0 विकास बाबू, डा0 अरुण कुमार पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे। साथ ही विश्व पृथ्वी दिवस की महत्वता पर प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 2018 बैच की आरुषी त्रिपाठी ने सभी प्रश्नों का सही से उत्तर देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। 2021 बैच के किशन पाण्डेय दूसरे स्थान पर रहे। 2019 के संदीप यादव तृतीय स्थान पर रहे। 2022 की अर्वतिका साहू को सांत्वना पुरस्कार मिला।

### प्रदेश प्रभारी के आगमन को लेकर कांग्रेस की तैयारी बैठक सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कांग्रेस कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ में कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय 23 अप्रैल को जनपद में आ रहे है। कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं फर्रुखाबाद लोकसभा प्रभारी कोआर्डिनेटर प्रकाश प्रधान द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ इंडिया गठबंधन की समन्वयक बैठक की तैयारी की गई। जिसमें कांग्रेस के जिला व शहर कमेटी एवं फ्रंटल संगठनों के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं विचार विमर्श करके सम्पर्क फोन पर किया गया। इंडिया गठबंधन के समस्त जिलाध्यक्ष, नगर अध्यक्ष, पदाधिकारी बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिये गये। बैठक में कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा ने की। इस मौके पर संतोष गुप्ता, खुशहाल मियां, अभिषेक आदि लोग मौजूद रहे।

## आलू की आमद घटी, भाव में आया उछाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सातनपुर मण्डी में आलू के भाव में लगातार उछाल जारी है। फुटकर आलू की बिक्री 25 रुपये किलो तक पहुंच गयी है। सोमवार को आलू मण्डी में भाव 1601 रुपये से 1825 रुपये कुंटल सामान्य पुखराज ख्याती आलू बिका। वहीं 3797 आलू का भाव 1751 रुपये से 1951 रुपये कुंटल रहा। चिप्सोना आलू 1801 रुपये से 2011 रुपये कुंटल बिका। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि लाल हालैंड आलू 1921 रुपये से 2051 रुपये कुंटल की बिकवाली हुई। सोमवार को लगभग 12 से 15 मोटर आलू की आमद रही। ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग आलू की खुदाई समाप्ति पर है। एक प्रतिशत आलू की आमद आने को रह गयी है। जो एक सप्ताह तक मण्डी में रहेगी। एक मई से आलू मण्डी बंद होने की संभावना है। इस बार आलू बेंचने वालों से लेकर आलू बोने वालों, आलू किसान, आलू खरीददार, आलू ठेकेदार, आलू आढ़ती, आलू कोल्ड स्टोरेज संचालक एवं बाहर मण्डियों के आलू व्यापारी की बल्ले-बल्ले रही। आलू के दाम आसमान छूने से अन्य सब्जियों में भी भाव में इजाफा हो रहा है। आलू एक ऐसी सब्जी है जिसको हर व्यक्ति आसानी से खाता है और इसका कई सब्जियों में प्रयोग किया जाता है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर कांशीराम महाविद्यालय में कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

संगोष्ठी में मौजूद छात्र-छात्रायें समृद्धि न्यूज

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय में डॉ0 अमित कुमार के निर्देशन में तथा सांस्कृतिक परिषद एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 सुन्दर लाल के द्वारा अंतरराष्ट्रीय विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। संचालन कर रहे डॉ0 सुन्दर लाल ने बताया कि कार्यक्रम की विषय वस्तु प्लैनेट टे प्लास्टिक है तथा मुख्य उद्देश्य पर्यावरण जागरूकता को एकीकृत करना और उसके संरक्षण और सतत विकास के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना है। डा0 अमित कुमार ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव यह है कि दुबई शहर जो की रेगिस्तान में होने के बाबजूद बाढ़ ग्रस्त हो गया, संपूर्ण विश्व जलवायु परिवर्तन से जूझ रहा है। आम जनमानस को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए प्रेरेति किया जाए एवं वातावरण को प्रदूषित होने से बचाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शैक्षणिक संस्थाओं में ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन द्वारा नवयुवकों के मन मष्तिष्क तक जागरूकता को पंहुचाना है। पृथ्वी विश्व की सांझी विरासत है। कार्बन, मिशन से लगातार पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है। जिस कारण सभी देश प्राकृतिक विभीषिकाओं के चपेट में आ रहे है। डा0 महेश कुमार, डा0 प्रियांशु गुप्ता, डा0 डा0 शिल्पी सिंह, डा0 सतेंद्र कुमार आदि शिक्षकों ने अपने-अपने विचार रखे। कार्यक्रम में छात्रा बबली, कामिनी, अंशी, मुस्कान, ज्योति, गौरी, फूलन देवी, प्रियांशी वर्मा, पूजा, शिवानी, रोशनी, आकांक्षा, अर्चना, शिवी सक्सेना, प्रतिमा, शिल्पी, प्रियांशी, काजल, आर्तिका कटियार, छात्र आयुष कुमार, विकास यादव, मेहराज अहमद, सुमित, सूर्यकांत, प्रियांशु कटियार, अनुरुद्ध, अभय सिंह, नारायण अवस्थी, सोहांत कुमार, शौर्य मिश्रा, मो0 कैफ, आलोक कुमार, अरुण कुमार, प्रांशु, अमित कुमार, अमनेद्र सिंह, अभिषेक चौधरी, आशुतोष सिंह, मयंक सागर, काजल, आदित्य रतन शाक्य, अभिषेक सिंह वर्मा, कुशाग्र तिवारी, कबीर मिश्रा, ध्रुव गौतम, वंश, शौर्य मिश्रा, शैफाली अग्रवाल, किशन पाल, राजेश, सुरेश आदि उपस्थित रहे।

# अच्छे अंक लाने वाली छात्राओं को प्रधानाचार्य ने किया सम्मानित

▸ एनएकेपी इं0का0वि0 की टॉप छह छात्राओं को दी गई बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

एनएकेपी इंटर कालेज में पुरस्कृत होती छात्रायें

**माध्यमिक शिक्षा** परिषद द्वारा हाईस्कूल व इंटर का परीक्षा परिणाम शनिवार को जारी किया गया था। विभिन्न विद्यालयों के बच्चे उत्तीर्ण रहे। एनएकेपी इंटर कालेज में सर्वाधिक अंक इंटर मीडिएट में रिद्धि प्रजापति ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। वहीं मुस्कान यादव ने 85 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। 84.4 प्रतिशत अंक पाकर पारुल दीक्षित ने तृतीय स्थान पाया है। वहीं हाईस्कूल में परीक्षा फल 90.8 प्रतिशत रहा। सर्वाधिक अंक हाईस्कूल में पाने वाली विद्यालय स्तर पर तान्या ने 88.3 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान पर रही। वहीं वैष्णवी मिश्रा ने 88.3 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पाया। वैष्णवी अग्निहोत्री ने 88.1 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय की प्रधानाचार्या इंदू मिश्रा ने सभी छात्राओं को अच्छे अंक लाने पर विद्यालय की ओर से सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संस्कार भारती ने भू-अलंकरण दिवस मनाया

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

भू-अलंकरण दिवस पर रंगोली बनाने के दौरान मौजूद लोग

**कला एवं** साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा विश्व पृथ्वी दिवस को भू अलंकरण दिवस के रूप में मनाया गया। सोमवार को नगर के प्राचीन कालीन पांडेश्वर नाथ शिव मंदिर में विधा प्रमुख हेमलता श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव आदि ने रंगोली बनाकर धरती माता का श्रृंगार किया। प्रांतीय महामंत्री सुरेंद्र पाण्डेय ने कहा कि संस्था हर वर्ष विश्व पृथ्वी दिवस को भू-अलंकरण दिवस के रूप में मनाती है। पृथ्वी मानव जीवन में अन्य जल आदि को उपलब्ध कराती है। हम सब को यह संकल्प लेना चाहिए कि हम लोग इसका संरक्षण कर सकें। भू-अलंकरण दिवस पर रंगोली में एक सांकेतिक भाषा के रूप में शंख, चक्र, गदा तथा पदम् को उकेरा गया है। अध्यक्ष डा0 नवनीत गुप्ता ने कहा कि हम सभी लोग अधिक से अधिक पौधे लगाए और वृक्षों का संरक्षण करें। कोषाध्यक्ष अर्पण शाक्य ने कहा कि हम सभी को पर्यावरण का संरक्षण करना चाहिए। साधना श्रीवास्तव ने कहा कि गर्मी बहुत बढ़ रही है ऐसे में सभी लोग अपने घरों की छत पर पक्षियों के पानी रखे। कार्यक्रम में भू-अलंकरण दिवस पर रंगोली बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर सचिव दिलीप कश्यप, स्नेहा श्रीवस्तव, सुनीता सक्सेना, हेमलता श्रीवास्तव, संजीव बाथम, संजय गर्ग, प्रीति गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर स्लोगन, पोस्टर, भाषण प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

सर्टिफिकेट के साथ छात्रायें मौजूद शिक्षिकायें

**विश्व पृथ्वी** दिवस के उपलक्ष्य में मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में विभिन्न पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्या सुमन त्रिपाठी ने छात्राओं को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनने के लिए जागरुक किया। ईको क्लब प्रभारी पारुल जैन, सदस्य पूनम शुक्ला तथा दर्शना शुक्ला की देखरेख में पृथ्वी दिवस पर स्लोगन, पोस्टर, भाषण आदि कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्राओं ने इस बार पृथ्वी दिवस की थीम प्लैनेट टे प्लास्टिक के अन्तर्गत बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट से उपयोगी वस्तुएं प्लान्टर्स आदि बनाये। प्रधानाचार्या तथा प्रबंधक ने ईको क्लब प्रोजेक्ट टीम के सदस्यों को अर्थियन पर्यावरण सर्टिफिकेट वितरित किये। कार्यक्रम में राधा दीक्षित, विजय लक्ष्मी, अर्चना देवी ने सहयोग किया। जैव विविधता प्रोजेक्ट सदस्य फरीजा, दीक्षा यादव, मोनिका राठौर, आयुषी पाठक तथा वैष्णवी दुबे मौजूद रही। कचरा प्रबंधन प्रोजेक्ट सदस्य वान्या वर्मा, गीतांजलि सैनी, सानया गुप्ता, वंशिका चौरसिया मौजूद रही। जल प्रोजेक्ट सदस्य इशिका गुप्ता, अफसरा अवस्थी, बसंती लाल, खुशी शर्मा, एलिसा दयाल को सर्टिफिकेट वितरित किये गये।

**सम्मेलन** कश्यप निषाद सम्मेलन का हुआ आयोजन

# सपा, बसपा की सरकारों ने पिछड़ों के नाम पर सिर्फ वोट हासिल किया: बाबूराम निषाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

कार्यक्रम को सम्बोधित करते बाबूराम निषाद समृद्धि न्यूज

**नवभारत सभा** भवन में भारतीय जनता पार्टी द्वारा कश्यप निषाद महासम्मेलन का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद बाबूराम निषाद ने सभा को संबोधित करते हुए ने कहा देश में 80 प्रतिशत पिछड़े वर्ग की आबादी है। जिसमें कश्यप और निषाद समाज की महत्वपूर्ण भागीदारी है। भाजपा हर वर्ग के उत्थान के लिए एवं खासकर पिछड़े वर्ग के सम्मान व उत्थान के लिए कार्य कर रही है। प्रदेश में पिछली सपा और बसपा की सरकारों में पिछड़ी के नाम पर सिर्फ वोट हासिल किया गया, लेकिन सत्ता प्राप्त करने के बाद पिछड़े समाज को दरकिनार करके वंशवाद और परिवारवाद की राजनीति की गई। केंद्र की मोदी सरकार ने समाज के सबसे पिछड़े वर्ग को आगे बढ़ने का कार्य किया। योगी सरकार ने सशक्त उत्तर प्रदेश बनाने के साथ-साथ समरसता के आधार पर प्रदेश का चौमुखी विकास किया। केंद्र सरकार ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिलाने का कार्य किया। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने कहा केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार में हर वर्ग के साथ-साथ कश्यप निषाद समाज का भी सम्मान सुरक्षित है। केंद्र व प्रदेश की सरकार में कश्यप निषाद समाज की भागीदारी है। सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 वर्ष के शासनकाल में भारत प्रगति के रास्ते पर चला है। गरीब जनता की सभी सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कार्य हुए हैं, विकसित भारत के निर्माण में हर वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित होनी है। कांग्रेस के शासनकाल में देश भ्रष्टाचार और कुशासन से त्रस्त था। 2014 से सरकार बनने के बाद प्रदेश व देश में सुशासन और जनकल्याण की सरकार बनी। संचालन अभिषेक बाथम ने किया। इस अवसर पर कुलदीप गंगवार, डॉ0 रजनी सरीन, नारद सिंह कश्यप, अर्जुन सिंह कश्यप, राजपति बाथम, कल्याण सिंह बाथम, राम सिंह कश्यप, अनिल कश्यप, शरद श्रीवास्तव, रामनरेश गौतम, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# मालदीव में भारत विरोधी मो. मुइज्जू ने जीता संसदीय चुनाव

एजेंसी

**माले।** मालदीव में इंडिया आउट कैंपेन चलाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की पार्टी संसदीय चुनाव में जीत की तरफ बढ़ रही है। शुरुआती रुझानों में कल (21 अप्रैल) 93 सीटों पर हुए चुनाव में अब तक 86 सीटों के नतीजे आ गए हैं। इनमें से 66 सीटों पर मुइज्जू की पीपुल्स नेशनल कांग्रेस जीती है।

किसी भी पार्टी को बहुमत के लिए 47 से ज्यादा सीटों की जरूरत थी। नतीजों की आधिकारिक घोषणा में एक हफ्ते का समय लगेगा। मालदीव की संसद का कार्यकाल मई में शुरू होगा। मुइज्जू की जीत भारत के लिए बड़ा झटका है। भारत और चीन की इस चुनाव पर कड़ी निगाह थी। दोनों रणनीतिक रूप से अहम मालदीव में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहते हैं। मुइज्जू की पार्टी की जीत के बाद अब मालदीव में आने वाले 5 साल तक चीन समर्थक सरकार रहेगी।

# दुनिया के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में सेना की बहादुरी पर हमें नाज

## रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को दी श्रद्धांजलि

- सरहद पर तैनात रहने वाले सैनिकों को खिलाई मिठाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव प्रचार की व्यस्तताओं के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को सियाचिन पहुंचे। दुनिया की सबसे ऊंची बैटल फील्ड में तैनात सशस्त्र बलों के जवानों से बातचीत करके उनकी चुनौतियों को समझने का प्रयास किया। उन्होंने माइनस डिग्री के तापमान में भी देश की सरहद पर तैनात रहने के लिए सैनिकों का हौसला बढ़ाया।

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को इस बार होली का पर्व सैनिकों के साथ मनाने के लिए सियाचिन जाना था, लेकिन अचानक मौसम खराब होने की वजह से अंतिम समय में कार्यक्रम बदलना पड़ा। इसके बाद राजनाथ सिंह ने लेह के मिलिट्री स्टेशन में जाकर सशस्त्र बलों के साथ होली का त्योहार मनाया था। उन्होंने उसी समय सियाचिन में तैनात कमांडिंग ऑफिसर से जल्द सियाचिन आकर पाकिस्तान के मोर्चे पर तैनात जवानों से मुलाकात करने का वादा किया था। इसके बाद वे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में बतौर स्टार प्रचारक चुनावी सभाओं और रैलियों में व्यस्त हो गए। इस बीच भारतीय वायु सेना ने 13 अप्रैल को पाकिस्तान के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन मेघदूत की 40वीं वर्षगांठ मनाई, लेकिन रक्षामंत्री चुनावी व्यस्तताओं के कारण इस कार्यक्रम में भी नहीं शामिल हो सके। इस बीच सुबह रक्षा मंत्री सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे के साथ लेह, लद्दाख में थोइस हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद रक्षामंत्री सिंह ने सियाचिन बेस कैंप में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके शहीद बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। रक्षामंत्री ने कहा कि सियाचिन में ऑपरेशन मेघदूत की सफलता हम सभी भारतीयों के लिए गौरव का विषय है। दुनिया के सबसे ऊंचे इस युद्धक्षेत्र में हमारी सेनाओं ने जो बहादुरी दिखाई है, उस पर हमें नाज है। उन्होंने जवानों से कहा कि राष्ट्र की सीमाओं की सुरक्षा करने के लिए आप अपना सब कुछ न्योछावर कर देने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

### प्रताप पुर सैन्य स्टेशन सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित

इससे पहले उत्तरी कमान के सेना कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार ने फॉरवर्ड फील्ड अस्पताल की परिचालन तैयारियों और चिकित्सा सुविधाओं की समीक्षा करने के लिए दुनिया के सबसे ऊंचे युद्ध क्षेत्र सियाचिन के आगे के क्षेत्रों का दौरा किया। सेना कमांडर ने प्रताप पुर सैन्य स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ ग्रीन स्टेशन पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने चुनौतीपूर्ण और कठिन परिस्थितियों में उनके संपूर्ण व्यावसायिकता और अनुकरणीय कार्य के लिए सभी रैंकों की सराहना की।

# प. बंगाल में 24 हजार शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त

## कलकत्ता हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला, अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से वेतन भी वापस लेने के निर्देश

एजेंसी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने सोमवार को 2016 में हुई शिक्षक भर्ती रद्द कर दी। इसके अलावा अवैध नियुक्ति पर काम कर रहे शिक्षकों से 7-8 साल के दौरान मिली सैलरी भी वापस लेने के निर्देश दिए। जस्टिस देवांग्शु बसाक और जस्टिस शब्बर रसीदी की बेंच ने कहा- कैंसर पीड़ित सोमा दास की नौकरी सुरक्षित रहेगी। पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करे। हाईकोर्ट के आदेश को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गैरकानूनी बताया है। उन्होंने कहा- हम उन लोगों के साथ खड़े रहेंगे जिनकी नौकरियां चली गईं। भाजपा नेता न्यायपालिका के फैसलों को प्रभावित कर रहे हैं। इस फैसले के खिलाफ हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 में डब्ल्यूबीएसएससी के जरिए सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के लिए टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ भर्ती किया था। तब 24, 640 रिक्त पदों के लिए 23 लाख से अधिक लोगों ने भर्ती परीक्षा दी थी। इस भर्ती में 5 से 15 लाख रुपए तक की घूस लेने का आरोप हैं।

मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट में कई शिकायतें मिली थीं। भर्ती में अनियमितताओं के मामले में सीबीआई ने राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी, उनकी करीबी मॉडल अर्पिता मुखर्जी और एसएससी के कुछ अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। ईडी ने 22 जुलाई, 2022 को पार्थ चटर्जी के ठिकानों समेत 14 जगहों पर छापेमारी की थी। इस दौरान घोटाले में बंगाल की एक मॉडल अर्पिता मुखर्जी से जुड़ी जानकारी भी सामने आई। छापेमारी के दौरान अर्पिता मुखर्जी की प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। इसके बाद ईडी ने अर्पिता के घर पर छापा मारा। अर्पिता के फ्लैट से करीब 21 करोड़ रुपए कैश, 60 लाख की विदेशी करेंसी, 20 फोन और अन्य दस्तावेज मिले। 24 जुलाई को ईडी ने अर्पिता और पार्थ को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद एक और छापेमारी में अर्पिता के घर से 27.9 करोड़ रुपए कैश मिला। इसमें 2000 रुपए और 500 रुपए के नोटों के बंडल थे।

### मेरिट लिस्ट से बाहर वालों को नौकरी देने का आरोप

ममता बनर्जी की सरकार ने 2014 में शिक्षकों की भर्ती निकाली थी। इसकी प्रक्रिया 2016 में पूरी हुई थी। तब पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे। याचिकाकर्ताओं का आरोप था कि जिन उम्मीदवारों के नंबर कम थे उन्हें मेरिट लिस्ट में ऊपर स्थान मिला। कुछ उम्मीदवारों का मेरिट लिस्ट में नाम न होने पर भी नौकरी दी गई। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि कुछ ऐसे भी उम्मीदवारों को नौकरी दी गई, जिन्होंने टीईटी परीक्षा भी पास नहीं की थी, जबकि राज्य में शिक्षक भर्ती के लिए टीईटी की परीक्षा पास करना अनिवार्य है।

### 2022 में हुई थी शिक्षा मंत्री की गिरफ्तारी

ईडी ने 23 जुलाई 2022 को राज्य के शिक्षा मंत्री पार्थ को शिक्षक भर्ती घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में कोलकाता के सरकारी आवास से गिरफ्तार किया था। पार्थ पर आरोप है कि मंत्री रहते हुए उन्होंने नौकरी देने के बदले गलत तरीके से पैसे लिए। पार्थ की गिरफ्तारी के 5 दिन बाद ममता बनर्जी ने उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त कर दिया था। इस मामले में 16 फरवरी 2024 तक पार्थ चटर्जी के करीबियों के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी।

### हाईकोर्ट ने दिए थे सीबीआई जांच के आदेश

इसी तरह से राज्य में 2016 में स्स्ट द्वारा ग्रुप डी की 13 हजार भर्ती के मामले में शिकायतें मिली थीं। हाईकोर्ट ने इन सभी याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सीबीआई जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद ईडी ने शिक्षक भर्ती और कर्मचारियों की भर्ती के मामले में मनी ट्रेल की जांच शुरू की थी। सीबीआई ने इस मामले में 18 मई को पार्थ चटर्जी से पूछताछ भी की थी।

### पूर्व जस्टिस ने मांगा ममता का इस्तीफा

राज्य में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) के जरिए हुईं 25 हजार से अधिक नियुक्तियों को कलकत्ता हाई कोर्ट से रद्द किये जाने के बाद कोलकाता हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश और तमलुक लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार अभिजीत गांगुली ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा है। उन्होंने हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए तुरंत ममता बनर्जी के इस्तीफा की मांग की है।

## हांगकांग ने भी एमडीएच और एवरेस्ट के चार मसाला उत्पादों पर लगाया प्रतिबंध

**नई दिल्ली।** सिंगापुर के बाद हांगकांग की सरकार ने भी भारत के मशहूर मसाला ब्रांड्स एमडीएच प्राइवेट लिमिटेड और एवरेस्ट फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के चार उत्पादों पर प्रतिबंध लगा दिया है। हालांकि, इन दोनों कंपनियों की ओर से अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार के खाद्य सुरक्षा केंद्र ने जारी बयान में कहा है कि जांच में इन दोनों मसालों में कीटनाशक पाया गया है, जो सेहत के लिए खतरनाक है। इसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद हांगकांग की सरकार ने इन मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। बयान में कहा गया है कि एमडीएच समूह के मद्रास करी पाउडर, सांभर मसाला पाउडर और करी पाउडर में जांच में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी थी। इससे पहले सिंगापुर ने पिछले हफ्ते एवरेस्ट के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई की थी, जिसमें एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा अनुमेय सीमा से अधिक होने का आरोप लगाया गया था। इससे पहले 2023 में अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने साल्मोनेला की मौजूदगी के चलते एवरेस्ट के उत्पादों को हटाने का आदेश दिया था।

# अडोली में वाहन खाई में गिरा चार की मौत, चार लोग घायल

समृद्धि न्यूज

**देहरादून/पिथौरागढ़।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़-एंचोली क्षेत्र में अंडोली के पास सोमवार सुबह बोलेरो ((यूके 05 टीए- 2683 ) अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। इस हादसे में चार लोगों की मृत्यु हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित शादी समारोह से बोलेरो से वापस लौट रहे थे। यह जानकारी पुलिस ने दी।

पुलिस के अनुसार, यह खाई 200 मीटर गहरी है। बोलेरो में कुल आठ बाराती सवार थे। जिला नियंत्रण कक्ष पिथौरागढ़ से हादसे की सूचना एसडीआरएफ को दी गई। सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने स्थानीय पुलिस और लोगों से समन्वय स्थापित कर चार लोगों के शव खाई से बाहर निकाल कर जिला पुलिस के सुपुर्द किए। घायलों के नाम चमाली निवासी 49 वर्षीय जगदीश, 19 वर्षीय हिमांशु, 18 वर्षीय प्रियांशु और 42 वर्षीय राजेंद्र हैं। मृतकों में अजय कुमार (32) पुत्र होशियार, पवन कुमार (40) पुत्र जगत राम, अंगद कुमार (34) पुत्र जगत राम और कैलाश कुमार (48) पुत्र शोबन राम हैं।

### मृतक परिजनों को 5-5 लाख का मुआवजा देने की मांग

**देहरादून।** उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने सोमवार को पिथौरागढ़ के एंचोली क्षेत्र में अंडोली के पास हुए सड़क हादसे पर गहरा दुःख जताते हुए मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये और घायलों को मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने सड़क दुर्घटना में मारे गये लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की है और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। माहरा ने कहा कि इस हृदय विदारक दुर्घटना से कई लोग असमय काल कलवित हो गये हैं। उन्होंने कहा कि पहाड़ों में होने वाले ऐसे हादसों को रोकने के उपाय होने चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सड़क दुर्घटना के मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये मुआवजा देने के साथ ही घायलों के समुचित उपचार के इन्तजाम किये जाने की भी मांग की।

# कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति की और नरेंद्र मोदी ने चलाई विकास की सरकार

एजेंसी

- भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के पक्ष में बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा ने लोरमी की रैली

**मुंगेली/रायपुर।** बिलासपुर लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के पक्ष में प्रचार करने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रसाद नड्डा सोमवार को मुंगेली जिले के लोरमी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। जेपी नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति चलाई और नरेंद्र मोदी ने विकास की सरकार चलाई है।

लोरमी में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ की मां कौशल्या की भूमि में मेरा आगमन हुआ है। जम्मू कश्मीर में दो विधान और दो झंडे थे, जबकि भारत में एक विधान एक झंडा होना चाहिए। प्रधानमंत्री मोदी ने सरकार में आने के बाद 6 अगस्त 2019 को धारा 370 को धरासाई किया।

राम मंदिर बनाने का मजबूत फैसला लिया गया और भव्य राम मंदिर का निर्माण भी हो गया। नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक कानून को हटाया गया। मुस्लिम देश ईरान, इराक और पाकिस्तान में तीन तलाक लागू नहीं था, जबकि भारत में लागू था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति चलाई और नरेंद्र मोदी ने विकास की सरकार चलाई है।

जेपी नड्डा ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि बिलासपुर में नल जल योजना के तहत ढाई लाख कनेक्शन दिया गया है। 12 करोड़ शौचालय बनवाकर महिलाओं को इज्जत से जीने का रास्ता दिया। उन्होंने कहा कि 70 साल तक के लोगों को आयुष्मान योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी। आवास योजना में तीन करोड़ घर बनेंगे। साथ ही अब घर सूर्य योजना के तहत सौर ऊर्जा से घर में रोशनी होगी। उन्होंने भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू के लिए वोट की अपील की।

## प्रधानमंत्री के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे गृहमंत्री शाह

**वाराणसी।** लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के केन्द्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन 24 अप्रैल बुधवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। दो दिवसीय दौरे में गृहमंत्री अमित शाह चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करने के साथ अब तक हुई चुनावी तैयारियों की जानकारी लेने के लिए भाजपा काशी क्षेत्र, जिला, महानगर इकाई के पदाधिकारियों, प्रभारियों संग बैठक करेंगे और जीत का अंतर बढ़ाने के लिए रणनीति साझा करेंगे। भाजपा के पदाधिकारियों के अनुसार गृहमंत्री रात्रि प्रवास भी वाराणसी में करेंगे। कार्यक्रम के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 24 अप्रैल को अपराह्न 05 बजे बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आएंगे। यहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, काशी क्षेत्र के पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि और मंत्री उनका भव्य स्वागत करेंगे। एयरपोर्ट से गृहमंत्री का काफिला सीधे महमूरगंज स्थित तुलसी उद्यान पहुंचेगा।

# शालीमार कॉर्प व सरोवर होटल्स ने किया होमटेल का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सरोवर होटल्स और शालीमार कॉर्प लिमिटेड ने सोमवार को आलमबाग में होमटेल के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। इस होटल के शुभारंभ के साथ ही सरोवर होटल्स ने शहर में अपनी उपस्थिति और भी मजबूत कर ली है।

सरोवर होटल्स राजधानी लखनऊ में सरोवर पोर्टिको और गोल्डन ट्यूलिप के नाम से दो लग्जरी होटल्स का संचालन कर रहा है। आलमबाग बस अड्डे और मेट्रो स्टेशन के बिल्कुल बगल में स्थित होमटेल बिजनेस करने के लिए राजधानी लखनऊ आने वालों और घूमने के मकसद से आने वाले पर्यटकों, दोनों के लिए, शहर के बीचों बीच आरामदायक रहने की जगह प्रदान करता है। 104 खूबसूरत कमरों के साथ, जिनमें डीलक्स, प्रीमियम और एक्जीक्यूटिव सुइट शामिल हैं, यह होटल मेहमानों की विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए कई तरह के रहने के विकल्प प्रदान करता है। होटेल में मेहमान 24 घंटे चलने वाले रेस्टोरेंट फ्लेवर्स में जायकेदार स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का लुत्फ उठा सकते हैं। इसके अलावा, होटल में अत्याधुनिक डाइनिंग और कॉन्फ्रेंस सुविधाएं विशाल टोपाज और क्रिस्टल बॉलरूम भी उपलब्ध हैं, जो हर तरह के कार्यक्रमों के आयोजन के लिए एकदम उपयुक्त स्थान है। लखनऊ में होमटेल ब्रांड लाने के लिए शालीमार कॉर्प लिमिटेड के डायरेक्टर कुणाल सेठ ने खुशी जताई और कहा, सरोवर होटल्स के साथ मिलकर हम लखनऊ में बेहतरीन होमटेल का अनुभव लाने पर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। यह साझेदारी शहर के बीचों बीच आधुनिक और आरामदायक रहने की सुविधा यात्रियों को देने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## खबरें एक नजर में

### सात देशों के प्रतिनिधियों ने देखा भाजपा का प्रचार अभियान

**नयी दिल्ली।** भारत के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव प्रचार अभियान का प्रत्यक्ष अवलोकन एवं अध्ययन करने के लिए रूस एवं बंगलादेश सहित सात देशों के राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल राजस्थान में जोधपुर की तीन दिन की यात्रा पर आया है। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाई वाले ने यहां एक बयान में कहा कि भारत में विभिन्न मिशनों से राजनयिकों का सात सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की प्रत्यक्ष जानकारी हासिल करने के लिए उद्देश्य से 22 से 24 अप्रैल, तक राजस्थान में जोधपुर की यात्रा पर रहेगा। इस प्रतिनिधिमंडल में बंगलादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया, रूस और सूरीनाम के राजनयिक प्रतिनिधि शामिल हैं।डॉ. चौथाईवाले के अनुसार पहले भी इसी तरह के प्रतिनिधिमंडलों ने भाजपा के चुनाव प्रचार अभियानों के सफलतापूर्वक संचालन का अनुभव हासिल किया है। वर्ष 2022 के आखिर में हिमाचल प्रदेश और गुजरात में राज्य चुनावों के दौरान अभियान तथा नवंबर 2023 में मध्य प्रदेश और राजस्थान में भी कई देशों के राजनयिक प्रतिनिधि 'भाजपा को जानो' पहल के तहत गये थे। भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा पार्टी के 43वें स्थापना दिवस पर शुरू की गई पहल के अंतर्गत इन प्रतिनिधियों का दौरा हो रहा है। भाजपा की योजना आम चुनाव के आगामी चरणों के दौरान इसी तरह के प्रतिनिधिमंडल ले जाने की है।

### अभिनेत्री राखी सावंत की अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म अभिनेत्री राखी सावंत की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने राखी सावंत को ट्रायल कोर्ट में चार सप्ताह में समर्पण करने को कहा है। मामला पूर्व पति आदिल दुर्रानी का अश्लील वीडियो लीक करने से जुड़ा है। इससे पहले बांबे हाई कोर्ट ने दो बार राखी को राहत देने से मना किया था। बांबे हाई कोर्ट के फैसले को राखी सावंत ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। आदिल दुर्रानी की शिकायत के आधार पर अंबोली थाने में आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। दुर्रानी ने राखी सावंत पर उन्हें बदनाम करने के लिए कई ऑनलाइन मंचों पर उन दोनों के निजी वीडियो पोस्ट करने का आरोप लगाया है। राखी सावंत ने कहा था कि यह एफआईआर कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

### रामलला का दर्शन कर निहाल हुए 30 देशों के रामभक्त

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान श्रीरामलला का दर्शन करने सोमवार को 30 देशों से 90 विदेशी श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं का नेतृत्व वैश्विक भारत के ब्रांड अंबेस्डर व दिल्ली स्टडी ग्रुप के अध्यक्ष व पूर्व विधायक डॉ. विजय जौली ने किया। सभी श्रद्धालुओं का स्वागत रामनामी अंगवस्त्र देकर व माथे पर चंदन का तिलक लगाकर किया गया। इससे पहले बीती शाम सभी श्रद्धालु सरयू घाट पर आरती में भी शामिल हुए। इस टोली ने हनुमान गढ़ी मंदिर पहुंचकर राम भक्त बजरंगबली का आशीर्वाद भी लिया। वहीं सोमवार को सभी ने श्रीराम मंदिर में बैठकर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। इस दौरान प्रवासी भारतीयों की 400 श्रद्धालुओं की टोली ने भी रामलला के दर्शन किये।

### एयरटेल ने ग्राहकों के लिए पेश किया इंटरनेशनल रोमिंग पैक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल (एयरटेल) ने विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए किफायती अंतरराष्ट्रीय रोमिंग पैक पेश किए हैं। नए पैक में 184 देशों तक पहुंच शामिल है और इनका टैरिफ 133 प्रतिदिन से शुरू होता है, जो इन्हें विदेशों में मिलने वाले लोकल सिम की तुलना में भी काफी किफ़ायती विकल्प प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, इन पैक्स के साथ बेहतर डेटा बेनिफिट्स, उड़ान के दौरान इन-फ्लाइट कनेक्टिविटी और 24×7 कॉन्टैक्ट सेंटर सपोर्ट उपलब्ध होता है। भारती एयरटेल कस्टमर एक्सपीरियंस एंड मार्केटिंग के डायरेक्टर अमित त्रिपाठी ने बताया, एयरटेल में, हमारा मिशन ग्राहकों की समस्याओं को हल करना और अधिक सुविधा प्रदान करना है। हमें किफ़ायती और सरल इंटरनेशनल रोमिंग पैक लॉन्च करते हुए खुशी हो रही है जो दुनिया में कहीं भी यात्रा करने वाले ग्राहकों को बिना किसी रुकावट के रोमिंग सुविधा प्रदान करेंगे। इन सुविधाओं को यथासंभव सुविधाजनक बनाने के लिए, एयरटेल ने यह भी सुनिश्चित किया है कि इन 184 देशों की यात्रा करने वाले ग्राहकों को अब विभिन्न देशों के लिए अलग-अलग पैक लेने की आवश्यकता नहीं है।

### गुवाहाटी लोकसभा सीट के दो उम्मीदवारों के नामांकन रद्द

**गुवाहाटी।** लोकसभा चुनाव में गुवाहाटी लोकसभा सीट के लिए दाखिल 10 उम्मीदवारों में से दो उम्मीदवारों के नामांकन पत्र सोमवार को जांच के बाद रद्द कर दिया गया। अब इस सीट के लिए आठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। जिन दो उम्मीदवारों के नामांकन खारिज हुए हैं उनमें भारतीय राष्ट्रीय जनता पार्टी के नयन दास और निर्दलीय उम्मीदवार अर्पिता चौधरी शामिल हैं। सोमवार को गुवाहाटी लोकसभा सीट के लिए दाखिल उम्मीदवारों के नामांकन पत्र की जांच की गई। जांच के दौरान नामांकन में त्रुटियां पाए जाने पर भारतीय राष्ट्रीय जनता पार्टी के नयन दास और निर्दलीय उम्मीदवार अर्पिता चौधरी के नामांकन पत्र खारिज कर दिए गए।

# जबरन धर्म परिवर्तन के लिए महिला से रेप, ब्लैकमेल करता था मुस्लिम दंपति

एजेंसी

### महिला की शिकायत पर पुलिस ने दंपति समेत सात पर दर्ज की एफआईआर

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेलगावी में धर्म परिवर्तन करने को मजबूर करने के लिए रेप का मामला सामने आया है। 28 साल की एक महिला ने पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई है कि एक मुस्लिम व्यक्ति ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया और उसकी तस्वीरें लीं। इसके बाद इन तस्वीरों को वायरल करने की धमकी देकर उसे इस्लाम कबूल करने के लिए ब्लैकमेल किया।

महिला ने कहा कि दंपती ने उसे बुर्का पहनने और नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। महिला की शिकायत पर पुलिस ने दंपती समेत 7 लोगों पर एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि रफीक और उसकी पत्नी के कहने पर महिला 2023 में उनके घर में रहने आई। तब दोनों ने उससे कहा कि वे जो भी कहेंगे उसे करना होगा। जब तीनों साथ रहते थे, तो पिछले साल रफीक ने अपनी पत्नी के सामने उसका रेप किया। बेलगावी के एसपी भीमाशंकर गुलेदा ने बताया कि इस साल अप्रैल में दंपती ने महिला को बुर्का पहनने, कुमकुम न लगाने और दिन में पांच वक्त की नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया। महिला का कहना है कि दंपती ने उसके लिए जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया और कहा कि वह पिछड़ी जाति से है इसलिए उसे इस्लाम कबूल करना होगा। महिला ने ये भी बताया कि दंपती ने उसे अपने पति को तलाक देने के लिए कहा और धमकी दी कि अगर वह उसकी बात नहीं मानेगी तो वह उसकी तस्वीरें लीक कर देंगे। दंपती ने उसे ये धमकी भी दी कि अगर उसने धर्म परिवर्तन नहीं किया तो उसे जान से मार देंगे।

# मानव के सामूहिक प्रयास से ही बचेगी धरती

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** सोमवार को पूरी दुनिया में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। दरअसल इस दिन को याद करने का मुख्य उद्देश्य यह है, कि पूरी मानवता का पालन हार पृथ्वी की रक्षा के प्रति लोगो को जागरूक किया जा सके। वह भी उस स्थिति में जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्त्तन व ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में है और इसके कई बुरे परिणाम सुनामी, बाढ़, अनावृष्टि, अतिवृष्टि, भयंकर तूफान भूकंप के रूप में भी सामने आ रहे है।

पृथ्वी को बचाने वाली ओजोन परत में छेद होने व उत्तरी ध्रुव पर स्थित ग्लेशियर के पिघलने के बाद वैश्विक स्तर पर पृथ्वी को बचाने की कोशिश तेज कर दी गई है। हालांकि वह प्रयास तब ही सार्थक हो पायेगा।जब पृथ्वी पर रहने वाले हर मानव पृथ्वी को बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयास करे,क्योंकि आज पृथ्वी पर मौजूद जल,जंगल और जमीन के साथ ही पहाड़ और हिम शिखर भी गंभीर चुनौतियो का सामना कर रहा है।

बढती जनसंख्या और धरती पर बढते कंकीट के जंगल के साथ धरती का दोहन कई स्तरो पर बदस्तूर जारी है।ऐसे में जरूरी है,कि धरती को बचाने के लिए सबका सामूहिक प्रयास हो। इसके लिए सबको अपने आसपास पेड़ लगाने की जरूरत है।ताकि पर्यावरण स्वच्छ और संतुलित बना रहे। साथ ही इससे फल के साथ पशुओ के लिए चारा व ईंधन भी प्राप्त हो सके।पृथ्वी को बचाने के लिए पानी का सही इस्तेमाल जरूरी है।क्योंकि पानी की कमी से आज लाखों लोग परेशान हैं। जैसे- ब्रश करते समय टैब को बंद कर देना चाहिए, नहाने के लिए शॉवर के बजाय बाल्टी का इस्तेमाल करें। ऐसे और भी कई छोटे-छोटे प्रयासों से हम पानी की बचत कर सकते हैं।आम तौर पर ऐसा देखा जा रहा है,कि लोग कचरे और प्लास्टिक अवशेष को पानी में डालते है, जबकि ऐसा कदापि नही करना चाहिए। इससे जलस्रोत दूषित होने के साथ ही धरती के अंदर जल का प्रवेश अवरूद्ध हो रहा है। इंटरनेट के युग में भारत ही नही बल्कि पूरी दुनिया में मोबाइल, एलईडी स्क्रीन का प्रचलन बढा है। जिसे वैज्ञानिको ने ग्लोबल वार्मिंग का कारक माना है, ऐसे में सप्ताह में एक दिन मोबाइल और एलईडी स्क्रीन से दूर रहकर उस समय को नदियों या धरती पर मौजूद पेड़ पौधे के संरक्षण में या पुस्तक पढने में गुजारना चाहिए।

### धरती को प्लास्टिक कचरे से बचाने का आवाह्न

**वाराणसी।** विश्व पृथ्वी दिवस पर सोमवार को नमामि गंगे के सदस्यों ने धरती को प्लास्टिक कचरे से बचाने का आवाह्न किया। प्लास्टिक प्रदूषण से पर्यावरण और पृथ्वीवासियों पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नमामि गंगे ने मणिकर्णिकाघाट पर गंगा की तलहटी से प्लास्टिक कचरा निकाला। जहरीले पॉलिथीन को गंगा से निकाल कर कूड़ेदान तक पहुंचाया। इसके बाद ध्वनि विस्तारक यंत्र से प्लास्टिक मुक्त गंगा के लिए लोगों से अपील की। इस दौरान काशी क्षेत्र के संयोजक राजेश शुक्ला ने बताया कि पृथ्वी दिवस 2024 का विषय ग्रह बनाम प्लास्टिक है।